| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8 | 23.4 |
| डालटनगंज | 31.2 | 24.1 |
| धनबाद | 32.8 | 26.6 |

मौसम — तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, सोमवार 11 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 02, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 125 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


### सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने पेश किया नया हलफनामा, शीर्ष अदालत में 12 को होनी है सुनवाई

## ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं किए गए लोगों की लिस्ट छापने के लिए हम बाध्य नहीं

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित मामले में चुनाव आयोग (ईसीआई) ने अदालत को बताया है कि जो तय नियम है उसके तहत वह ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल न किए गए व्यक्तियों की अलग सूची प्रकाशित करने के लिए बाध्य नहीं है. चुनाव आयोग ने आगे कहा कि नियम में यह अनिवार्य नहीं है कि ड्राफ्ट सूची में किसी व्यक्ति को शामिल न करने के कारण बताए जाएं. आयोग ने यह भी कहा कि उसने राजनीतिक दलों को बूथ-स्तर पर उन व्यक्तियों की सूची दी है, जिनके नामांकन प्रपत्र किसी कारण से प्राप्त नहीं हुए, और उनसे उन व्यक्तियों तक पहुंचने में सहयोग मांगा. सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर आयोग की ओर से जवाब दाखिल किया गया है और मामले की सुनवाई 12 अगस्त को होने वाली है.



आयोग ने यह भी बताया कि प्रारूप सूची प्रकाशित होने के बाद, राजनीतिक दलों को ऐसे मतदाताओं के नामों की अपडेट सूची दी गई जो प्रारूप सूची में शामिल नहीं थे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन व्यक्तियों तक पहुंचने का हर प्रयास हो और कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए. आयोग ने कहा कि प्रारूप सूची से गायब व्यक्ति अपनी सम्मिलित होने की मांग के लिए एक घोषणा-पत्र जमा कर सकते हैं. चुनाव आयोग ने यह हलफनामा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा दाखिल एक आवेदन के जवाब में आईं, जिसमें ड्राफ्ट सूची से बाहर किए गए व्यक्तियों की अलग सूची प्रकाशित करने और उनके बहिष्करण के कारण बताने का निर्देश मांगा गया था. ईसीआई ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि ऐसे कदम नियमों में आवश्यक नहीं हैं.

ईसीआई ने यह भी कहा कि उसने राजनीतिक दलों को बूथवार सूची साझा की है जिसमें मृत मतदाता, जिनके नामांकन प्रपत्र नहीं मिले, स्थायी रूप से स्थानांतरित या गुमशुदा मतदाताओं के नाम शामिल हैं, ताकि वे केंद्रित रूप से इनकी जांच कर सकें. यह जानकारी 20 जुलाई को प्रकाशित प्रेस नोट के अनुसार सार्वजनिक की गई थी. इसलिए, ईसीआई ने एडीआर पर दुर्भावनापूर्ण तरीके से आवेदन दाखिल करने का आरोप लगाया. सुप्रीम कोर्ट 12 अगस्त को बिहार एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा.

**सुप्रीम कोर्ट ने मांगा था जवाब :** सुप्रीम कोर्ट ने 6 अगस्त को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची से 65 लाख मतदाताओं के नाम हटाए जाने के आरोपों पर चुनाव आयोग से शनिवार तक जवाब मांगा था. सुप्रीम कोर्ट ने यह भी सवाल किया था कि क्या एक अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची को राजनीतिक दलों के साथ साझा किया गया था या नहीं? सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि शीर्ष अदालत की शक्ति को कम मत आंकिए. हम पर भरोसा रखिए. अगर अदालत याचियों की दलीलों से सहमत होती है और कोई अवैधता पाई जाती है, तो यह अदालत सब कुछ तुरंत रद्द कर देगी.

#### ड्राफ्ट सूची प्रकाशित होने के बाद एडीआर का सवाल

एडीआर का आवेदन 1 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद दायर किया गया था, जिसमें बताया गया था कि बिहार में लगभग 65 लाख मतदाताओं को बाहर रखा गया है. इसमें ईसीआई को निर्देश देने की मांग की गई थी कि 65 लाख मतदाताओं, जिनके नामांकन प्रपत्र जमा नहीं किए गए, के नाम और विवरण (जैसे मृत्यु, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट, गुम आदि) विधानसभा क्षेत्र और बूथवार सूची के रूप में कारणों सहित प्रकाशित करे. एक अगस्त को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में शामिल उन मतदाताओं की विधानसभा और बूथवार सूची प्रकाशित करे, जिनके नामांकन प्रपत्र बीएलओ द्वारा "अनुशंसित नहीं" के रूप में चिह्नित किए गए थे. 6 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई को इस आवेदन पर जवाब दाखिल करने को कहा था.

#### चुनाव आयोग का जवाब

ईसीआई ने 1960 के मतदाताओं के पंजीकरण नियमों के नियम 10 और 11 का हवाला देते हुए कहा कि लीगल प्रावधान आयोग को प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची से बाहर रखे गए लोगों की अलग सूची तैयार या साझा करने या बहिष्करण के कारण प्रकाशित करने के लिए बाध्य नहीं करता. चूंकि न तो कानून और न ही दिशा-निर्देश किसी ऐसी सूची की तैयारी या साझा करने का प्रावधान करते हैं, जिसमें उन पूर्व मतदाताओं के नाम हों जिनके नामांकन प्रपत्र किसी कारणवश प्राप्त नहीं हुए, इसलिए याचिका के माध्यम से इसे अधिकारपूर्वक नहीं मांगा जा सकता. जो व्यक्ति एक अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में नहीं हैं, वे दावा और आपत्ति की अवधि (01.08.2025 से 01.09.2025) के दौरान एसआईआर आदेश के एंट्री-डी में निहित घोषणा के साथ प्रपत्र 6 में आवेदन देकर सम्मिलित होने का दावा कर सकते हैं. जब कोई व्यक्ति ऐसा प्रपत्र देता है, तो इसका अर्थ है कि वह न तो मृत है, न स्थानांतरित हुआ है, और न ही गुम है. इसलिए, ईसीआई ने तर्क दिया कि नामों के साथ बहिष्करण के कारण बताने का कोई व्यावहारिक उद्देश्य नहीं है, क्योंकि मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित या गुम इन तीनों श्रेणियों में प्रक्रिया समान है. याचिकाकर्ता का यह दावा कि बिना कारण बताए बाहर किए गए व्यक्ति उचित राहत नहीं पा सकते, गलत, भ्रामक और अस्थिर है.

---

## ब्रीफ न्यूज

### चीन के टॉप डिप्लोमैट लियू हिरासत में

**बीजिंग।** चीन के सियासी गलियारों में हलचल तेज है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, वरिष्ठ राजनयिक लियू जियानचाओ को एक विदेशी दौरे से लौटने के बाद पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया है. यह कार्रवाई उस वक्त हुई है, जब वो हाल के वर्षों में चीन की विदेश नीति के सबसे सक्रिय चेहरों में से एक बन चुके थे. लियू जियानचाओ को देश के संभावित विदेश मंत्री के तौर पर देखा जा रहा था. 61 वर्षीय लियू को विदेशी दौरे से लौटने के बाद हिरासत में लिया गया.

### नीतीश के बेटे निशांत की राजनीति में एंट्री!

**पटना।** बिहार में चुनाव से पहले सीएम नीतीश के बेटे निशांत कुमार की राजनीति एंट्री पर कई पोस्टर पटना में लगे हैं. एंट्री कब होगी ये बड़ा सवाल भी रहा है? लेकिन अब एक नया पोस्टर राजनीतिक रूप से लगाया गया है, जिसमें निशांत के संवाद की बात कही गई है. पोस्टर में कहा गया है मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं पर निशांत के साथ कार्यक्रम होगा, इसमें नीतीश और निशांत की फोटो लगाई गई है. इस पोस्टर में दम कितना है, यही बड़ा सवाल है, लेकिन जदयू के पोस्टर ने हलचल मचा दी है.

### इटली के राजदूत टालो ने बताई भारत की अहमियत

**नयी दिल्ली।** भारत को यूरोप से जोड़ने वाले आईएमईसी प्रोजेक्ट के लिए भारत बेहद अहम है. भारत में इटली के राजदूत फ्रांसेस्को टालो का ये कहना है. टालो ने कहा कि भारत एक बड़ा बाजार और उत्पादक देश है. साथ ही उन्होंने कहा कि आईएमईसी प्रोजेक्ट व्यापार, ऊर्जा और डाटा कनेक्टिविटी के बारे में है और इन तीनों ही सेक्टर में भारत प्रमुख खिलाड़ी है. भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा, भारत, सऊदी अरब और यूरोप को एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और शिपिंग नेटवर्क से जोड़ेगा. (**पेज 11 भी देखें**)

---

### पीएम नरेंद्र मोदी बोले : दुनिया ने देखा है नए भारत का चेहरा

## हम सबसे तेज इकोनॉमी

**एजेंसियां। बेंगलुरु**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बेंगलुरु पहुंचे और शहर की कनेक्टिविटी को नया रूप देने के लिए कई बड़े ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ किया. उन्होंने भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने इस शहर को 3 नई वंदे भारत ट्रेनों की सौदात दी, तो वहीं बेंगलुरु की नम्मा मेट्रो की येलो लाइन का उद्घाटन भी किया. इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जहां बेंगलुरु को नए भारत के उदय का प्रतीक बताया, तो वहीं देश की इकोनॉमी पर भी बात की और ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि, पूरी दुनिया ने अब भारत के नए चेहरे को देखा है.'

**ऑपरेशन सिंदूर में दिखी भारत की ताकत:** बेंगलुरु में तमाम परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद पीएम मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए ऑरपेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बात की और कहा कि इसके पीछे बहुत अहम रोल हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत का रहा है. इसमें बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं का बड़ा योगदान है. प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि भारत को जल्द ही मेड इन इंडिया चिप भी मिलने जा रही है.

पीएम मोदी के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पहली बार बेंगलुरु आया. ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय सेना की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर तक आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की हमारी क्षमता देखी, आतंकवाद के बचाव में आए पाकिस्तान को चंद घंटों में घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा और पूरी दुनिया ने इस नए भारत का चेहरा देखा.

**रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म :** भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में बताते हुए उन्होंने इसे ताकत देने वाले कारकों का जिक्र भी किया और कहा कि इकोनॉमी में यह रफ्तार हमें रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना से मिली है. इसके साथ ही इसमें साफ इरादे और ईमानदार प्रयासों का बड़ा रोल है. उन्होंने आंकड़े गिनाते हुए बताया कि 2014 में, मेट्रो सिर्फ 5 शहरों तक सीमित थी, लेकिन अब 24 शहरों में 1,000 किलोमीटर से ज्यादा का मेट्रो रेल नेटवर्क है.

मोदी ने आगे कहा कि 2014 से पहले लगभग 20,000 किमी रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया था, लेकिन हमने पिछले 11 साल में ही 40,000 किमी से ज्यादा रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया है. इसके अलावा 2014 तक, भारत में महज 74 हवाई अड्डे थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 160 से अधिक हो गई है. प्रधानमंत्री ने कहा कि जलमार्गों के आंकड़े भी उतने ही प्रभावशाली हैं, क्योंकि 2014 में सिर्फ 3 राष्ट्रीय जलमार्ग चालू थे और अब इनती संख्या भी बढ़कर 30 हो चुकी है.



#### हम टॉप-3 इकोनॉमी बनने की ओर

भारतीय तकनीक और डिफेंस सेक्टर में 'मेक इन इंडिया' की ताकत का जिक्र करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर भी बड़ी बात कही. उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत सबसे तेजी के साथ आगे बढ़ती हुई इकोनॉमी है और बीते 11 साल में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिली है. पीएम मोदी ने कहा कि 11 साल पहले हमारी इकोनॉमी दुनिया में 10वें नंबर पर थी, लेकिन अब हम पांचवे पायदान पर पहुंच चुके हैं और हम बहुत तेजी से दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर आगे बढ़ रहे हैं.

## ट्रंप का नाम लिए बिना राजनाथ ने कसा तंज, सबके बॉस तो हम हैं

**एजेंसियां। भोपाल**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के उमरिया गांव में औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में रेल कोच इकाई का भूमिपूजन किया. इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने बिना नाम लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला बोला. राजनाथ ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जो भारत के विकास की रफ्तार से खुश नहीं हैं. उन्हें यह अच्छा नहीं लग रहा. सबके बॉस तो हम हैं. भारत इतनी तेजी से कैसे आगे बढ़ रहा है? कई लोग कोशिश कर रहे हैं कि भारत में, भारतीयों के हाथों से बनी चीजें उन



देशों में बनी चीजों से ज्यादा महंगी हो जाएं, ताकि जब ये चीजें महंगी हो जाएं तो दुनिया इन्हें न खरीदे. यह प्रयास किया जा रहा है. लेकिन, भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं, अब दुनिया की कोई ताकत भारत को विश्व की एक बड़ी ताकत बनने से नहीं रोक सकती. राजनाथ सिंह ने कहा- आतंकवादी आए और लोगों को उनका धर्म पूछकर मार डाला. हमने भी तय किया कि हम किसी को धर्म पूछकर नहीं मारेंगे, बल्कि उनके कर्म देखकर मारेंगे. हमने ऐसा ही किया किया. जब रावण ने सीता जी का अपहरण किया, वह लंका में थीं. जब हनुमान जी वहां पहुंचे तो उन्होंने लंका में हाहाकार मचा दिया. जब वे सीता जी के पास पहुंचे तो सीता जी ने बहुत विनम्रता से कहा, अरे हनुमान! यह तुमने क्या कर दिया? लंका में इतना हंगामा क्यों मचाया? इतने लोगों को क्यों मार डाला?' तब हनुमान जी बहुत विनम्र होकर, हाथ जोड़कर बोले, अरे माता, जिन मोहि मारा, तिन मैं मारे. जिन्होंने हमारे लोगों को मारा, हमने भी उन्हें ही मारा.

---

### चुनाव आयोग से आर-पार करने के मूड में हैं राहुल गांधी

## वोट चोरी की शिकायत के लिए वेबसाइट, मिस्ड कॉल नंबर

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के खिलाफ एक मुहिम छेड़ दी है. इसके लिए उन्होंने वेबसाइट लॉन्च की है. लोगों से चुनाव में चल रही कथित गड़बड़ी के खिलाफ कैंपेन में शामिल होने की अपील की है. उन्होंने एक्स पर कहा, वोट चोरी 'एक व्यक्ति, एक वोट' के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है. स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी वोटर लिस्ट अनिवार्य है. चुनाव आयोग से हमारी मांग साफ है - पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल वोटर लिस्ट दें, ताकि जनता और दल उसका खुद ऑडिट कर सकें. आप भी साथ जुड़कर इस मांग का समर्थन करें - http://votechori. in/ecdem and पर जाएं या 9650003420 पर मिस्ड कॉल दें.

राहुल ने कहा, ये लड़ाई लोकतंत्र की रक्षा की है. राहुल के पोस्ट के बाद लोग उन्हें समर्थन देने की बात कह रहे हैं. कमेंट बॉक्स में कई लोगों ने अपना समर्थन का सर्टिफिकेट भी शेयर किया है. एक शख्स ने लिखा, मैं प्रतीक पाटिल #VoteChori के खिलाफ हूं. मैं चुनाव आयोग से डिजिटल मतदाता सूची की राहुल की मांग का समर्थन करता हूं.



**राहुल के नेतृत्व में आज इंडिया ब्लॉक का संसद से चुनाव आयोग तक मार्च:** इंडिया गठबंधन के नेता सोमवार को संसद भवन से चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च निकालेंगे. विपक्षी सांसद, राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के नेताओं के नेतृत्व में संसद परिसर से चुनाव आयोग कार्यालय तक एक किमी का यह मार्च निकालेंगे. विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग के साथ बैठक के लिए पहले ही समय मांगा है. विपक्ष का कहना है कि यह मार्च लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर किया जा रहा है.

#### भाजपा ने भी खोला मोर्चा

भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने शेयर किया है और आयोग की ही तर्ज पर उन्होंने राहुल से डिक्लेरेशन दाखिल करने की अपील की है. मालवीय ने एक्स पोस्ट में लिखा, अगर राहुल गांधी अपनी विश्वसनीयता को महत्व देते हैं, तो उन्हें घोषणा/शपथ के तहत उन अयोग्य वोटरों के नाम प्रस्तुत करने होंगे जिनके बारे में उनका दावा है कि वे मतदाता सूची में हैं, जैसा कि मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 20(3)(बी) के तहत अनिवार्य है. अमित ने कहा, ऐसा न करने पर यह स्पष्ट हो जाएगा कि उनके पास ठोस आधार नहीं और वे केवल नाटक कर रहे हैं- जिसका उद्देश्य जनता के मन में संदेह पैदा करना करना था.

### कुपवाड़ा:आतंकी ठिकाना ध्वस्त, रॉकेट लॉन्चर और एके-47 भी मिले

**श्रीनगर।** भारतीय सेना की 2 राजपूत इकाई ने रविवार को हंदवाड़ा पुलिस के साथ मिलकर हफरुदा के पास द्रुद के घने जंगल में तलाशी अभियान चलाया. सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ठिकाने का पता लगाया और रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड लॉन्चर, एके-47, पिस्तौल की गोलियों के साथ विभिन्न सामग्री बरामद की. इस अभियान ने क्षेत्र में शांति भंग करने के प्रयासों को विफल कर दिया. इसका श्रेय आतंकी गतिविधियों का मुकाबला करने में सुरक्षा बलों के अथक प्रयासों को दिया. इस अभियान में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस ने क्षेत्र की सुरक्षा और इसके निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने संकल्प की पुष्टि की है.

### तेजस्वी यादव का दावा, ऑनलाइन दिखाए सबूत

## डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के दो वोटर कार्ड, उम्र भी अलग-अलग

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार में राजद नेता तेजस्वी यादव ने एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं. रविवार को उन्होंने दावा किया, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का नाम दो अलग-अलग जगहों पर ड्राफ्ट सूची में दर्ज है.उनके पास दो अलग-अलग इपिक कार्ड भी हैं. हालांकि, सिन्हा ने सफाई में कहा, उन्होंने 5 अगस्त को पटना से नाम हटवाने के लिए बीएलओ को आवेदन दिया है.

तेजस्वी ने सिन्हा के दोनों वोटर आईडी कार्ड का डिटेल मीडिया को दिखाया. तेजस्वी ने कहा कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में विजय सिन्हा का नाम पटना और लखीसराय, दोनों जगहों पर शामिल है. यही नहीं, दोनों वोटर आईडी कार्ड पर अलग-अलग ईपिक नंबर और उम्र दर्ज है. दरअसल, राज्य में मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल खड़े हो रहे हैं. इस बीच, अब डिप्टी सीएम का नाम भी दो अलग-अलग जगहों पर होने के दावे से एसआईआर प्रक्रिया की पारदर्शिता पर चर्चा तेज हो गई है. गौरतलब है कि तेजस्वी यादव खुद भी दो ईपिक कार्ड रखने के आरोपों को लेकर पहले से विवादों में घिरे हुए हैं. ऐसे में इस नए आरोप ने बिहार की सियासत में गरमी बढ़ा दी है.

---

### ऑपरेशन सिंदूर पर सेना प्रमुख ने दी जानकारी : पहलगाम हमले के अगले दिन ही बोले थे रक्षा मंत्री

## बस बहुत हुआ... अब सेना को बदला लेने के लिए देते हैं फ्री हैंड

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों को खुली छूट दी गई थी. सेना को फ्री हैंड दिया गया था कि जो करना है, आप तय करें. आर्मी चीफ का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राजनीतिक दिशा और स्पष्टता का ऐसा उदाहरण रहा, जो हमने पहली बार देखा. जनरल उपेंद्र द्विवेदी आईआईटी मद्रास में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.

जनरल द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, उसने पूरे देश को झकझोर दिया था. बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी.जनरल द्विवेदी ने कहा, 23 अप्रैल को, अगले ही दिन, हम सब बैठे. रक्षा



मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पहली बार कहा कि अब बहुत हो गया. तीनों सेना प्रमुख इस बात पर एकमत थे कि कुछ किया जाना चाहिए. हमें फ्री हैंड दिया गया कि जो करना है, आप तय करें. यह राजनीतिक दिशा और स्पष्टता का ऐसा उदाहरण था, जो हमने पहली बार देखा. सेना अध्यक्ष ने बताया, 25 अप्रैल को हम उत्तरी कमान गए. वहीं पर हमने सोचा, योजना बनाई, अवधारणा तैयार की और उसे अमल में लाए. हमने नौ में से सात ठिकाने तबाह किए और बड़ी संख्या में आतंकियों का सफाया हुआ. 29 अप्रैल को पहली बार प्रधानमंत्री से मुलाकात हुई.

**आसिम मुनीर पर जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कसा तंज :** जनरल द्विवेदी ने इस दौरान पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख असीम मुनीर पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि युद्ध में नैरेटिव मैनेजमेंट की अहम भूमिका होती है. अगर आप किसी पाकिस्तानी से पूछें कि आप हारे या जीते, तो वह कहेगा कि उनके आर्मी चीफ असीम मुनीर, को फील्ड मार्शल बनाया गया है. पाकिस्तानी का विचार होगा कि अवश्य जीते होंगे, तभी तो असीम मुनीर फील्ड मार्शल बनाया गया है.

#### हम एक तरह से शतरंज खेल रहे थे

जनरल द्विवेदी ने आगे कहा, ऑपरेशन सिंदूर में हम एक तरह का शतरंज खेल रहे थे. हमें पता नहीं था कि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हमारी अगली चाल क्या होगी. इसे ग्रे जोन कहते हैं. इसका मतलब है कि हम पारंपरिक युद्ध नहीं कर रहे थे, बल्कि उससे ठीक पहले वाली रणनीति अपना रहे थे. हम चाल चलते थे, दुश्मन भी चाल चलता था. कहीं हम उसे चेकमेट कर रहे थे, तो कहीं जान जोखिम में डालकर वार कर रहे थे—और जिंदगी इसी का नाम है.

#### ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के 6 विमान किए गए थे ढेर

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार करते हुए उसके छह विमान मार गिराए थे. साथ ही कई एयरबेस भी तबाह किए गए. भारत ने पाकिस्तान के जिन विमानों को मार गिराया उनमें 5 पाकिस्तानी लड़ाकू विमान शामिल थे. इसके अलावा एक इंटेलिजेंस कलेक्ट करने वाला विमान भी भारतीय सेना ने ढेर किया है. यह तथ्य शनिवार को भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने उजागर किया है.

---

### रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी ने कोर्ट में दायर की चार्जशीट, कहा

## 58 करोड़ की अवैध कमाई की

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

ईडी ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दायर चार्जशीट में दावा किया है कि उन्होंने 58 करोड़ रुपए की अपराध से कमाई हासिल की. यह रकम दो कंपनियों के जरिए आई. इस धन का इस्तेमाल वाड्रा ने संपत्तियां खरीदने, निवेश करने और अपनी कंपनियों के कर्ज चुकाने में किया.

ईडी के मुताबिक, आरोपित 58 करोड़ रुपये में से 5 करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्रा. लि. (बीबीटीपीएल) के जरिए और 53 करोड़ रुपये स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएचपीएच) के जरिए आए. दोनों कंपनियां वाड्रा के कारोबारी नेटवर्क से जुड़ी बताई गई हैं. जांच एजेंसी ने कहा कि यह रकम शेड्यूल अपराध से उत्पन्न हुई थी, यानी उस स्रोत से जो पहले से अपराध घोषित है.

**आगे की कानूनी प्रक्रिया:** ईडी ने चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी है, और अब इस पर सुनवाई होगी. अगर अदालत आरोप तय करती है, तो वाड्रा को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत सजा का सामना करना पड़ सकता है. फिलहाल वाड्रा ने इन आरोपों पर सार्वजनिक रूप से कोई विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं दी है.

#### धन के इस्तेमाल पर ईडी का दावा

चार्जशीट में कहा गया है कि वाड्रा ने इस रकम का उपयोग कई तरह से किया. इनमें अचल संपत्ति की खरीद, अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश, कंपनियों को लोन देने और समूह की कंपनियों के बकाया चुकाने जैसी गतिविधियां शामिल हैं. ईडी का कहना है कि ये सभी गतिविधियां कथित तौर पर अवैध कमाई से की गईं, जो मनी लॉन्ड्रिंग के तहत अपराध मानी जाती हैं.

#### ईडी ने जांच में कैसे जुटाए सबूत

अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान बैंक लेन-देन, कंपनी रिकॉर्ड और गवाहों के बयान के आधार पर यह वित्तीय प्रवाह ट्रैक किया गया. ईडी ने यह भी बताया कि जिन कंपनियों के जरिए धन आया, उनका संचालन वाड्रा के नजदीकी सहयोगियों के हाथों में था. एजेंसी का कहना है कि इन चैनलों का उपयोग रकम को कानूनी स्वरूप देने के लिए किया गया.







# 50 साल के हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन...

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का रविवार को 50वां जन्मदिन है. इस बार सीएम ने अपना जन्मदिन नहीं मनाया क्योंकि उनके पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन 4 अगस्त को हुआ था, और इन दिनों उनका श्राद्ध कर्म चल रहा है. ऐसे समय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गहरे शोक में हैं. हेमंत सोरेन का जीवन संघर्ष, राजनीतिक उतार-चढ़ाव और उपलब्धियों की मिसाल रहा है. उनका जन्म 10 अगस्त 1975 को रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में हुआ था. बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हेमंत इंजीनियर बनने का सपना देखते थे. उन्होंने रांची के प्रतिष्ठित बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा में प्रवेश भी लिया, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों और बदलती राजनीतिक परिस्थितियों ने उनका रास्ता बदल दिया. उन्होंने पढ़ाई छोड़ कर संगठन को मजबूत करने का बीड़ा उठाया और बड़े भाई दुर्गा सोरेन के साथ सक्रिय राजनीति में उतर आए.

2005 में उन्होंने दुमका से अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा. लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और संगठनात्मक मजबूती के साथ कार्य करते रहे. 2009 में दुमका सीट से जीत दर्ज की और 2010 में राज्य के उपमुख्यमंत्री बने. 13 जुलाई 2013 को उन्होंने पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. यह सरकार झामुमो, कांग्रेस और राजद के समर्थन से बनी थी और उनका कार्यकाल 23 दिसंबर 2014 तक चला. 2014 में वे दुमका और बरहेट दोनों सीटों से चुनाव लड़े दुमका में हार मिले, लेकिन बरहेट से विजयी हुए. इसके बाद वे विपक्ष के नेता के रूप में पांच वर्षों तक सक्रिय राजनीति में डटे रहे.

## इस बार नहीं मनाया बर्थडे



### पीएम समेत देशभर के नेताओं ने दी शुभकामनाएं

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम राजनेताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकानाएं दी है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मैं हेमंत सोरेन की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं. झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी. मरांडी ने सोशल



मीडिया एक्स पर लिखा, बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करता हूं. इसके अलावा भी देश भर के तमाम नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन पर बधाइयां दी हैं.

2009 में बड़े भाई दुर्गा सोरेन के निधन और पिता शिबू सोरेन की बढ़ती उम्र के साथ हेमंत सोरेन पर झामुमो की पूरी जिम्मेदारी आ गई. उन्होंने इसे पूरी निष्ठा और दृढ़ता से निभाया. मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं और झारखंड की जनता के मुद्दों पर मुखर होकर काम किया. अब जब वे 50 वर्ष के हो गए हैं, उनका जन्मदिन ऐसे समय आया है जब वे अपने पिता के निधन के शोक में हैं. एक पुत्र के रूप में वे अपने पिता की राजनीतिक और सामाजिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं और राज्य की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं.

## हेमंत ने की भावुक पोस्ट...बाबा बहुत याद आ रहे

आज बाबा बहुत याद आ रहे हैं. मुझे जीवन देने वाले मेरे जीवनदाता, मेरी जीवन की जड़ें जिनसे जुड़ी हैं, वही मेरे साथ नहीं हैं. बहुत कष्टकारी क्षण है यह. जिनकी मजबूत उंगलियों ने बचपन में मेरे कदमों को थामा, जिनके संघर्ष और लोगों के प्रति जिनके निश्चल प्रेम ने मुझे संवेदनशीलता के साथ जीना सिखाया, हर कठिनाई को सहजता से अवसर में बदलना सिखाया और जब भी राह में अंधेरा हुआ, दीपक बनकर मुझे आगे बढ़ने का रस्ता दिखाया, वह बाबा दिशोम गुरुजी प्रकृति का अंश बनकर सर्वत्र हो गए हैं. आज बाबा भले ही सशरीर साथ नहीं हैं, लेकिन मुझे विश्वास है कि वे सूरज की हर रोशनी में हैं, हर पेड़ की छाया में हैं, हर बहती हवा में हैं, हर नदी की धार में हैं, हर उस अग्नि की लौ में हैं, जिसमें उन्होंने मुझे सत्य, संघर्ष, कभी न झुककर - निडर होकर जन-जन की सेवा करने की शिक्षा दी. मेरे बाबा के आदर्श, विचार और शिक्षा की सीख मेरे लिए सिर्फ पुत्र धर्म नहीं, सामाजिक दायित्व भी है. उन्होंने मुझे अपने लोगों से जुड़ना सिखाया, मुझे बताया कि नेतृत्व का अर्थ शासन नहीं, सेवा होता है. आज जब मैं अपने राज्य की जिम्मेदारी उठाता हूं, तो उनकी बातें, उनकी आंखों का विश्वास, उनकी मेहनत और संघर्ष से सना हुआ चेहरा, लोगों की पीड़ा खत्म करने वाला दृढ़विश्वासी मन, शोषितों-वंचितों और आदिवासी अस्मिता को मुख्यधारा में लाने का संकल्प, मुझे हर निर्णय में मार्गदर्शन देता है. बाबा अब प्रकृति में हैं. अब इस मिट्टी में हैं, हवा में हैं, जंगलों में हैं, नदियों में हैं, पहाड़ों में हैं, गीतों में हैं - उन अनगिनत लोककथाओं की तरह, जो हमेशा अजर-अमर रहती हैं. बाबा मुझे गर्व है कि मैं आपकी संतान हूं, मुझे मान है कि मैं वीर योद्धा दिशोम गुरुजी का अंश हूं.

वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें!

वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद!

जय झारखण्ड!

### सीएम से मिले उलेमा, कहा-

## गुरुजी पूरे झारखंड के पिता समान थे



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने शनिवार शाम को रांची के उलेमा, बुद्धिजीवी, समाजसेवी और आंदोलनकारियों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल नेमरा पहुंचा. सबने गुरुजी शिबू सोरेन के निधन पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि पूरा झारखंड शोक में है. प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि गुरुजी सिर्फ आपके पिता नहीं थे, बल्कि पूरे झारखंड राज्य के पिता थे. हम सब आपको दूसरा गुरुजी देखना चाहते हैं. उन्होंने याद किया कि शिबू सोरेन ने न सिर्फ आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, बल्कि हर वर्ग और कमजोर तबके की आवाज भी बुलंद की. उलेमाओ ने सांत्वना देते हुए कहा कि राज्य के विकास में मुस्लिम समाज का योगदान पहले भी था और आगे भी रहेगा. उन्होंने भरोसा जताया कि हेमंत सोरेन अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए, राज्य को सांप्रदायिक ताकतों से बचाए रखेंगे और शांति-सौहार्द का माहौल बनाए रखेंगे.

यह मुलाकात शाह रेसिडेंसी, कलाल टोली कर्बला चौक में आयोजित गुरुजी की शोक सभा में लिए गए निर्णय के तहत हुई. मौलाना डॉक्टर ओबैदुल्लाह कासमी और शाह उमैर के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को स्मृति सह सम्मान पत्र भी भेंट किया. मुख्यमंत्री से मिलने के बाद प्रतिनिधिमंडल, रामगढ़ में मॉब लिंचिंग के शिकार आफताब अंसारी के घर भी गया. वहां उन्होंने परिवार से मिलकर, उन्हें आर्थिक मदद दी और दुख की घड़ी में साथ खड़े होने का भरोसा दिलाया. मौके पर मौलाना डॉक्टर ओबैदुल्लाह कासमी, शाह उमैर, काजी उजैर, मौलाना अब्दुल कय्यूम, कारी अंसार, मौलाना अबुल कलाम, मौलाना अब्दुल जब्बार, मौलाना शफीक अलियावी, मौलाना रिजवान, कारी खुर्शीद, मौलाना नैयर इकबाल, हाफिज जुबैर, कारी अब्दुल हफीज, मौलाना अनिसुर रहमान, कारी मुजफ्फर, मुफ्ती नसीरुद्दीन, कारी जान मोहम्मद समेत अन्य शामिल थे.

## आज नेमरा आएंगे भीम आर्मी के सांसद चंद्रशेखर आजाद

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे

**रांची।** आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भीम आर्मी के सह-संस्थापक और नगीना (उत्तर प्रदेश) से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद सोमवार को झारखंड दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंच कर झारखंड आंदोलन के प्रणेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. सूचना के अनुसार, चंद्रशेखर आज़ाद सुबह 9:45 बजे रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे. वहां से वे सीधे रामगढ़ जिले के नेमरा ग्राम रवाना होंगे, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पैतृक गांव है. नेमरा में वे दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देंगे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात करेंगे. इसके बाद दोपहर



2:00 बजे वे नेमरा से रांची सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे, जहाँ वे शाम 5:00 बजे तक ठहरेंगे. शाम 5:30 बजे वे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे. सांसद चंद्रशेखर आज़ाद का यह दौरा सामाजिक न्याय, आदिवासी सम्मान और जन आंदोलन के साझा मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक माना जा रहा है. ये जानकारी काशिफ रज़ा, प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड, आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने दी है.

### अलग-अलग विभागों पर चला वित्त विभाग का चाबुक

## 11,800 करोड़ की मांग पर सिर्फ 3,000 करोड़ को दी मंजूरी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में वित्त विभाग का चाबुक कई विभागों पर चल रहा है. पहले अनुपूरक बजट के लिए एक दर्जन से अधिक विभागों से मांगी गई राशि में भारी कटौती कर दी गई है. इनमें से ग्रामीण विकास विभाग और वन विभाग भी शामिल है. वहीं वित्त विभाग ने श्रम विभाग की मांग को पूरी तरह नकार दिया है. पेयजल कृषि सहकारिता और नगर विकास विभाग की अनुपूरक राशि की मांग को जायज ठहराया गया है. अलग अलग विभागों ने कुल 11 हजार 800 करोड़ की मांग की थी लेकिन वित्त विभाग ने सिर्फ 3 हजार करोड़ की मंजूरी दी है. अगस्त के आखिरी सप्ताह में संभवत होने वाली विधानसभा सत्र में इसे स्वीकृति मिलने कि संभावना है. गौरतलब है कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए कुल बजट आकार 1. 45 लाख करोड़ का है. इसमें योजना बजट 91741.53 करोड़ का है. झारखंड का अपना राजस्व सीमित है. खजाने में भी कोई बड़ी राशि नहीं है. झारखंड काफी हद तक केंद्रीय सहायता अनुदान और केंद्रीय करों में हिस्सेदारी जीएसटी क्षतिपूर्ति और अन्य केंद्रीय योजनाओं पर निर्भर है. वहीं ग्रामीण विकास पर खर्च लागतार बढ़ रहा है लेकिन राजस्व वसूली धीमी रहने के कारण इस राशि की कटौती की बात की जा रही है. ग्रामीण विकास विभाग की राशि की कटौती के कारण अबुआ आवास,ग्रामीण सड़क मरम्मत और कई काम प्रभावित हो सकते हैं.

### चंपाई सोरेन की सरकार को खुली चुनौती

## 24 को रिम्स-2 की जमीन पर चलाएंगे हल

शुभम संदेश। रांची

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग को खुली चुनौती दी है. उन्होंने ऐलान किया है कि रिंम्स टू की जमीन पर 24 अगस्त को वो हल चलाएंगे अगर किसी में हिम्मत है तो रोक कर दिखा ले. दरअसल विश्व आदिवासी दिवस पर गमहरिया स्थित रामचंद्रपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि चंपाई सभा को संबोधित कर रहे थे उसी दौरान उन्होंने इसका ऐलान किया. उन्होंने कहा ब्रिटिश हुकुमत से अलग झारखंड राज्य की



लड़ाई में हमारे जैसे सैकड़ों लोगों ने कुर्बानियां दी. दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने महाजनी प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी. आज महाजन तो नहीं रहे लेकिन उनकी जगह बिल्डरों ने ले ली. उन्होंने कहा कि अगर नये रिम्स की आवश्यकता है तो किसी और जगह उसे बनाया जाए. आदिवासियों से उनकी खेतीहर जमीन ना छीनी जाए.

### एसोसिएशन के संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप, जेएससीए की वार्षिक आमसभा में बड़ा एक्शन

## रणजीत सिंह व उनके भाई संतोष सिंह की सदस्यता समाप्त

### एसबी सिंह के खिलाफ जांच समिति



शुभम संदेश। रांची

झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) की वार्षिक आमसभा (एजीएम) रविवार को जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम परिसर में आयोजित की गई. इसमें कई अहम निर्णय लिए गए, जिनमें सबसे बड़ा फैसला रणजीत सिंह और उनके भाई संतोष सिंह की आजीवन सदस्यता समाप्त करने का रहा. दोनों पर संघ के संसाधनों के दुरुपयोग का गंभीर आरोप था. ऐसे में सदस्यों ने ध्वनि मत से दोनों की आजीवन सदस्यता समाप्त करते हुए एसोसिएशन से निष्कासन के फैसले को पारित कर दिया.

रणजीत सिंह और संतोष सिंह पर यह आरोप था कि उन्होंने जेएससीए की सुविधाओं और संसाधनों का प्रयोग अपने निजी व्यापारिक संस्था के हित में किया. इस मामले में शनिवार को आयोजित कमिटी ऑफ मैनेजमेंट (सीओएम) की बैठक में दोनों को संघ से बाहर करने की सिफारिश की गई थी, जिसे एजीएम ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी.

बैठक के दौरान जेएससीए के पूर्व क्यूरेटर एसबी सिंह पर अनुशासनहीनता का मामला भी उठा. कई आम सदस्यों ने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उनके आचरण की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित की जाएगी. समिति जल्द ही अपना कार्य प्रारंभ करेगी और जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी.

### चयन समितियों का पुनर्गठन

एजीएम में पुरुष सीनियर, जूनियर और महिला क्रिकेट टीमों के लिए नई चयन समितियों की भी घोषणा की गई. यह समितियां आगामी सत्र के लिए टीम चयन का कार्य करेंगी.

- सीनियर चयन समिति : चेयरमैन : मनीष वर्धन, सदस्य : मनोज यादव, सुब्रतो घोष, अजय यादव
- जूनियर चयन समिति : चेयरमैन : राहुल शुक्ला, सदस्य : संजीव गुप्ता, सन्नी दास, राजेश झा
- महिला चयन समिति :चेयरवूमेन : कविता राय, सदस्य : चरणजीत कौर, मनोज सिंह, बालाशंकर झा

**ओम्बुड्समैन व एथिक्स अफसर की नियुक्ति :** सत्र 2025-26 के लिए जेएससीए ने न्यायमूर्ति अजय कुमार बिष्ट को ओम्बुड्समैन सह एथिक्स अफसर नियुक्त किया है. वे संघ में नैतिकता, अनुशासन और विवाद निपटान की निगरानी करेंगे.

**एसोसिएशन की छवि को बचाने की कोशिश :** जेएससीए के इन फैसलों को संगठन की स्वच्छ छवि और पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है. संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या निजी हित के लिए संसाधनों का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### सर्वधर्म प्रार्थना सभा में याद किए गए दिशाम गुरु

## धर्मगुरुओं ने शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की



शुभम संदेश। रांची

रांची के कांग्रेस भवन में रविवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक संरक्षक रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी. रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी. दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. धर्म गुरुओं ने सामूहिक प्रार्थना कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

**गुरुजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर हुई परिचर्चा :** गुरुजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर परिचर्चा में इतिहासकार डॉ. इलियास मजीद ने दिवंगत शिबू सोरेन की जीवनी पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने शिबू सोरेन के व्यक्तित्व, उनके संघर्षों और झारखंड निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान की सराहना की. वक्ताओं ने उन्हें एक दूरदर्शी नेता, गरीबों और आदिवासियों के मसीहा और झारखंड के जननायक के रूप में याद किया.

### शिबू सोरेन का निधन अपूरणीय क्षति : डॉ राकेश किरण महतो

कार्यक्रम के अंत में इलेक्ट्रॉनिक पर्दे पर राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग का वोट चोरी का खुलासा से संबंधित वीडियो प्रसारित किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि शिबू सोरेन का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है. उनका जीवन और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा. उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास के लिए उनके देखे गए सपने को पूरा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी.

श्रद्धांजलि समारोह में ये थे उपस्थित इस श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य रूप से जिला पर्यवेक्षक शहजादा अनवर, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, राजीव रंजन राजू, चंद्र रश्मि पिंगुआ, रमेश पांडे, शहीद अहमद, माधव कच्छप विनोद सिंह, अमरजीत सरदार, संतोष कुमार, शैलेन्द्र सिंह, सहाबीर लोहरा, नंद किशोर चंदेल, विजय टोप्पो, संजर खान, अख्तर अंसारी, हैदर अंसारी, रिज़वान अंसारी, अब्दुस सलाम, संजय सरैया, खरगेश चंद महतो एवं ग्रामीण कमेटी के अन्य नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, सोमवार 11 अगस्त 2025 I भाद्रपद कृष्ण पक्ष 02, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 125 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12





**चिरूडीह में दिवंगत शिबू सोरेन की प्रतिमा होगी स्थापित**

## नाम होगा स्टैच्यू ऑफ स्ट्रगल



**जामताड़ा।** झारखंड सरकार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक स्वर्गीय शिबू सोरेन की प्रतिमा स्थापित करवाएगी. गुरुजी की आदमकद प्रतिमा जामताड़ा के चिरुडीह में लगवाई जाएगी और इसका नाम 'स्टैच्यू ऑफ स्ट्रगल' होगा. झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में इसकी जनकारी दी. उन्होंने बताया कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने चिरुडीह से ही महाजनों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका था. इसी दौरान 1975 में चिरुडीह कांड हुआ, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी. यह मामला न्यायालय में चला, जिसमें गुरुजी को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया गया. इसी घटना के बाद वे (शिबू सोरेन) 'गुरुजी' के नाम से प्रसिद्ध हुए. उल्लेखनीय है कि शिबू सोरेन का छह दिन पूर्व निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नेमरा में हुआ. नेमरा गांव रामगढ़ जिला के गोला अंचल अंतर्गत है. स्वर्गीय शिबू सोरेन के पुत्र और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों अपने पैतृक गांव नेमरा में ही पिता का श्राद्धकर्म कर रहे हैं.

**मौसम :** आज से 15 अगस्त तक भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी

# झारखंड के 11 जिलों में 13 को भारी बारिश का अलर्ट

**शुभम संदेश। रांची**



राज्य के 11 जिलों में 13 अगस्त को कई स्थानों पर भारी बारिश होने की आशंका है. इसे लेकर मौसम विभाग ने रविवार को येलो अलर्ट जारी किया है. विभाग के अनुसार जिन जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है. उनमें झारखंड के दक्षिणी जिले और उत्तर-पूर्वी जिले शामिल है. दक्षिणी जिलों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां, जबकि उत्तर पूर्वी जिलों में देवघर, दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, गिरिडीह, गोड्डा और जामताड़ा के कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है. वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश दुमका जिले के मसानजोर में 56 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई. इस दौरान रांची में 3.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा. धूप के चलते हल्की गर्मी और उमस का एहसास हुआ. रांची में अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री, जमशेदपुर में 28 डिग्री, डाल्टनगंज में 30.5, बोकारो में 28.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

- रांची : अधिकतम 26.1, न्यूनतम 21.9
- चाईबासा : अधिकतम 33
- गढ़वा : अधिकतम 32.9

**13 अगस्त के बाद मौसम में बदलाव**

- 13 अगस्तः दक्षिणी और उत्तर-पूर्वी जिलों में भारी वर्षा की संभावना.
- 14-15 अगस्तः बारिश में कमी, मौसम सामान्य होने की उम्मीद.

**आज और कल गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश**

11 और 12 अगस्त को झारखंड के अधिकांश जिलों में मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है. मौसम विभाग ने 12 अगस्त को भी कुछ इलाकों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई है। किसानों और आम जनता को सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

**तापमान में मामूली गिरावटः** राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है.

**लो प्रेशर एरिया से बढ़ेगी बारिश :** मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बनने वाले निम्न दबाव क्षेत्र के कारण आने वाले दिनों में झारखंड में बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं.

**संथाल के जिलों में पारा चढ़ेगा**

- गोड्डा, पाकुड़ः अधिकतम तापमान 34
- धनबाद, दुमका, देवघर, साहिबगंजः अधिकतम 33 न्यूनतम तापमानः 26-27 के बीच.

**ब्रीफ न्यूज**

### बिजली दुकान में लगी भीषण आग, तीन दमकल लगे बुझाने में

**जमशेदपुर।** जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय के सामने स्थित गौरव इंटरप्राइजेज नामक बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकान में रविवार सुबह अचानक आग लग गई. घटना ने घनी आबादी वाले इलाके में अफरा-तफरी मचा दी. बताया जाता है कि सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान के शटर के नीचे से धुआं और लपटें निकलते देख दुकानदार को सूचना दी. जब तक दुकान खोली गई, आग अंदर फैल चुकी थी. आग लगने के कारणों का पता अभी तक नहीं चल पाया है. सूचना मिलते ही झारखंड अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया. तीन दमकलों ने मिल कर आग बुझाई. जुगसलाई क्षेत्र में दुकानें और मकान एक-दूसरे से सटे होने के कारण आग के फैलने का खतरा अधिक था, जिसे देखते हुए दमकलकर्मी सतर्कता से कार्रवाई कर रहे हैं.

### सारंडाः सुरक्षा बलों के संयुक्त अभियान में आईईडी बरामद

**चाईबासा।** सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों के शीर्ष नेताओं और उनके दस्तों के खिलाफ सुरक्षा बलों का विशेष संयुक्त अभियान जारी है. खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान जराईकेला थाना क्षेत्र के पहाड़ी और जंगली इलाके से पांच किलो वजनी एक आईईडी बरामद कर बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही नष्ट कर दिया. यह आईईडी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लगाया गया था, लेकिन समय रहते इसे निष्क्रिय कर एक बड़ी वारदात टाल दी गई. एसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि नक्सलियों ने जराईकेला थाना क्षेत्र के जंगल और पहाड़ों में गोला-बारूद छिपा रखा है, जिसका इस्तेमाल सुरक्षा बलों पर हमले में किया जा सकता है. 10 अगस्त को तलाशी के दौरान सारंडा जंगल के पहाड़ी इलाके से आईईडी बरामद हुई, जिसे बम निरोधक दस्ता ने सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया.

**रांचीः** हरमू स्थित बीजेपी ऑफिस के पास दर्दनाक हादसा

# इनोवा कार की टक्कर से बच्ची समेत तीन की मौत

**शुभम संदेश। रांची**



रविवार शाम को हरमू-अरगोड़ा रोड पर तेज रफ्तार इनोवा कार की चपेट में आने से तीन लोगों की मौके पर ही जान चली गई. बीजेपी कार्यालय के पास एक इनोवा द्वारा एक बाइक को टक्कर मारे जाने से एक मासूम बच्ची सहित 3 की मौत हो गई. मरने वालों में बच्ची और दो महिलाएं शामिल हैं. हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक पर सवार परिवार जा रहा था तभी अचानक तेज़ रफ्तार इनोवा ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि बाइक सड़क पर दूर जा गिरी. बाइक पर सवार दो युवतियों और एक बच्ची अपनी जान गंवा बैठे. बाइक चला रहा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है. अरगोड़ा पुलिस, मौके पर पहुंची, स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की. हादसे के बाद स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यालय में मौजूद कुछ कार्यकर्ताओं ने घायलों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक एक बच्ची व महिला की सांसें थम चुकी थीं. लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल भेजा, जहां इलाज शुरू होने से पहले ही एक अन्य महिला की भी मौत हो गई. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा.

**गुस्साए लोगों ने चालक को पीटा, कार को तोड़ डाला**

हादसे के बाद हरमू रोड पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया. पुलिस ने सड़क से जाम हटाने और लोगों को शांत कराने की कोशिश की. दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग गुस्सा गए और कार चालक को पकड़ कर पीटा. अरगोड़ा थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की. पुलिस ने फिलहाल देरशाम लोगों को शांत करवा कर सड़क से जाम हटाया. तब जाकर यातायात सामान्य हो सका. स्थानीय लोगों का कहना है कि बीजेपी ऑफिस के पास ट्रैफिक पहले से ही अव्यवस्थित है और प्रशासन को कई बार शिकायत दी जा चुकी है. पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी.

## भीषण सड़क हादसे में 3 युवकों की दर्दनाक मौत, बहन के घर से लौट रहे थे तीनों दोस्त

**शुभम संदेश। सरायकेला**

सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-220 मुख्य मार्ग स्थित लेकड़ा कोचा मोड़ के पास रविवार की अहले सुबह 3.30 बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी. हादसे में मृत तीनों युवकों की पहचान जमशेदपुर के बारीडीह निवासी लखन कुमार, संजय लोहार और राजू सांडिल के रूप में हुई है.

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि तीनों आपस में दोस्त है और बीती रात चाईबासा बहन के घर जाने की बात कह कर निकले थे. सुबह सूचना मिली कि तीनों की सड़क हादसे में मौत हो गयी है. परिजनों ने इसके लिए ट्रैफिक लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए पुलिस प्रशासन से मुआवजे की मांग की है. मालूम हो कि तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर चाईबासा जा रहे थे. इसी दौरान लकड़ा कोचा मोड़ के समीप खड़े हाईवा में पीछे से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गये. वहीं, तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी. उधर घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया. इधर आक्रोशित परिजनों ने हाईवा मलिक को बुलाने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया है. पुलिस परिजनों को समझाने में जुटी है.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवक चाईबासा से टाटा की ओर जा रहे थे, रास्ते में लेकड़ कोचा मोड़ के समीप सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल से पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी. घटना की सूचना मिलते ही राजनगर पुलिस घटना स्थल पहुंची और तीनों के शव को अपने कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद पुलिस मामले की जांच जुटी है.

**चतराः** अंधविश्वास में ओझा की हत्या

## पुलिस ने किया खुलासा,दो आरोपी गिरफ्तार

**शुभम संदेश। चतरा**

जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवा कोचवा गांव में अंधविश्वास के चलते एक वृद्ध ओझा की निर्मम हत्या कर दी गई. घटना 18/19 जुलाई की रात की है, जब पीड़ित वृद्ध ओझा अपने घर के आंगन में सो रहे थे. इसी दौरान गला रेत कर उनकी हत्या कर दी गई.

पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतापपुर थाना कांड संख्या 72/25, दिनांक 19.07.25 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1)/3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की. जांच में यह बात सामने आई कि हत्या अंधविश्वास और ओझा-गुणी संबंधी विवाद के कारण की गई थी. पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

1. पंकज कुमार, पिता रामबली भारती
2. भोला भारती, पिता अर्जुन भारती

(दोनों निवासी – बरवा कोचवा, थाना प्रतापपुर, जिला चतरा)

**पुलिस ने जब्त किए ये सामानः**

- हत्या में प्रयुक्त चाकू
- खून से सनी टी-शर्ट और ट्राउजर
- घटना के बाद भागने में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल

चतरा पुलिस ने अंधविश्वास से प्रेरित इस जघन्य अपराध का खुलासा कर दो आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है. पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है.

## मानगो फ्लाईओवर का नाम अमर शहीद खुदीराम बोस के नाम पर रखने की मांग



**जमशेदपुर।** भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह ने रविवार को झारखंड सरकार से मांग की है कि मानगो में निर्माणाधीन फ्लाईओवर (ऊपरी पुल) का नामकरण महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद खुदीराम बोस के नाम पर किया जाए. उन्होंने इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षित कराया है.

विकास सिंह ने बताया कि अमर शहीद खुदीराम बोस का शहादत दिवस प्रत्येक वर्ष 11 अगस्त को देशभर में मनाया जाता है. 19 वर्ष की आयु में देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले खुदीराम बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सबसे कम उम्र के शहीदों में से एक रहे हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड के गठन के बाद से ही मानगो गोलचक्कर में राज्य सरकार द्वारा अमर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा स्थापित की गई है. बीते 25 वर्षों में जब भी डिमना रोड का सुंदरीकरण कार्य हुआ है, प्रतिमा को हटाकर मानगो नगर निगम द्वारा बंगभाषी समाज के लोगों की देखरेख में सौंपा गया है. विकास सिंह ने बताया कि वर्तमान में मानगो में जो फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है, वह खुदीराम बोस की प्रतिमा स्थल के ठीक ऊपर से गुजर रहा है. इसलिए नव-निर्मित फ्लाईओवर का नाम शहीद खुदीराम बोस के नाम पर रखा जाए.

**साहिबगंज :** वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

## गंगा नदी से अवैध शीशम बोटा से लदी नाव जब्त

**शुभम संदेश। साहिबगंज**



वन विभाग ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर गंगा नदी के बसकोला घाट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शीशम बोटा से लदी एक नाव को जब्त कर लिया. मिली जानकारी के अनुसार, वन विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी कि गंगा नदी के जल मार्ग से अवैध रूप से लकड़ी की तस्करी की जा रही है. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत बसकोला घाट पहुंची और नदी में चल रही संदिग्ध नाव को रोका गया. जांच के दौरान नाव पर 12 शीशम बोटा लदी पाई गई, जिसके संबंध में नाव सवार कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके. वनरक्षी इंद्रजीत कुमार ने बताया, गंगा में बढ़े हुए जलस्तर और दियारा क्षेत्र से लोगों के पलायन का लकड़ी माफिया गलत फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन किसी भी हाल में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. वन विभाग ने नाव एवं लकड़ी को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.

अधिकारियों का कहना है कि अवैध लकड़ी परिवहन तथा वन्य संसाधनों की तस्करी के खिलाफ सख्त कदम लगातार उठाए जाते रहेंगे. कार्रवाई के दौरान वनरक्षी इंद्रजीत कुमार, पप्पू कुमार, वनकर्मी संतोष यादव, अभिषेक आनंद, नवल कुमार, पप्पू शर्मा समेत अन्य वनकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

**शर्मनाकः** मां की डायरिया से हुई मौत तो बेटे शव छोड़कर भागे

## गांववालों ने किया अंतिम संस्कार

**गढ़वा।** मानवता को झकझोर देने वाला मामला झारखंड के गढ़वा जिले से सामने आया है, जहां एक बुजुर्ग महिला की मौत के बाद उनके अपने ही बेटों ने अंतिम संस्कार करना तो दूर, शव को घर में ही छोड़कर भाग जाना बेहतर समझा.

घटना भवनाथपुर पंचायत के बुका गांव के तीनकोनिया टोला की है, जहां 80 वर्षीय तेतरी देवी की गुरुवार को डायरिया से मौत हो गई. उनकी मौत के बाद तीनों बेटे, बहुएं और पोते घर छोड़कर फरार हो गए. तेतरी देवी का शव लगभग 40 घंटे तक घर में ही पड़ा रहा. गांववालों को उम्मीद थी कि परिवार का कोई सदस्य वापस लौट कर अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभाएगा, लेकिन कोई नहीं आया. आख़िरकार, जब लंबे इंतज़ार के बाद भी परिवार का कोई सदस्य नहीं पहुंचा, तो गांव के लोगों ने मिलकर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू की. जेसीबी से शव को दफनाने के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था, तभी जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी और पंचायत की मुखिया बेबी देवी को घटना की जानकारी मिली. वे मौके पर पहुंचीं और शव को दफनाने से रोकते हुए हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार कराने का निर्देश दिया. ग्रामीणों ने मिल कर पूरे सम्मान के साथ तेतरी देवी का अंतिम संस्कार किया. गांव के रामलाल भुइयां ने मुखाग्नि दी. मृतका के बेटे बिंदू बियार ने बताया कि डायरिया से मां की मौत हुई थी और इसी बीमारी के डर से पूरा परिवार गांव से भाग गया. उन्होंने स्वीकार किया कि डर के कारण वे अंतिम संस्कार नहीं कर पाए.

**रहें सावधानः** एआई पर आंख बंद कर भरोसा करना पड़ा भारी

# चैटजीपीटी की सलाह मानी तो शख्स की जान पर बन आई

**शुभम संदेश डेस्क**



अगर आप भी चैटजीपीटी या किसी अन्य एआई चैटबॉट से फिटनेस या डाइट से जुड़ी सलाह लेते हैं, तो जरा संभल जाइए. हाल ही में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें चैटजीपीटी से ली गई डाइटरी सलाह ने एक 60 वर्षीय शख्स को अस्पताल पहुंचा दिया. दरअसल, इस व्यक्ति ने न्यूयॉर्क में चैटजीपीटी की बताई गई सलाह पर बिना डॉक्टर की राय लिए सख्ती से अमल किया, जिससे उसकी सेहत बिगड़ गई.

रिपोर्ट के अनुसार, उस व्यक्ति ने कई हफ्तों तक अपने खाने से नमक यानी सोडियम को लगभग पूरी तरह हटा दिया, जिससे उसके शरीर में सोडियम का स्तर बेहद कम हो गया. इस स्थिति को हाइपोनेट्रेमिया कहा जाता है, जो काफी गंभीर हो सकती है. इस मामले में खास बात यह रही कि उस व्यक्ति ने किसी मेडिकल एक्सपर्ट से परामर्श किए बिना सिर्फ एआई की बातों पर भरोसा किया.

एआई ने सुझाया खतरनाक विकल्प एक रिपोर्ट के मुताबिक, उस व्यक्ति ने चैटजीपीटी से पूछा कि कैसे वह अपने भोजन से टेबल सॉल्ट (सोडियम क्लोराइड) को पूरी तरह हटा सकता है. इसके जवाब में एआई ने उसे सोडियम ब्रोमाइड इस्तेमाल करने का सुझाव दिया — एक ऐसा कंपाउंड जिसे 20वीं सदी की शुरुआत में दवाओं में इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन अब इसे जहरीला माना जाता है. एआई की इस खतरनाक सलाह पर अमल करते हुए उसने ऑनलाइन सोडियम ब्रोमाइड मंगवाया और लगभग तीन महीने तक इसका इस्तेमाल खाना बनाने में किया. नतीजतन, उसे भ्रम, प्यास बढ़ना, और मानसिक असंतुलन जैसे लक्षण दिखने लगे. अस्पताल में भर्ती होने पर डॉक्टरों ने पाया कि वह ब्रोमाइड टॉक्सिसिटी से पीड़ित है - एक ऐसी स्थिति जो आजकल बेहद दुर्लभ मानी जाती है.

**तीन हफ्ते अस्पताल में बिताने के बाद मिली राहत**

अस्पताल में उसका इलाज इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बहाल करने और शरीर को रीहाइड्रेट करने पर केंद्रित रहा. धीरे-धीरे उसकी हालत में सुधार हुआ और तीन हफ्ते के इलाज के बाद उसे छुट्टी मिल गई. यह मामला अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन जर्नल में प्रकाशित हुआ है और यह एआई जनरेटेड हेल्थ एडवाइस के संभावित खतरों को उजागर करता है, खासकर तब जब इसे पेशेवर निगरानी के बिना अपनाया जाए. चैटजीपीटी के डेवलपर ओपेनएआई ने भी अपनी टर्म्स और कंडीशंस में स्पष्ट किया है कि इसके आउटपुट को सत्य या पेशेवर सलाह का विकल्प नहीं माना जाना चाहिए. यह सेवा किसी मेडिकल डायग्नोसिस या इलाज के लिए नहीं है. विशेषज्ञों का मानना है कि एआई टूल्स सामान्य जानकारी के लिए उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन किसी भी स्वास्थ्य या मेडिकल निर्णय के लिए डॉक्टर से परामर्श जरूरी है. जैसे-जैसे एआई का उपयोग बढ़ रहा है, लोगों को इसके सीमाओं को समझना और सतर्क रहना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है.

# करम महोत्सव 31 अगस्त को राज्यपाल और मंत्री होंगे शामिल

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**



कुड़मी समाज के वार्षिक सांस्कृतिक पर्व करम महोत्सव का आयोजन इस वर्ष 31 अगस्त को बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में धूमधाम से किया जाएगा. रविवार को तैयारियों को लेकर सोनारी सी.पी. क्लब में कुड़मी सेना की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र महतो की अध्यक्षता में हुई. बैठक में पिछले वर्ष के आयोजन की समीक्षा के साथ इस बार के कार्यक्रम को और भव्य बनाने पर चर्चा हुई.

कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी श्रवण कुमार उपस्थित रहेंगे. महोत्सव में झारखंड, बिहार, बंगाल और ओडिशा के लोग बड़ी संख्या में जुटेंगे. बैठक में आंदोलनकारी उमानाथ झा, प्रदेश अध्यक्ष विशाल महतो, हराधन प्रमाणिक, गणेश गोप, प्रवीर महतो, सूरज महतो, विष्णुदेव महतो, अजय महतो, प्रेम महतो, विजय महतो, विकास महतो, नीलाम्बर महतो, कार्तिक महतो, देव महतो, प्रशांत महतो सहित अन्य सदस्य मौजूद थे. संगठन के महासचिव एवं सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता अरविंद कुमार महतो ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत करम पूजा से होगी, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी. दोपहर 3 बजे से रात 10 बजे तक चलने वाले इस आयोजन में झारखंड, बिहार, बंगाल और ओडिशा के सांसदों व विधायकों को "कुड़मी रत्न" सम्मान प्रदान किया जाएगा. इसके लिए पांच सदस्यीय चयन पैनल का गठन किया गया है. पिछले वर्ष कला, पुलिस एवं प्रशासनिक सेवा, विधि और खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को यह सम्मान दिया गया था.

## रांची प्रेस क्लब में श्रद्धांजलि सभा: कांफ्रेंस हॉल अब स्व. हरिनारायण सिंह सभागार के रूप में जाना जाएगा

**हर साल एक पत्रकार को उत्कृष्ट समाचार लेखन पुरस्कार देने की घोषणा**

शुभम संदेश। रांची



झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधनोपरांत प्रेस क्लब द्वारा कान्फ्रेंस हॉल में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. मौके पर वक्ताओं ने उनके साथ काम करने का संस्मरण साझा किया और कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके जैसा व्यक्तित्व का होना मुश्किल है. श्रद्धांजलि सभा में उनके भाई पशुपतिनाथ सिंह, बेटे राहुल सिंह और भतीजे अनुज सिंह उपस्थित थे. उनके बेटे राहुल सिंह ने कहा कि वे अपने पिता के सपनों को आगे बढ़ाने में निष्ठा के साथ काम करेंगे. वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने कहा कि हरिनारायण सिंह का व्यक्तित्व और कार्य बेमिसाल रहा है, उनके साथ कार्य करने का अनुभव बेहद स्मरणीय रहा है.

**एनआईबीएम में हरिनारायण सिंह की स्मृति में पांच छात्रों को निःशुल्क कोचिंग :** शोकसभा में एनआईबीएम के निदेशक मनोज गुप्ता ने हरिनारायण सिंह की स्मृति में पांच छात्रों को हर साल निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराने की घोषणा की.

क्लब के सचिव अमरकांत ने स्व. हरिनारायण सिंह के नाम से हर साल एक पत्रकार को उत्कृष्ट समाचार लेखन के लिए 10 हज़ार रुपये का अवार्ड शुरू करने की घोषणा की. शोक सभा को वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार, सुनील सिंह बादल, सत्यप्रकाश पाठक, प्रमोद झा, एनआईबीएम के निदेशक मनोज गुप्ता, आनंद मोहन, भरत भूषण प्रसाद, आलोक कुमार सिंह, सुनील सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज सिंह, दिलीप कुमार सिंह, चंदन वर्मा, कमलेश कुमार, पंकज जैन, अखिलेश सिंह, राहुल सिंह ने संबोधित किया. मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, संयुक्त सचिव रतनलाल, कोषाध्यक्ष कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य, राजू प्रसाद, आलोक कुमार सिन्हा, आरजे अरविंद, सौरभ शुक्ला, चन्दन भट्टाचार्य, मोनू कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे.

**झारखंड पुलिस की बड़ी कामयाबी**

## अजरबैजान से गैंगस्टर मयंक सिंह जल्द लाया जाएगा रांची



**रांची।** झारखंड पुलिस ने विदेश में छिपे गैंगस्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तेज कर दी है. इंटरपोल की मदद से लगातार ऑपरेशन चलाया जा रहा है और इसी कड़ी में बड़ी सफलता मिली है. कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के करीबी मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को अज़रबैजान में गिरफ्तार किया गया है. यह झारखंड पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. अब इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, अज़रबैजान सरकार ने मयंक सिंह को भारत लाने की मंजूरी दे दी है. राज्य सरकार और झारखंड पुलिस की पहल के बाद एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की तीन सदस्यीय टीम, एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में, जल्द अज़रबैजान रवाना होगी. टीम गैंगस्टर को भारत लाकर रांची पुलिस के हवाले करेगी. राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि यह झारखंड पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पुलिस की साख बढ़ेगी. मयंक सिंह को लाने के पूरे मिशन का खर्च झारखंड सरकार वहन करेगी.

## झामुमो की बाबूलाल मरांडी को सलाह, बिना ठोस जानकारी के न करें भ्रामक बयानबाजी

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने बाबूलाल मरांडी पर सनसनीखेज और भ्रामक बयानबाजी का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि मरांडी केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए इस तरह के बयान देते हैं. डॉ. खत्री ने बाबूलाल मरांडी से आग्रह किया कि यदि उनके पास कोई ठोस और प्रमाणिक जानकारी है, तो उसे सरकार या जांच एजेंसियों को संवैधानिक दायरे में सौंपें. उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र में आलोचना और सवाल उठाना जायज है, लेकिन बिना तथ्यात्मक आधार के गंभीर आरोप लगाना जनता को भ्रमित करता है. इससे लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचती है और राजनीतिक माहौल खराब होता है.

# हिंदपीढ़ी में गोली मारकर युवक की हत्या जेल में हुआ विवाद बना मर्डर का कारण

शुभम संदेश। रांची





रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र स्थित भट्ठी चौक के पास रविवार दोपहर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान साहिल उर्फ कुरकुरे के रूप में हुई है, जो हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आया था. साहिल की मां का आरोप है कि अरमान नामक युवक ने उनके बेटे की गोली मार कर हत्या की है, जबकि हत्या के पीछे मुख्य साजिशकर्ता के रूप में पूर्व पार्षद असलम के भाई आसिफ का नाम सामने आ रहा है. घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है.

गोली मारने का आरोप पूर्व पार्षद असलम के भाई आसिफ पर है. आरोप है कि जेल से निकलने के बाद से आसिफ लगातार साहिल को धमकी दे रहा था. सूचना मिलने के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया और पूरे मामले की की जांच कर रही है.

**जेल में हुआ था साहिल और असलम के बीच विवाद :** सूत्रों का कहना है कि मृतक साहिल आर्म्स एक्ट में जेल गया था. कुछ माह पूर्व जेल से निकला था. पुलिस के अनुसार, जेल में रहने के दौरान साहिल और असलम के बीच विवाद हुआ था. विवाद के बाद साहिल ने असलम और उसके भाई आसिफ के साथ मारपीट की थी. कुछ दिन पूर्व असलम का भाई आसिफ जेल से निकलने के बाद लगातार साहिल को धमकी दे रहा था. फिर मौका देख कर रविवार दोपहर अरमान ने भट्ठी चौक के पास साहिल को बुलाया और गोली मारकर फरार हो गया. गोली बारी की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी. पुलिस मामले की जांच कर रही है. पुलिस के अनुसार, मारा गया सहिल भी दागी किस्म का था और आर्म्स के साथ पकड़ा गया था. हत्या के कारणों को पता लगाया जा रहा है.

## रांची को जल्द मिलेगी 10 लेन की हाईटेक सड़क

### स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड तैयार, नवंबर से शुरू होगा निर्माण कार्य

शुभम संदेश। रांची

झारखंड की राजधानी रांची में रहने वाले लोगों को जल्द ही 10 लेन वाली हाईटेक सड़क देखने को मिल सकती है. 10 लेन वाली सड़क पर इस साल काम शुरू करने की तैयारी है. इसका काम स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड को दिया गया है. प्रयास यह है कि नवंबर तक टेंडर फाइनल करके काम आवंटित कर दिया जाएगा. यह सड़क धुर्वा में विवेकानंद स्कूल के आगे से लेकर नया सराय होते हुए रिंग रोड तक बनेगी. इसकी लागत करीब 301 करोड़ की होगी. इसका मुख्य मार्ग 6 लेन का होगा, जिसपर वीवीआईपी, वीआईपी सहित अन्य खास वाहनों का परिचालन होगा. वहीं दोनों किनारे दो -दो लेन का सर्विस रोड होगा. सीआरपीएफ कैंप के आगे से पूरी सड़क ग्रीन फील्ड होगी, जो आगे चलकर रिंग रोड में मिल जाएगी. इस सड़क पर बिरसा चौक से धुर्वा गोलचक्कर तक बनी स्मार्ट सड़क की तर्ज पर दोनों किनारे साइकिल ट्रैक होगा. साइकिल ट्रैक के ऊपर सोलर प्लेट लगाए जाएंगे. इससे उत्पन्न बिजली से सड़क पर लाइटिंग की व्यवस्था होगी. बेहतर ड्रेनेज सुविधा होगी. जगह जगह पर बैठने की व्यवस्था होगी. पूरी सड़क को सुंदर लुक दिया जाएगा.

## 24 घंटे पूर्व निकला जेल से, समाज की शर्मिंदगी से परेशान छेड़खानी के आरोपी फिरोज ने लगाई फांसी

शुभम संदेश। रांची

राजधानी के चर्चित स्कूली छात्रा से छेड़खानी मामले के आरोपी फिरोज उर्फ शूगा ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. फिरोज समाज की शर्मिंदगी बर्दास्त नहीं कर सका. 24 घंटे पूर्व ही जेल से जमानत पर बाहर निकला था. रविवार सुबह फंदे से लटकता उसका शरीर परिजनों को मिला. परिवार के लोगों ने उसे फंदे से उतारा और इलाज के लिए अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

**राजधानी के चर्चित मामले का मुख्य आरोपी था फिरोज उर्फ शूगा**

वर्ष 2024 दिसंबर माह में सुबह-सुबह स्कूली छात्रा अपर बाजार के रास्ते स्कूल जा रही थी. इसी दौरान आरोपी फिरोज स्कूल छात्रा से छेड़खानी का विडियो वायरल हुआ था. इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया था. जिसके बाद रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने आरोपी पर 10 हजार का ईनाम रखा और आरोपी को कई दिनों बाद लोअर बाजार इलाके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था.

**सात महीने बाद बेल मिली, तो जेल से बाहर निकला था फिरोज :** जानकारी के अनुसार छेड़छाड़ के मामले में सात माह जेल में रहने के बाद आठ अगस्त को कोर्ट से जमानत मिलने के बाद वह जेल से बाहर आकर घर लौटा था. परिजनों का कहना है कि रिहाई के बाद समाज में हो रहे अपमानजनक व्यवहार से शर्मिंदा हो कर वह मानसिक रूप से परेशान था. इसी कारण घर लौटने के महज 24 घंटे के भीतर उसने यह कदम उठा लिया.

**शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति गंभीर**

## ब्रेन में नहीं हो रही कोई हलचल

शुभम संदेश। रांची



झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति पिछले आठ दिनों बाद भी गंभीर बनी हुई है. दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती मंत्री के ब्रेन में कोई हलचल नहीं हो रही है. हालांकि हार्ट किडनी, व लीवर समेत सभी अंग बेहतर काम कर रहे हैं. उनके मस्तिष्क की रीडिंग को पढ़ने के लिए मॉनिटर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है.

**पहले किडनी में थी कुछ समस्या :** रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन ने बताया कि किडनी में पहले कुछ दिक्कतें आ रही थीं, लेकिन अब वह बेहतर फंक्शन कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद समस्या बनी हुई है, क्योंकि उनके ब्रेन में किसी तरह की कोई हलचल नहीं हो रही है. अस्पताल के सीनियर डॉक्टर लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है.

**जीवन रक्षक प्रणाली के सहारे हैं मंत्री :** मंत्री रामदास सोरेन को 2 अगस्त 2025 को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था. उन्हें जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित आवास पर ब्रेन स्ट्रोक आया था, जिसके बाद तत्काल उन्हें दिल्ली रेफर किया गया था. उनके मस्तिष्क में ब्लड क्लॉट के कारण वे अब भी अचेत अवस्था में हैं.

## परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हरमू मैदान में उद्घाटन

**रांची।** हरमू फुटबॉल एकेडमी के तत्वावधान में हरमू ग्राउंड में पांच दिवसीय परमबीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट शुरू हो गया है. उद्घाटन मैच लाल बादशाह एवं चेतन टोली के बीच हुआ, जिसमें लाल बादशाह, पेनाल्टी शूट में 4-1 से विजई रहा. मैच का उद्घाटन बीएसएफ इंस्पेक्टर सजीत टोप्पो, सहायक अभियन्ता महेश टोप्पो और अनल प्रतीक मिंज संयुक्त रूप से किया. टूर्नामेंट की शुरुआत खिलाड़ियों और उपस्थित अतिथियों द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देकर की गई. टूर्नामेंट में सोलह टीमों ने भाग लिया है. फाइनल मैच 15 अगस्त को खेला जाएगा. जीतने वाले टीम पुरस्कार के रूप में एक लाख एवं दूसरे स्थान में रहने वाले टीम को सत्तर हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी.

## एचईसी : आठ यूनियनों की संयुक्त बैठक, आज प्रबंधन से होगी वार्ता



**रांची।** एचईसी की आठ यूनियनों की संयुक्त बैठक में निगम की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई. बैठक में हर यूनियन के नेता अपनी-अपनी बात रखी. संयुक्त यूनियन ने फैसला लिया कि सोमवार को प्रबंधन से वार्ता करेगी और एचईसी के उत्थान और उत्पादन बढ़ाने के लिए अपने सुझाव देगी. यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों के हित में प्रबंधन जो भी निर्णय लेगा, सभी यूनियन उसका समर्थन करेगी. बैठक में यूनियन के नेताओं ने कहा कि निगम को बचाने के लिए वे कर्मचारियों के साथ मिलकर उत्पादन बढ़ाने पर फोकस करेंगे. बैठक में विकास तिवारी, प्रकाश कुमार, बिमल महली, हरेंद्र प्रसाद, शनि सिंह, एसजे मुखर्जी, गिरीश चौहान, आरके शाही, भवन सिंह, संजय सिन्हा, रामलाल, महेंद्र कुमार आदि शामिल थे.

## प्रजापति विश्वविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पूर्व कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चौधरी बगान, हरमू रोड में रविवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पूर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म द्वापर युग में न होकर सतयुगी सुख की दुनियां में हुआ था. कलियुगी सृष्टि के इस अंत समय में पतित सृष्टि समाप्त होकर सुखमय स्वर्ग आता है. जहां श्रीकृष्ण सर्वगुण संपन्न देवता के रूप में अवतरित होते हैं. उन्होंने कहा कि यमुना के कंठे पर फिर उनकी रासलीला होती है.

**एक नजर**

## दिशोम गुरु को टाटा स्टील के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से रविवार को नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास में टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन ने मुलाकात कर पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद स्मृति-शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी. मौके पर उन्होंने कहा कि हम गुरुजी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं. उनका जीवन सेवा, समर्पण और सद्भावना का अद्वितीय उदाहरण रहा है. ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं साहस दें. हम सभी उनके योगदान और स्मृतियों को सदैव अपने हृदय में संजोए रखेंगे.

## 'एक पेड़ मां के नाम' से 'एक बगिया मां के नाम' तक पर्यावरण संरक्षण में ऐतिहासिक कदम : सेठ



**रांची।** स्वच्छता में हमेशा अव्वल रहने वाले इंदौर शहर ने एक और पर्यावरणीय पहल में मिसाल कायम की है. 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के साथ अब 'एक बगिया मां के नाम' अभियान को जोड़ते हुए इंदौर ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई ऊंचाइयों को छुआ है. रविवार को इस विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए.उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मौके पर सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मध्यप्रदेश के नगर विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में यह अभियान प्रशंसनीय है. उन्होंने इंदौरवासियों को बधाई देते हुए बताया कि रेवती रेंज में पौधरोपण का विश्व रिकॉर्ड बनाना गर्व की बात है. हर वर्ष 51 लाख पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प पूरे देश के लिए प्रेरणा है. कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक रमेश मेदोला, बीएसएफ आईजी आलोक सिंह, राजेंद्र राठौड़ सहित बड़ी संख्या में वीर जवान उपस्थित रहे. सभी ने प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को जन आंदोलन बनाने का संदेश दिया. सेठ ने 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण करते हुए इस प्रयास को देशभर में अपनाए जाने योग्य बताया और इंदौरवासियों के पर्यावरणीय संकल्प को शुभकामनाएं दीं.

## राजधानी रांची में गौसेवा के साथ महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**रांची।** राजधानी रांची में अग्रवाल सभा का 49वां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव रविवार को गौसेवा के पावन कार्य के साथ आरंभ हुआ. सुबह 7:30 बजे हरमू रोड स्थित रांची गौशाला में गौपूजन कर महोत्सव का पहला चरण प्रारंभ किया गया. अग्रवाल सभा के निर्वतमान अध्यक्ष नंद किशोर पाटोदिया और उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने विधिवत गौपूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस अवसर पर सभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे. सभी ने आयोजन की सफलता में योगदान दिया. कार्यक्रम के सफल संचालन में मनोज चौधरी, विजय खोवाल, कौशल राजगढ़िया, निर्मल बुधिया, कालू खेतान, अमर अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, अशोक लाठ, मनोज रुइया, सुनील पोद्दार, गौरव परसरामपुरिया, विनोद टेबरीवाल, राजकुमार मित्तल और मुकेश जाजोदिया की विशेष भूमिका रही.

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए लायंस क्लब रांची ग्लोबल पुरस्कृत



रांची। लायंस क्लब ऑफ़ रांची ग्लोबल ने सत्र 2024-25 में अपनी सेवाओं और सामाजिक कार्यों से नया इतिहास रच दिया है. विभिन्न परियोजनाओं और जनहित के कार्यों के लिए क्लब को एक साथ कई प्रतिष्ठित अवाड्र्स से सम्मानित किया गया. इन अवाड्र्स में परमानेंट प्रोजेक्ट, भोजन वितरण,सदस्यता वृद्धि पुरस्कार,जिला राज्यपाल पुरस्कार, सेवा गतिविधि पुरस्कार,उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार शामिल हैं, जो क्लब की सामूहिक मेहनत, निष्ठा और सेवा भावना का प्रमाण हैं. क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि ये सम्मान पूरे क्लब परिवार की एकजुटता, सेवा भावना और समाज के प्रति समर्पण का परिणाम हैं. सभी सदस्यों,समर्थकों और सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आनेवाले समय में भी क्लब समाज के कल्याण के लिए और अधिक सशक्त परियोजनाएं लाएगा. इस अवसर पर यह भी संकल्प लिया कि सेवा कार्यों को और विस्तारित कर अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाई जाएगी.

## शराब व्यापारी संघ ने शिबू सोरेन की दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड शराब व्यापारी संघ ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को रविवार को दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की. संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कहा कि झारखंड की धरती के महान सपूत, जननायक, संघर्ष के प्रतीक दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पूरा जीवन जनहित, आदिवासी अधिकारों, न्याय और समानता के लिए समर्पित रहा. संघ के महासचिव सुबोध कुमार जायसवाल ने कहा कि उनकी सरलता, दृढ़ता और जनसेवा की भावना सदैव प्रेरणा देती रहेगी. वे हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे. श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में हेमा दा, बिरेन साहू,अजय साहू,राहुल कुमार,बद्री मेहता, उमाशंकर सिंह, सौरभ तनेजा,लक्ष्मण जायसवाल, नीलेश सिंह, सुशील झा,जयराम, मुकेश कुमार, आलोक कुमार, योगेंद्र यादव सहित अन्य सदस्य शामिल थे.

**बैठक** रांची में कांग्रेस के संगठन सृजन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में नए मंडल अध्यक्षों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

# मंडल अध्यक्षों को प्रशिक्षण देने के साथ ही संगठन को गांव स्तर पर मजबूत बनाने पर दिया गया जोर

शुभम संदेश। रांची



रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में संगठन सृजन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025 का आयोजन रविवार को पुराना विधानसभा सभागार में किया गया. कार्यक्रम में रांची जिला ग्रामीण व खूंटी जिला के प्रखंड पर्यवेक्षक, प्रखंड अध्यक्ष और नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने की. सबसे पहले मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए, जिसके बाद प्रखंड व मंडल अध्यक्षों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया. इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जिला पर्यवेक्षक शहजादा अनवर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक राजेश कच्छप, नमन विक्सल कौनगाड़ी और पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख जैसे कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे.

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने वर्ष 2025 को संगठन सृजन का वर्ष घोषित किया है. इसी कड़ी में झारखंड के हर जिले में यह अभियान पिछले तीन महीनों से चलाया जा रहा है. उन्होंने नवमनोनीत मंडल अध्यक्षों से पूरी ईमानदारी से संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभाने का आग्रह किया. विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर संविधान को कमजोर करने की साजिश कर रही है. कांग्रेस ही वह पार्टी है, जो सभी वर्गों-ओबीसी, दलित, आदिवासी और गरीबों, की आवाज बनकर खड़ी है. उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि कांग्रेस हर वर्ग की भागीदारी की पक्षधर है.

### सरना धर्म कोड, पेसा कानून पर जागरूकता जरूरी : शिल्पी नेहा तिर्की

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संगठन में उन्हें ही जगह मिलेगी, जो जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं. पंचायत एवं ग्राम स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए सरना धर्म कोड, पेसा कानून जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक करना जरूरी है. विधायक राजेश कच्छप और नमन विक्सल कांगाड़ी ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी से काम करने और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया .कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश किरण महतो ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन खूंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने दिया. मौके पर मीडिया सेल अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी, सोशल मीडिया प्रभारी जगदीश चंद्र महतो, रमा खलखो, अर्चना मिश्रा, शहीद अहमद, संजर खान, कार्तिक चंद्र महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## शहर में ऑटो किराये का निर्धारण 13 को करेगा ऑटो चालक संघ

शुभम संदेश। रांची

नामकुम रामपुर कांटाटोली मार्ग पर चलने वाले ऑटो चालकों की बैठक नामकुम सारण मैदान में रविवार को हुई. बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने किया और सभा का संचालन प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह ने किया. बैठक में उपस्थित ऑटो चालकों ने निर्णय लिया की कांटाटोली से नामकुम रामपुर मार्ग पर परिचालन करने वाले ऑटो चालकों ने किराया में संशोधित करते हुए किराया तय किया. बताया गया कि वर्ष 2020- 21में जो रूट किराया था उस हिसाब से अभी भी यात्री हित में अब तक फिर से ऑटो किराया निर्धारित नहीं किया. इसलिए प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री आनंद वर्मा ने यह निर्णय लिया कि 13 अगस्त को प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकारी सदस्यों की बैठक ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड प्रदेश कार्यालय में बैठक होगी. बैठक में जो 2020-21 में सभी रूट का किराया निर्धारित किया गया था उसके बाद आज तक रांची शहर में किसी भी रूट का यूनियन की ओर से किराया निर्धारित नहीं होने से रांची में ऑटो चालक यात्रियों से मनमाना किराया ले रहे हैं. इसलिए महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी बैठक कर पूरे रांची शहर का ऑटो किराया यात्री हित को देखते हुए निर्धारित करेंगे. ताकि यात्रियों से कोई मनमानी किराया नहीं वसूल सके. साथ ही धुवा-हटिया मार्ग का भी किराए का निर्धारण किया जाएगा. बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री आनंद वर्मा, मनोरंजन सिंह, संदीप मिंज, रवि प्रसाद, महेश कुमार यादव, दशरथ राम सहित अन्य उपस्थित थे.

## मॉल ऑफ रांची की दूसरी वर्षगांठ 13 अगस्त को

**रांची।** राजधानी के पसंदीदा शॉपिंग और एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन मॉल ऑफ रांची की दूसरी वर्षगांठ 13 अगस्त को मनायी जाएगी. मॉल प्रबंधन ने शहरवासियों को एक अविस्मरणीय शाम का हिस्सा बनने का निमंत्रण दिया है. रातू रोड स्थित मॉल के एट्रियम फ्लोर पर बुधवार शाम आयोजित होने वाले विशेष समारोह में मनोरंजन, फेस्टिव गेम्स, गतिविधियां और साल का सबसे बड़ा मेगा लकी ड्रॉ होगा. कार्यक्रम का आरंभ शाम 4:30 बजे होगा और देर रात तक चलेगा. मॉल में आने वाले लोगों को शानदार उपहार जीतने का रोमांचक अवसर मिलेगा. मेगा लकी ड्रॉ में स्कोडा कुसाक कार बंपर इनाम के रूप में दी जाएगी. इसके अलावा सैमसंग एलइडी टीवी, सैमसंग डबल डोर फ्रिज, फुली ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन, स्मार्टफोन, माइक्रोवेव ओवन, डिजिटल डोर लॉकर, हाइडिजाइन बैग्स व लेदर एक्सेसरीज, अमेरिकन टूरिस्टर ट्रॉली बैग्स, एलिगेंट डिनर सेट, फैबर बर्नर कुकटॉप समेत कई आकर्षक उपहार शामिल होंगे.

# पांडू में -मापक अमीन प्रशिक्षण परीक्षा में 65 अभ्यर्थी हुए शामिल

शुभम संदेश । पांडू (पलामू)



**परीक्षा दो पालियों में ली गई**

- **प्रथम पाली** में अभ्यर्थियों से किश्तवार, खाना पूरी, चकबंदी, गणित एवं विशेष ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए
- **द्वितीय पाली** में प्रायोगिक विषयों की परीक्षा ली गई। परीक्षा केंद्र अधीक्षक ने बताया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई

नव भारत निर्माण संस्थान, चास बोकारो द्वारा आयोजित भू मापक अमीन प्रशिक्षण परीक्षा रविवार को पांडू पंचायत सचिवालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुई. इस परीक्षा में लगभग 65 अभ्यर्थियों ने भाग लिया.

परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई. प्रथम पाली में अभ्यर्थियों से किश्तवार, खाना पूरी, चकबंदी, गणित एवं विशेष ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जबकि द्वितीय पाली में प्रायोगिक विषयों की परीक्षा ली गई. परीक्षा केंद्र अधीक्षक साहेब राव शर्मा ने बताया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई. उन्होंने कहा कि नव भारत निर्माण संस्थान द्वारा झारखंड के कई जिलों एवं प्रखंडों में इस तरह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे प्रशिक्षित अमीन आज विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यों में अपना योगदान देकर जीविका चला रहे हैं.

परीक्षा केंद्र नियंत्रक शत्रुघ्न महथा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक सफल प्रयास है. नव भारत निर्माण संस्थान के माध्यम से सैकड़ों अमीन आज आत्मनिर्भर बन चुके हैं.

परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों में चंदन कुमार सिंह, राजेंद्र विश्वकर्मा, रघुनाथ प्रजापति, सुभाष कुमार यादव, अजीत कुमार यादव एवं मोहम्मद राशिद आलम सहित अन्य परीक्षार्थी उपस्थित थे. परीक्षा के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा और सभी अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया.

## गिरिवर प्लस टू उवि में परिमल प्रवाह का विश्व संस्कृत दिवस



संवाददाता । मेदिनीनगर (पलामू)

शनिवार को श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में परिमल प्रवाह साहित्यिक संस्था द्वारा गिरिवर प्लस तू उच्च विद्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के उपाध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ने की. मां सरस्वती एवं मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ. 6 वर्षीय बालिका मिसीता कुमारी द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया, जबकि मंच संचालन डॉ. विजय प्रसाद शुक्ल ने किया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्रनाथ दुबे ने कहा कि संस्कृत ज्ञान-विज्ञान की जननी है और इसके अध्ययन को वर्तमान युग में अनिवार्य रूप से अपनाया जाना चाहिए. विशिष्ट अतिथि श्रीधर प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि हमारे समस्त संस्कार संस्कृत भाषा में निहित हैं, अतः संस्कृत का अध्ययन आवश्यक है. वहीं हरिवंश प्रभात ने संस्कृत के प्रचार-प्रसार को समय की आवश्यकता बताया और इसे जन-जन की भाषा बनाने हेतु सामूहिक प्रयास की जरूरत बताई. मुख्य वक्ता डॉ. योगनाथ शुक्ला ने सरकार पर संस्कृत की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए इसे अनिवार्य भाषा के रूप में लागू करने की मांग की, जिससे हम अपने सांस्कृतिक ज्ञान को आत्मसात कर सकें.

रामप्रवेश पंडित ने जयदेव कृत 'दशावतार स्तुति' का सस्वर पाठ कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग प्रदान किया. इस अवसर पर परिमल प्रवाह के सचिव विजय शंकर मिश्र, मनीष मिश्रा, जितेंद्र नाथ तिवारी, आराध्या कुमारी, अभिषेक पाठक, वंदना श्रीवास्तव, डॉ. राजकिशोर दुबे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे. कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ सत्यनारायण तिवारी ने किया.

### फाइलेरिया मुक्त लातेहार अभियान की शुरुआत, विधायक बोले

# फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी जनसहभागिता से ही उन्मूलन

- 10 से 25 अगस्त तक जिले भर में चलेगा एमडीए-आईडीए 2025 अभियान, 7.92 लाख लोगों को खिलाई जाएगी दवा



शुभम संदेश । लातेहार

जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से एमडीए-आईडीए 2025 अभियान का शुभारंभ रविवार को लातेहार सदर अस्पताल परिसर से किया गया.

इस अवसर पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिप सदस्य विनोद उरांव सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया.

कार्यक्रम के दौरान विधायक और उपायुक्त ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर जिलेवासियों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की. विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जो मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है और यह दुनिया में विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण बन चुकी है. इससे बचाव का एकमात्र तरीका है कि हर साल इस दवा का सेवन सभी लोग स्वास्थ्यकर्मी के सामने करें.

उन्होंने कहा कि यह जन-स्वास्थ्य अभियान केवल सरकारी प्रयास से सफल नहीं हो सकता, जन-सहभागिता भी उतनी ही जरूरी है. हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे परिवार, गांव और जिले का हर नागरिक दवा खाए और स्वस्थ रहे.

**फाइलेरिया के बारे में जागरूकता जरूरी**

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. राज मोहन खलखो ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर संक्रामक रोग है, जिसके परजीवी लंबे समय तक शरीर में बिना लक्षण के रह सकते हैं. संक्रमित व्यक्ति स्वस्थ दिखते हुए भी इस रोग को फैला सकता है. ऐसे में हर साल दवा खाकर ही इस बीमारी से बचाव संभव है.

**जागरूकता रथ को हरी झंडी**

कार्यक्रम के अंत में विधायक रामचंद्र सिंह और उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जिलेभर में जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए जागरूक करेगा.

**7.92 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य** : इस अभियान के तहत लातेहार जिले की कुल लक्षित जनसंख्या 7,92,854 है, जिन्हें फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी, एलबेंडाजॉल और आइवरमेक्टिन दी जाएगी. पहले दिन यानी 10 अगस्त को 1081 बूथों पर दवा का सेवन कराया जाएगा.

**2162 दवा प्रशासकों की तैनाती, घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे** : 11 अगस्त से 25 अगस्त तक 2162 दवा प्रशासकों की टीम घर-घर जाकर उन लोगों को दवा खिलाएगी जो पहले दिन छूट गए होंगे. इस अभियान की निगरानी के लिए 126 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं. यह अभियान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 849 गांवों में चलाया जाएगा.

कौन नहीं खाए दवा?

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी. दवा का सेवन कभी भी खाली पेट नहीं करना चाहिए.

**मौके पर कई अधिकारी व प्रतिनिधि रहे उपस्थित** : इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) डॉ. चंदन सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. शोभना टोप्पो, राज्य सलाहकार विनय कुमार, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि डॉ. मनोज कुमार सहित सदर अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मी उपस्थित थे.

लातेहार प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि इस जन-स्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें और समय पर दवा का सेवन कर फाइलेरिया उन्मूलन में सहभागी बनें.

### जेपीएससी में विक्रम की सफलता पर सांसद ने किया सम्मान

## सांसद का भव्य स्वागत, सड़क की समस्या पर भी लिया संज्ञान



शुभम संदेश । लातेहार

मनिका प्रखंड में रविवार को चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया. भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सांसद ने जेपीएससी परीक्षा में सफल मनिका के किसान सूर्यदेव सिंह के पुत्र विक्रम सिंह उर्फ श्रवण को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया.

सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि पढ़ाई में मन लगाने वाले की कभी हार नहीं होती. बच्चों को पढ़ाई से दूर नहीं भागना चाहिए और सफलता पाने के लिए मेहनत जरूरी है. उन्होंने विक्रम की सफलता को इस बात का प्रमाण बताया और उनके पिता को मुंह मीठा कर धन्यवाद भी दिया.

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सांसद को मनिका से बेसना जाने वाली सड़क की खराब हालत के बारे में भी बताया. यह सड़क बारिश के कारण बहकर टूट गई है. ग्रामीणों ने इस समस्या से निपटने के लिए लिखित आवेदन भी सौंपे. सांसद ने जल्द ही इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया.

इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, संदीप उरांव, धर्मजीत राय, विशु राय, मंटू प्रसाद गुप्ता, दरोगी यादव, लव कुमार यादव, शंकर दुबे, बिट्टू कुमार, दिलीप कुमार समेत कई भाजपाई मौजूद थे.

### घरेलू विवाद में महिला ने खाई कीटनाशक दवा



**बालूमाथ (लातेहार)**। पारिवारिक विवाद में एक महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या की कोशिश की है. जिसे नाजुक स्थिति में चिकित्सकों के द्वारा रिम्स रेफर कर दिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार हेरहंज निवासी कतकी देवी 40 वर्ष, पति राजदेव गंझू ने रविवार को पारिवारिक विवाद में गुस्से में कीटनाशक का सेवन कर लिया. घटना के बाद महिला मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ी. परिजनों को जब इसकी भनक लगी, तो उन्होंने तुरंत अचेत अवस्था में महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. वहां डॉ. सुरेंद्र कुमार और डॉ. अलीशा टोप्पो ने जांच उपरांत महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया. चिकित्सकों ने बताया कि कीटनाशक का असर होने से महिला की स्थिति बिगड़ गई है.

## चतुर्थवर्गीय नियुक्ति प्रक्रिया का मामला बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न

संवाददाता । मेदिनीनगर



बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय में मोर्चा अध्यक्ष उदय राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक को लेकर चल रहे आंदोलन की समीक्षा की गई.

बैठक में वक्ताओं ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर विज्ञान संख्या 01/2025 के तहत चतुर्थ वर्ग के पदों पर बहाली के लिए विज्ञापन जारी किया गया था. इस प्रक्रिया में राज्यभर से लगभग 35,000 बेरोजगारों ने आवेदन किया था, जिनमें एक अभ्यर्थी को फॉर्म भरने में लगभग 500 तक खर्च करना पड़ा. लेकिन अचानक झारखंड सरकार ने इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी.

सरकार का कहना है कि नई नियुक्ति नियमावली के तहत बहाली की जाएगी, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक कोई नियमावली तैयार नहीं की गई है. मोर्चा का आरोप है कि सरकार की मंशा साफ नहीं है और वह जानबूझकर इस प्रक्रिया को लटकाए हुए है ताकि बहाली ही न करनी पड़े. यह बेरोजगारों के साथ अन्याय है और इससे राज्य के युवाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है.

बैठक में निर्णय लिया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया पर से रोक हटाने की मांग को लेकर बेरोजगारों का एक प्रतिनिधिमंडल 25 अगस्त को पलामू प्रमंडलीय आयुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा.

बैठक में कृष्णा राम, जयपाल मुंशी, संजय मिस्त्री, संतोष विश्वकर्मा, संजय कुमार, सतीश दुबे, अजीत कुमार, अजय कुमार, सतीश कुमार समेत कई बेरोजगार युवा शामिल हुए. सभी ने आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया.

## एक नजर

### धनरोपनी कर किसानों को दिया श्रम का संदेश



**विश्रामपुर (पलामू)**। भाजपा नेता रामाशीष यादव रविवार को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचे और किसानों के साथ खेतों में उतरकर धान रोपाई की. उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके परिश्रम को सलाम किया. खेतों में कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हुए यादव ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवन की रीढ़ हैं. उनके पसीने की बूंदें ही हमारे घरों में अन्न का रूप लेती हैं. उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि विश्रामपुर क्षेत्र में कृषि विकास, सिंचाई व्यवस्था और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे. इस मौके पर रामाशीष यादव ने किसानों की समस्याएं भी सुनीं और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया. स्थानीय किसान संगठनों के सदस्य और सैकड़ों ग्रामीण इस मौके पर उपस्थित थे, जिन्होंने नेता के श्रम और संवेदनशीलता की सराहना की.

### फरार नक्सली के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार



**छतरपुर**। भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य और इनामी नक्सली संजय गोदराम उर्फ संजय यादव उर्फ बुधराम के घर पुलिस ने शनिवार को देवगन स्थित उनके पैतृक घर न्यायालय द्वारा जारी इस्तेहार लगाया है. उक्त आशय की जानकारी थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने देते हुए बताया कि छतरपुर थाना कांड संख्या 166/23 दिनांक 03 सितंबर 23 को धारा -384/ 385 /386 /387 /34 भा0द0वी एवं 17 CLA एक्ट एवं धारा 10/13 यू ए पी ए के प्राथमिक अभियुक्त संजय यादव उर्फ गोदराम जी उर्फ बुधराम जी पिता सरयू यादव सा0- देवगन थाना छतरपुर जिला पलामू के विरुद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को विधिवत तमिला किया गया.

### एकल अभियान लातेहार की अंचल समिति की बैठक



**लातेहार**। एकल अभियान संभाग दक्षिण झारखंड के भाग लोहरदगा अंचल लातेहार की अंचल समिति की विशेष बैठक 10 अगस्त 2025 को अपराह्न 2 बजे एकल अभियान अंचल कार्यालय, चंदनडीह में आयोजित की गई. बैठक में श्री रमेश प्रसाद गुप्ता (उपाध्यक्ष, एकल श्री हरि वनवासी विकास ट्रस्ट), श्री राजीव रंजन पांडेय (संस्कार सचिव), श्री मनमोहन राम (अंचल कार्यकारणी समिति उपाध्यक्ष एवं श्री हरि कथा योजना अध्यक्ष), श्री राजेंद्र प्रसाद (अंचल सचिव), श्री नरेश पांडेय (अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रभारी), श्री दुर्गा प्रसाद (संस्कार कोषाध्यक्ष), श्री देवकीनंदन दास (केंद्रीय व्यास प्रशिक्षण प्रमुख), श्री बबलू प्रजापति (संभाग कार्यालय प्रमुख), अवध किशोर यादव (अंचल अभियान प्रमुख), राहुल कुमार (अंचल कार्यालय प्रमुख) और रमेश कुमार (अंचल सहायक) सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे. ठक में आगामी क्षमता विकास वर्ग का आयोजन 18 से 25 अगस्त 2025 तक श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर, लातेहार में करने का निर्णय लिया गया. साथ ही आयोजन समिति का गठन भी किया गया. सभी सदस्यों ने इस वर्ग को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया. बैठक का समापन ₹जय सियाराम₹ के उद्घोष के साथ हुआ.

### अमझरिया घाटी : कार पेड़ से टकराई, मां-बेटी की मौत



**लातेहार**। रक्षाबंधन के दिन एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे परिवार की खुशियों को गम में बदल दिया. रविवार को अमझरिया घाटी स्थित सिसकारियां मोड़ पर टाटा टियागो (यूपी-6एफ-ए 8423) कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई. भीषण टक्कर में मां आशा देवी और बेटी शिखा कुमारी (22 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो सगे भाई आशीष कुमार और प्रेम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया गया कि सभी लोग बोकारो स्टील सिटी, सेक्टर 8 के क्वार्टर नंबर 20/83 निवासी हैं. वे रक्षाबंधन मनाने अपनी बहन के घर लातेहार आए थे. राखी बांधने के बाद जब वे लौट रहे थे, तभी घाटी में वाहन तेज रफ्तार के कारण अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया.हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. स्थानीय लोगों की सूचना पर अमझरिया थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उन्हें रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया. घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई. मौके पर पहुंचे जेएमएम नेता इश्तियाक खान उर्फ पप्पन खान ने घायलों को बाहर निकालने और अस्पताल पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई. हादसा पूरे इलाके में शोक का कारण बना हुआ है.

**आक्रोश** बालूमाथ में तालाब और स्कूल की जमीन की अवैध बंदोबस्ती

# ग्रामीणों ने उपायुक्त से रद्द करने की लगाई गुहार

शुभम संदेश । बालूमाथ (लातेहार)




मारंगलोइया पंचायत के कोलपटिया गांव में भूमाफियाओं ने 5.79 एकड़ गैरमजरूआ जमीन की बंदोबस्ती कराई है, जिसमें सरकारी स्कूल और ग्रामीणों के सिंचाई के लिए बने तालाब की जमीन भी शामिल है. यह जमीन वर्षों से गांव के दर्जनों परिवार जोत-कोड़ कर उपयोग कर रहे थे.

ग्रामीणों का कहना है कि बंदोबस्ती पर भोला पांडेय, दिनेश पांडेय और मुनेश्वर पांडेय के फर्जी हस्ताक्षर कराए गए हैं, जबकि इन लोगों और उनके पिता अनिरुद्ध पांडेय के नाम पहले से ही काफी जमीन है. उन्होंने लातेहार के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को आवेदन देकर इस अवैध बंदोबस्ती को रद्द करने की मांग की है.

ग्रामीणों ने बताया कि वे अधिकांश गरीब, मजदूर, पिछड़ी जाति और भूमिहीन हैं, जो दशकों से इस जमीन को जोत-कोड़ कर अपना जीवन चला रहे हैं.

बंदोबस्ती के बाद भूमि पर कब्जा करने के प्रयास के दौरान उन्हें गाली-गलौज, मारपीट और झूठे मुकदमों की धमकी दी जा रही है.

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि बंदोबस्ती की गई भूमि में सरकारी स्कूल और सिंचाई के लिए बनाया गया तालाब भी शामिल है, जो कि पूरी तरह से ग्रामीणों के हित में है. इसलिए उन्होंने अनुरोध किया है कि इस मामले की जांच कर अवैध बंदोबस्ती को रद्द किया जाए और न्याय दिलाया जाए.

इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में लोचन ठाकुर, लालजी यादव, रामधनी यादव, नान्हू यादव, गंगेश्वर यादव, चैतलाल ठाकुर, सरहुल यादव, प्रसाद यादव, कामेश्वर यादव, कमल प्रणापति, जनक प्रजापति, सनू प्रजापति, दीपन प्रजापति, सहदेव यादव, महादेव यादव, विशेश्वर यादव, अरुण यादव, हुलास यादव, रामविलास यादव शामिल हैं. ग्रामीणों की मांग है कि उपायुक्त इस मामले में संज्ञान लें और अवैध कब्जा खत्म कराया जाए.

## मनोकामना बाबा स्थान में सावन पूर्णिमा पर एक दिनी मेला संपन्न, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

शुभम संदेश । पांडू (पलामू)



पांडू प्रखंड के मुसिखाप गांव स्थित धुरिया नदी के तट पर मनोकामना बाबा स्थान पर रक्षाबंधन एवं सावन पूर्णिमा के अवसर पर एक दिवसीय मेले का आयोजन पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया. पिछले 10 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस मेले में श्रद्धालुओं ने धुरिया नदी तक जाकर मनोकामना बाबा पर जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की. मेले का आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. नंदू यादव और सचिव अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में किया गया. हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव लीला एवं कृष्ण लीला का मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के कई क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए.

डॉ. यादव ने बताया कि मेले में विश्रामपुर, ऊंटरी, छतरपुर, हुसैनाबाद सहित बिहार के सीमावर्ती इलाकों से भी श्रद्धालु पहुंचे और जलाभिषेक कर बाबा से मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की. मेले की शांति एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए 50 से अधिक वॉलिंटियरों की तैनाती की गई थी.

मेले में आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत शिव लीला एवं कृष्ण लीला ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. मौके पर पंचायत के पूर्व मुखिया अरविंद कुमार सिंह, वर्तमान पंचायत समिति सदस्य रामप्रवेश शाह उर्फ ठेघु साह, शिक्षक रामविलास सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित दर्जनों गणमान्य लोग भी शामिल हुए. इसके अतिरिक्त पांडू शंकर मंदिर, करमडीह विश्वनाथ मंदिर, रामजानकी मंदिर, तीसीबार वेणुगोपाल मंदिर एवं बृधखैरा सहित विभिन्न मंदिरों में भंडारा और महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.

**ब्रीफ न्यूज**

### युवा शक्ति एक नई सोच ने निकाली तिरंगा यात्रा

**डोमचांच (कोडरमा)** । अगस्त क्रांति के अवसर पर रविवार को युवा शक्ति एक नई सोच के द्वारा डोमचांच में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. यह यात्रा चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के मैदान से शुरू होकर डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र और प्रखंड के कई इलाकों का भ्रमण करते हुए लगभग पांच किलोमीटर लंबी रही. इस यात्रा में डोमचांच के मॉडल एकेडमी, श्री महेश एकेडमी, इंस्पायर्ड विजन स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, मंथन नेशनल स्कूल, संत अरविंद एकेडमी, सन साइन एजुकेशन, ग्रिजली पब्लिक स्कूल, उमा भारती हाई स्कूल, लक्ष्य कॉन्वेंट, संत पॉल पब्लिक स्कूल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय सहित कई विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल थे. पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के उद्घोष से क्षेत्र गूंज उठा. तिरंगा यात्रा का स्वागत स्थानीय लोगों ने भी दिल खोलकर किया. कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरा यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख डॉ. सत्यनारायण यादव, भाजपा नेता रमेश सिंह, समाजसेवी उमेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि सुजीत मेहता, मॉडल एकेडमी निदेशक संगीता सिंहा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे.इस आयोजन के माध्यम से युवाओं ने राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता संग्राम की भावना को जागरूक करने का संदेश दिया.

**कोयला ढुलाई में अव्यवस्था के कारण घनी आबादी वाले इलाके में रहनेवाले लोग परेशान, जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल**

# टंडवा से केरेडारी व टंडवा से सिमरिया तक लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल

**मैनेजिंग के बल पर हो रही है कोयले की ट्रांसपोर्टिंग: राजेंद्र प्रसाद**

**बड़े अधिकारियों व नेताओं का रहता है संरक्षण प्राप्त,राहगीर रहते हैं परेशान : विकास पांडेय**

**हाइवा चालकों की मनमानी से आम जनता रहती है परेशान, सड़क पर पूरी तरह से रहता हाइवा का कब्जा**

**अधिकारी सुध लेने और व्यवस्था ठीक करने में नहीं रहे दिलचस्पी**

**सड़कों पर हाइवा की तेज रफ्तार की कहर से ग्रामीण रहते हैं भयभीत**

**हजारीबाग जिला के केरेडारी चट्टी बारियातू माइंस से टंडवा, सिमरिया, चतरा होते हुए कोयले की ढुलाई कर टोरी साइडिंग तक पहुंचायी जा रही है.**



**प्रदूषण के कारण लोग हो रहे बीमारियों का शिकार, दुर्घटनाओं से लोगों की जा रही है जान, लेकिन जिम्मेवार अफसर मौन हैं**



**संवाददाता । टंडवा/चतरा**

कोयला कंपनियों द्वारा पिछले 10 वर्षों में भी अलग कोल ट्रांसपोर्टिंग मार्ग नहीं बनाए जाने से टंडवा, सिमरिया, मिश्रौल, बगरा जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र के लोगों का जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है. ओसेल, जेआरएल, समृद्धि एंटरप्राइजेज व अन्य कोल कंपनियों द्वारा भारी भरकम हाइवा और ट्रकों से खुलेआम कोयला ढुलाई की जा रही है, जिससे आम लोगों को धूल, प्रदूषण, हादसों और मानसिक पीड़ा से जूझना पड़ रहा है.

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क किनारे बसे लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है. सड़कें धूल में गुम हो चुकी हैं और कई स्थानों पर हाईवा वाहन चालक सड़कों पर ही वाहन पार्क कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है. इन हालातों के बावजूद न तो प्रशासन की ओर से कोई कड़ा कदम उठाया जा रहा है और न ही कोल कंपनियों को वैकल्पिक परिवहन मार्ग बनाने के लिए बाध्य किया जा रहा है.

लोगों का एक ही सवाल होता है कि आखिर इन कंपनियों को सार्वजनिक मार्गों पर कोयला ढुलाई की अनुमति किसने दी? अगर कोई विभागीय आदेश है, तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता? गलत तरीके से कोयला ढुलाई के कारण आम जनजीवन प्रभावित है. हाईवा चालक रफ्तार में जैसे-तैजे वाहन चलाते हैं, जिससे कई निर्दोषों की जान भी जा चुकी है. विभाग और जनप्रतिनिधि इस गंभीर विषय पर मौन धारण किए हुए हैं, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है.

चतरा जिले में हजारीबाग की गाड़ियों पर प्रतिबंध है, फिर हजारीबाग जिले की भारी-भरकम कोयलावाली गाड़ियां चतरा में बेधड़क चल रही हैं. लोगों का सवाल है कि आखिर इस मामले में प्रशासन और नेताओं ने चुप्पी की चादर क्यों ओढ़ रखी है.

गलत तरीके से कोयला ढुलाई की जा रही है, लेकिन जिम्मेवार लोगों ने चुप्पी साध रखी है. लोगों का कहना है कि जिम्मेवार अधिकारियों को वैकल्पिक कोल परिवहन मार्ग बनाने की आवश्यकता है, वरना आने वाले समय में जनआक्रोश विकराल रूप ले सकता है.

## भारत रत्न से सम्मानित किया जाए गुरुजी को : रामा सोनी

- झारखंड आंदोलन के प्रतीक और आदिवासी अस्मिता के अग्रदूत को देश का सर्वोच्च सम्मान देने की मांग रखी

**शुभम संदेश । हजारीबाग**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद पूरे राज्य में शोक की लहर है. उनके योगदान को याद करते हुए झामुमो के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी रामा सोनी ने भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की और केंद्र सरकार से भारत रत्न देने की मांग की.

रामा सोनी ने कहा कि दिशोम गुरु का जीवन झारखंड के अधिकार, सम्मान और अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित था. उन्होंने अलग राज्य की लड़ाई लड़ी, आदिवासी और मूलवासी समाज की आवाज को संसद तक पहुंचाया, और झारखंड को एक पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई.

उन्होंने कहा, "शिबू सोरेन का जाना सिर्फ झारखंड नहीं, बल्कि पूरे देश की अपूरणीय क्षति है. वे न केवल एक नेता थे, बल्कि एक आंदोलनकारी, एक समाज सुधारक और गरीबों-मजदूरों के मसीहा थे. झारखंड की मिट्टी, जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया."

रामा सोनी ने केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा, "ऐसे महान नेता को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए. उनका संघर्ष, योगदान और आदिवासी समाज के लिए किया गया काम अविस्मरणीय है. भारत रत्न केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उनके जीवन संघर्ष को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देने का माध्यम होगा."

उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया कि वे अपने पिता दिशोम गुरु के अधूरे सपनों को पूरा करें और झारखंड को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार, और बुनियादी विकास के क्षेत्र में आगे ले जाएं.

रामा सोनी ने कहा कि दिशोम गुरु ने झारखंड आंदोलन को नई दिशा दी और हजारों युवाओं को प्रेरित किया. उनका जीवन देश भर के वंचित, शोषित और आदिवासी समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा. उन्होंने अंत में दोहराया कि शिबू सोरेन का योगदान झारखंड से कहीं आगे, पूरे भारत के लिए एक आदर्श है. ऐसे नेता को भारत रत्न से सम्मानित करना पूरे देश का सम्मान होगा.

## भारत का पहला फ्लेक्सीकैप इंडेक्स फंड लॉन्च

**हजारीबाग** । डीएसपी म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए एक अनोखा और नवोन्मेषी निवेश विकल्प प्रस्तुत किया है. कंपनी ने 'डीएसपी निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 इंडेक्स' नाम से भारत का पहला फ्लेक्सीकैप इंडेक्स फंड लॉन्च किया है. यह फंड कम लागत वाली पहली फ्लेक्सीकैप निवेश रणनीति पर आधारित है, जिसमें दो प्रमुख तत्वों को जोड़ा गया है-उच्च गुणवत्ता वाले शेयरों में निवेश और गतिशील संकेतों के आधार पर तेज़ निर्णय.

यह फंड निवेशकों को एक अनुशासित, दीर्घकालिक निवेश दृष्टिकोण अपनाने में मदद करेगा, साथ ही बाजार की अस्थिरता में भी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की रणनीति प्रदान करेगा. फंड की सबसे खास बात यह है कि यह बाजार के उच्चतम स्तर पर की गई खरीदारी के जोखिम को भी काफी हद तक कम करता है. **फंड की विशेषताएं:** यह नया फंड इक्विटी निवेशकों की उन प्रमुख चुनौतियों को हल करता है जिनका सामना उन्हें आमतौर पर करना पड़ता है—जैसे कि उच्च गुणवत्ता वाले शेयरों की पहचान करना और लार्ज, मिड और स्मॉल कैप स्टॉक्स में संतुलित आवंटन करना. यह आवंटन पूरी तरह स्वचालित और डेटा-आधारित होता है, जिससे निवेशक बेहतर निर्णय ले सकते हैं. डीएसपी म्यूचुअल फंड के मार्केट स्ट्रैटेजिस्ट और प्रोडक्ट्स प्रमुख साहिल कपूर ने बताया कि, "फंड की रणनीति फ्लेक्सी-मोमेंटम-आधारित पुनर्संतुलन और अनुशासित गुणवत्ता स्क्रीनिंग के एक स्मार्ट संयोजन पर आधारित है. यह निवेशकों को गति और लचीलापन दोनों प्रदान करता है." यह फंड उन निवेशकों के लिए आदर्श विकल्प है जो बाजार में बदलते रुझानों के बीच एक संतुलित और विवेकपूर्ण रणनीति अपनाना चाहते हैं.

## उमा भारती हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 10 किमी की पैदल यात्रा में प्रस्तुत की देशभक्ति की झांकी



**डोमचांच (कोडरमा)** । आजादी की लड़ाई में शहीद हुए डोमचांच के वीर सपूतों की स्मृति में रविवार को युवा शक्ति के बैनर तले तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. इस ऐतिहासिक यात्रा में डोमचांच प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं और आम नागरिक शामिल हुए. तिरंगा यात्रा में उमा भारती हाई स्कूल, जेरुवाडीह डोमचांच के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया. स्कूल की ओर से कक्षा आठवीं, नवम और दशम के विद्यार्थियों ने भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई और सुभाष चंद्र बोस जैसी ऐतिहासिक झांकियां प्रस्तुत कीं. छात्राओं में ज्योति कुमारी और शिवानी कुमारी ने भारत माता, निशा शर्मा और खुशबू कुमारी ने रानी लक्ष्मीबाई, जबकि आयुष कुमार ने सुभाष चंद्र बोस की भूमिका निभाई. साथ ही, दशम वर्ग के छात्रों ने कमांडो की झांकी प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया. सभी प्रतिभागियों ने लगभग 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा पूरी की, जिसमें उन्होंने देशभक्ति के नारों और तिरंगे के साथ अद्भुत जोश का प्रदर्शन किया.

**"हर घर तिरंगा" अभियान को मिली नई ऊर्जा**

# कार्यशाला में मंडल अध्यक्षों को दिए गए पांच-पांच सौ तिरंगे

**कार्यशाला आयोजित, तिरंगे का सम्मान और संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प**



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में जोश के साथ चलाए जा रहे "हर घर तिरंगा" अभियान को सदर विधानसभा क्षेत्र ने भी उत्साह से अपनाया है. इस संदर्भ में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विधानसभा के आठों मंडलों के अध्यक्ष और भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने प्रत्येक मंडल अध्यक्ष को 500-500 तिरंगे प्रदान किए, जिससे कुल 4,000 तिरंगे वितरित हुए. यह राशि विधानसभा के सभी घरों तक राष्ट्रीय ध्वज पहुँचाने के मजबूत संकल्प को दर्शाती है. कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जिन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हर भारतीय की आत्मा में देशप्रेम और गर्व की भावना को जगाने का अवसर है. उन्होंने सांसद से यह आग्रह किया कि कार्यकर्ता व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ लोगों को तिरंगा लगाने की प्रेरणा दें. "हर घर तिरंगा सिर्फ झंडा फहराने का अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है," उन्होंने जोर देकर कहा.

विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा, "मैं चाहता हूँ कि यह राष्ट्रीय ध्वज समाज के हर वर्ग तक पहुँचे. कृपया इसे सम्मानपूर्वक फहराएं—कम से कम ऐसी जगह जहाँ रोशनी हो; शाम से पहले इसे नीचे उठा लेना चाहिए. यह झंडा हमारी आन, बान, शान का प्रतीक है और इसे गर्व और सम्मान के साथ फहराना चाहिए. यह पहल सरकारी नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए आपकी श्रद्धा और समर्पण है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है." कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिश श्रीवास्तव, के.पी. ओझा, सुन्देश चन्द्रवंशी, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, भाजपा वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह राठौर, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, जिला मंत्री रीतलाल यादव, क्षेत्रीय मंडल अध्यक्ष कृष्णा मेहता, रणधीर पाण्डेय, प्रकाश कुशवाहा, कैलाश यादव, अशोक कुशवाहा, कविन्द्र यादव, राजेश गुप्ता, विमल गुप्ता, मनोज सिन्हा, मनीष ठाकुर, बलराम शर्मा, वीरू साव, नारायण कुशवाहा, अशोक राणा, विकास मेहता, विरेन्द्र ओझा, रामअवतार शर्मा, बिरजू रवि, सुमन राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे.

कार्यशाला में यह बात स्पष्ट रूप से उजागर हुई कि "हर घर तिरंगा" अभियान को सफल बनाने के लिए रणनीति, साधन और उत्साह—तीनों की एक साथ आवश्यकता है. कार्यकर्ताओं को निर्धारित मानक के मुताबिक अभियान को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि भागीदारी सिर्फ दिखावे की न रहे, बल्कि देशभक्ति की एक सजीव अभिव्यक्ति बने. कार्यशाला सफलता के साथ समापन को मिली, जहां सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर राष्ट्रध्वज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और अभियान को ऐतिहासिक स्वरूप देने हेतु एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया.

### हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यशाला संपन्न

**टंडवा** । टंडवा मंडल भाजपा कार्यालय में तिरंगा यात्रा को लेकर एक बैठक की गई. बैठक के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार पांडेय संचालन रंजीत कुमार गुप्ता ने किया. आगामी 13 अगस्त दिन बुधवार को समय दोपहर 02 बजे स्थान अंबेडकर चौक टंडवा से तिरंगा यात्रा प्रारंभ कर बाजार टांड़ टंडवा भाजपा कार्यालय के समीप समापन किया जाएगा. आप सभी भाजपा नेता कार्यकर्ता से आग्रह है कि ससमय कार्यक्रम स्थल में पहुंचने का कष्ट करें. ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके. बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश कार्य समिति सदस्य अक्षयवट पांडे जी, जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता, भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडे, पिपरवार मंडल प्रभारी, गणेश गुप्ता, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बबलू प्रसाद गुप्ता, रामेश्वर मिस्त्री, अजय सिंह, भाजपा नेता जगदीश महतो, विस्तारक धनंजय कुमार पांडे, गणेश पासवान, सुरेंद्र कुमार चौरसिया आदि मौजूद थे.

### महिला मोर्चा ने पुलिस बल के प्रति जताया सम्मान



**टंडवा** । राखी के पावन अवसर पर टंडवा थाना परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला परिषद सदस्य देवंती देवी, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्षा, उपाध्यक्षा सहित अनेक बहनों एवं महिलाओं ने भाग लिया. इस कार्यक्रम के तहत बहनों ने थाना में तैनात पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर उनके प्रति कृतज्ञता और स्नेह व्यक्त किया. यह आयोजन उन प्रहरी भाइयों को समर्पित था, जो दिन-रात हमारी सुरक्षा में तत्पर रहते हैं. बहनों ने मिठाई खिलाकर और शुभकामनाएं देकर पुलिस बल के त्याग, समर्पण और सेवा भावना को सलाम किया.

**श्रद्धांजलि** | **सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे नेमरा**

# पूर्व सीएम शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

- शोक संतप्त सीएम हेमंत सोरेन सहित उनके परिजनों से मिलकर जताई गहरी संवेदना



**संवाददाता । हजारीबाग**

रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के पैतृक गांव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रांतर्गत रामगढ़ जिला जिला के बरलंगा प्रखंड स्थित ग्राम नेमरा पहुंचकर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनकी पुनीत आत्मा की शांति की कामना की. इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की. सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष और जनसेवा के प्रति समर्पण हमेशा समाज के लिए प्रेरक रहेगा.

मौके पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, भाजपा नेता छोटन सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, वरिष्ठ नेता मनोज महतो, बरलंगा मंडल सांसद प्रतिनिधि मंशू वेदिया, बबली सिंह, के.बी. सहाय, ललन कुशवाहा, सूरज वर्मा, संतोष कुशवाहा, बासुदेव, सुधीर महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें.

## एक नजर

### चौपारण थाना प्रभारी ने पशुपालकों को दी सख्त चेतावनी- सड़कों पर मवेशी छोड़े तो होगी कार्रवाई



**चौपारण (हजारीबाग)** । जीटी रोड (एनएच-19) और चतरा रोड पर आवारा पशुओं के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने पशुपालकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों में कई दुर्घटनाएं केवल इसलिए हुई हैं क्योंकि मवेशी खुले में छोड़ दिए गए थे. थाना प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि यदि कोई मवेशी सड़क पर बैठा या घूमता पाया गया, तो उसके मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विशेषकर रात के समय अपने मवेशियों को बांधकर रखें ताकि सड़क पर यातायात सुचारू रहे और जानमाल की हानि न हो. उन्होंने कहा, थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी दुर्घटना हो सकती है. जिम्मेदारी सभी की है कि सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता दें. यह सख्ती चौपारण क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर उठाया गया अहम कदम है. थाना प्रभारी ने सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक मिलकर ही सुरक्षित माहौल बना सकते हैं.

### फाइलेरिया मुक्ति अभियान की शुरुआत ,10 से 25 तक चलेगा जागरूकता व दवा वितरण अभियान



**हंटरगंज (चतरा)** । चतरा जिले के हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया गया. सीएचसी प्रभारी डॉ. वेद प्रकाश ने फीता काटकर व एल्बेंडाजोल तथा डीईसी टैबलेट खिलाकर अभियान की विधिवत शुरुआत की. डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर और लाइलाज बीमारी है, जो संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है. इससे बचाव का एकमात्र उपाय समय पर दवा का सेवन और जागरूकता है. उन्होंने लोगों से अपील की कि वे खुद भी दवा लें और अपने परिवार, पड़ोसियों और समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें. अभियान के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सफाई और सामुदायिक जागरूकता पर विशेष जोर दिया जा रहा है. 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को दवाइयां निःशुल्क वितरित की जाएंगी. इस मौके पर बीपीएम संजय कुमार सिन्हा, डॉ. अनवर, राजेश कुमार सिंह, सौरभ कुमार, पीरामल फाउंडेशन और शिवा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों सहित कई स्वास्थ्यकर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे.

### गुरुजी को श्रद्धांजलि, भारत रत्न देने की मांग उठी



**जयनगर (कोडरमा)** । झामुमो के दिवंगत वरिष्ठ नेता और झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए रविवार को झामुमो जिला सह सचिव गोविंद प्रसाद बिहारी के आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. सभा में उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया. उपस्थित नेताओं और ग्रामीणों ने शिबू सोरेन के संघर्षपूर्ण जीवन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने झारखंड की अस्मिता और अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया, इसलिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए. कार्यक्रम में महावीर यादव, डेगलाल चौधरी, विवेक गुप्ता, श्याम सुंदर यादव, महेंद्र राय, अशोक स्वर्णकार, मनोज यादव समेत कई लोग शामिल हुए.

### सरौनी गांव में दुर्गापूजा कमेटी का हुआ गठन

**हजारीबाग** । सदर प्रखंड के सरौनी गांव में एक बैठक का आयोजन रविवार को हुआ. अध्यक्षता अनिल सिंह ने की. बैठक में दुर्गापूजा को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया. इसके लिए कमेटी का गठन किया गया. सर्वसम्मति से राम बदन सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है, वहीं किशोरी सिंह को उपाध्यक्ष और उपेन्द्र सिंह को सचिव बनाया गया है. मौके पर रविन्द्र कुमार सिंह, रंजीत सिंह, अनिरुद्ध सिंह, ध्रुवदेव सिंह, सुरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, शंकर सिंह, केशव भुइयां, सीताराम मिस्त्री, सन्नू साव समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे.

ब्रीफ न्यूज

## चलती बाइक पर गिरा तार, पिता -पुत्र घायल

**गुमला .** गुमला पालकोट नेशनल हाइवे में डुमरडीह बरगद पेड़ के समीप बिजली का तार टूट कर गिर जाने से बाइक सवार सत्येंद्र साहु और उसका पुत्र अश्विन राज घायल हो गए. स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल दोनों पिता-पुत्र को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है. घायल सत्येंद्र साहु बघिमा का मूल निवासी हैं और गुमला में शांति नगर में अपना मकान बना कर रहते हैं. बताया जाता है कि रविवार सुबह गुमला से बघिमा जा रहा था तभी डुमरडीह में बरगद पेड़ के समीप उसके बाइक पर ही बिजली का तार टूट कर गिर गया जिससे वे घायल हो गए.

### रोरद पंचायत कमेटी का गठन, कांग्रेस को हर गांव में मजबूत करने का अभियान तेज

## प्रशिक्षिका अनामिका सरकार ने लोगों को दी प्रेरक शिक्षा

**शुभम संदेश ।पेशरार/लोहरदगा**



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशा-निर्देश के तहत लोहरदगा जिला के पेशरार प्रखंड में ग्राम पंचायत रोरद की कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया. इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार ने की, जिसमें जिला प्रशिक्षिका अनामिका सरकार और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मनौव्वर आलम भी उपस्थित थे.

सर्वसम्मति से बलदेव भगत को पंचायत अध्यक्ष चुना गया. वहीं उपाध्यक्ष के रूप में सर्वजीत भगत एवं देवदीप खेरवार का चयन हुआ. महासचिव पद पर उपेंद्र उरांव, चंद्रमणी उरांव, बैजनाथ नगेशिया, रामचंद्र भगत, लाल मोहन खेरवार, रामलाल नगेशिया, मंगरू खेरवार, जॉन तिर्की और फागू उरांव को नियुक्त किया गया.

बैठक में जिला प्रशिक्षिका अनामिका सरकार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि संगठन सृजन वर्ष 2025 के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी को नए सिरे से गांव-शहर तक मजबूत किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि पार्टी में सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को अब अहम जिम्मेदारी देकर संगठन को और मजबूत किया जाएगा. उनका कहना था कि राहुल गांधी के नेतृत्व में यह संगठन सृजन वर्ष कांग्रेस के लिए सफल साबित होगा और जल्द ही इसका सकारात्मक परिणाम पार्टी को मिलेगा.

इस अवसर पर बालेश्वर महली, सीमा कुमारी, शांति देवी, रामदयाल उरांव, जीवन भगत, राजू तिर्की, इंद्र उरांव, राजमुनी उरांव, रानी देवी, रोहित भगत सहित बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे. सभी ने मिलकर कांग्रेस पार्टी को हर गांव और क्षेत्र में मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया. इस प्रकार, रोरद पंचायत में कांग्रेस संगठन का पुनर्गठन पार्टी की मजबूती और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

## एक नजर

### सेन्हा प्रखंड में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, विजेता टीमों को किया गया सम्मानित



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के सोना गढ़ चमडू मैदान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के सुपुत्र एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह ओडिशा प्रभारी अभिनव सिद्धार्थ भगत शामिल हुए. खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्होंने फाइनल मुकाबले का उद्घाटन किया. विशिष्ट अतिथि इमरान आजाद, इम्तियाज अहमद, राजू अंसारी, नौशाद अंसारी व परवेज अंसारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे. अपने संबोधन में अभिनव सिद्धार्थ भगत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उन्हें सही मंच देने की. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल खिलाड़ियों को अवसर मिलता है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है. उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशा से दूर रहकर खेल को करियर बनाएं और अपने क्षेत्र, राज्य और देश का नाम रोशन करें.

### चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

**लोहरदगा ।** राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं. उन्होंने राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची में अनियमितताओं को लेकर किए गए खुलासों के बाद देशभर में पारदर्शिता पर बढ़ती चिंता को उजागर किया. शकील अख्तर ने कहा कि राहुल गांधी की 72 मिनट की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए, जैसे एक छोटे से कमरे में दर्जनों लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज होना, एक ही व्यक्ति के नाम पर असंभव संख्या में बच्चों का रिकॉर्ड होना, और एक साल में तीन-तीन बच्चों के जन्म का दर्ज होना. उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह सब चुनाव आयोग की नजरों के सामने हो रहा है. शकील अख्तर ने आरोप लगाया कि खुलासों के बाद चुनाव आयोग की वेबसाइट का अचानक बंद हो जाना संदेह को और बढ़ाता है. उन्होंने इसे "भ्रष्टाचार की गंध" करार दिया और कहा कि इससे आयोग की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल उठता है.

### गुमला: फंदे से झूलता मिला महिला का शव

**गुमला ।** सुरसांग थाना क्षेत्र के कोंडरा स्थित ध्वजा टोंगरी जंगल में एक महिला का शव फांसी के फंदे से झूलता हुआ बरामद हुआ. ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू की. शव की पहचान आधार कार्ड के माध्यम से सिमडेगा जिले के पाकरटोली निवासी शंकर सिंह की पत्नी मुनी बाई के रूप में हुई. जानकारी के अनुसार मुनी बाई का मायका छत्तीसगढ़ के आरा ढोलटांड़ गांव में है. महिला के पति शंकर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह पिछले रविवार को मायके जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन मायके नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की. शनिवार को कोंडरा के ग्रामीणों ने जंगल में एक महिला को साड़ी के सहारे पेड़ से झूलते देखा और पुलिस को सूचना दी. रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. फिलहाल पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है. मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि अन्य पहलुओं पर भी जांच जारी है.

### एकल अभियान लातेहार की अंचल समिति की बैठक

**लातेहार ।** एकल अभियान संभाग दक्षिण झारखंड के भाग लोहरदगा अंचल लातेहार की अंचल समिति की विशेष बैठक 10 अगस्त 2025 को अपराह्न 2 बजे एकल अभियान अंचल कार्यालय, चंदनडीह में आयोजित की गई. बैठक में श्री रमेश प्रसाद गुप्ता (उपाध्यक्ष, एकल श्री हरि वनवासी विकास ट्रस्ट), श्री राजीव रंजन पांडेय (संस्कार सचिव), श्री मनमोहन राम (अंचल कार्यकारणी समिति उपाध्यक्ष एवं श्री हरि कथा योजना अध्यक्ष), श्री राजेंद्र प्रसाद (अंचल सचिव), श्री नरेश पांडेय (अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रभारी), श्री दुर्गा प्रसाद (संस्कार कोषाध्यक्ष), श्री देवकीनंदन दास (केंद्रीय व्यास प्रशिक्षण प्रमुख), श्री बबलू प्रजापति (संभाग कार्यालय प्रमुख), अवध किशोर यादव (अंचल अभियान प्रमुख), राहुल कुमार (अंचल कार्यालय प्रमुख) और रमेश कुमार (अंचल सहायक) सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे. बैठक में आगामी क्षमता विकास वर्ग का आयोजन 18 से 25 अगस्त 2025 तक श्री वैष्णवी दुर्गा मंदिर, लातेहार में करने का निर्णय लिया गया.

### हरे सब्जी के कीमतों में उछाल, रसोई का बिगड़ा बजट

**गुमला।** गुमला बाजार में इन दिनों सब्जी का कीमत आसमान छू रहा है. हरे सब्जी के आसमान छूत कीमत के कारण थाली से सब्जी गायब हो गए हैं और रसोइया का बजट प्रभावित हो गया है. किसानों की माने तो दो माह से लगातार हो रहे वर्षा के कारण स्थानीय स्तर पर सब्जी का उत्पादन प्रभावित है. स्थानीय स्तर पर हरा सब्जी नहीं निकल रहा है जिस कारण व्यापारी बाहर के मंडी से हरा सब्जी मांग रहे हैं. जिस कारण हरा सब्जी के दामों में भारी उछाल हुआ है. ग्राहक कहते सुने गए कि कभी सौ रुपये में झोली भर कर सब्जी घर लाते थे अभी तो फ्रेंचबीन 120 से 140 रुपये किलो हो गया है. दुकानदार भी आज कल सब्जी का दर पाव में बता रहा है.

- फ्रेंचबीन – 120 रुपये
- फूलगोभी – 80 रुपये
- बांधा गोभी– 40 रुपये
- बोदी – 60 रुपये
- भींडी– 80 रुपये
- नेनुआ= 60 रुपये
- गाजर –40 रुपये
- मूली– 40 रुपये
- टमाटर–60 रुपये
- बैंगन – 40 रुपये
- कद्दू – 30 रुपये
- हरा मिर्चा – 120 रुपये
- धनिया पता– 250 रुपये

### गुमला के जवाहरनगर में चोरी, एफआईआर दर्ज

**गुमला ।** गुमला शहरी क्षेत्र के जवाहर नगर में गीते शनिवार को मनोज कुमार के मकान से बीस हजार रुपये नगद व उसके किरायेदार के घर से चांदी का चैन और पायल आदि की चोरी हुई है. इस संबंध में मनोज कुमार ने गुमला थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है.

### शहर में ब्राउन शुगर व चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने को लेकर वार्ड प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**गुमला .** शहर में ब्राउन शुगर और अन्य नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन तथा चोरी की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर रविवार को गुमला थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने की, जिसमें शहर के सभी वार्डों के प्रतिनिधि शामिल हुए.बैठक में वार्ड सदस्यों ने बताया कि शहर में गांजा, कोरेक्स, नशीली टेबलेट और ब्राउन शुगर की खुलेआम बिक्री हो रही है, जिससे किशोर और स्कूली छात्र नशे की चपेट में आ रहे हैं. इसके परिणामस्वरूप चोरी जैसी घटनाएं भी बढ़ रही हैं.थाना प्रभारी ने कहा कि इस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस सादे वेश में संदिग्ध इलाकों में गश्त करेगी और आम नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना थाना को दें. उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि कोई व्यक्ति घर छोड़कर बाहर जाता है, तो वह इसकी जानकारी पुलिस और अपने पड़ोसियों को दे, ताकि किसी अनहोनी की आशंका से बचा जा सके. बैठक का उद्देश्य स्पष्ट था—नशे के प्रचलन और बढ़ते अपराध पर सामूहिक प्रयास से लगाम लगाना.

### दुर्गा पूजा समिति की बैठक में पूजा से पूर्व ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने का लिया निर्णय



**घाघरा (गुमला) .** चांदनी चौक घाघरा की दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को बिपिन बिहारी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति की पुरानी कार्यकारिणी को यथावत रखा जाएगा. इस वर्ष दुर्गा पूजा को पारंपरिक रीति-रिवाजों और भव्यता के साथ मनाने का संकल्प लिया गया. बैठक में पूजा पंडाल की सजावट, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया. इस बार पंडाल को आकर्षक थीम पर सजाया जाएगा, जिसमें स्थानीय और बाहर से आने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और फर्स्ट एड की भी विशेष व्यवस्था की जाएगी. सदस्यों ने इस पर्व को न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया, बल्कि इसे समाज में एकजुटता और भाईचारे का संदेश फैलाने का अवसर भी माना. सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया.

### आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम : समाज को नई दिशा देने के लिए निडर बनना जरूरी : विनोद मिंज



**गुमला ।** सरना मैदान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की सफलता पर सभी सहभागी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पूर्व सैनिक विनोद मिंज ने कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए केवल लीडर नहीं, बल्कि नीडर बनना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि आज के दौर में हक और अधिकार के लिए शासन-प्रशासन से लड़ने की जरूरत है. उन्होंने युवाओं से कहा कि यह सोशल मीडिया का युग है – काम करो और शेयर करो, जिससे समाज जागरूक होगा और लोग प्रेरणा लेंगे. गलत का विरोध और सही कार्यों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए. उन्होंने धर्म, समाज, राजनीति के साथ-साथ परंपरागत पड़हा व्यवस्था और ग्रामसभा को मजबूत करने की बात कही. विनोद मिंज ने कहा कि आदिवासी समाज में पूजा पद्धति, सभ्यता और संस्कृति अलग हो सकती है, लेकिन संविधान और विधि के विधान से ऊपर कोई नहीं है.

### लेखक शहाब हमजा की पुस्तक 'लॉकडाउन' का हुआ भव्य विमोचन

## कोरोना की सच्चाई को उकेरती पुस्तक को बताया गया ऐतिहासिक दस्तावेज

**शुभम संदेश ।इटकी**



गुलजार रोड स्थित जमाल मंजिल में रविवार को एक भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें चर्चित लेखक और कवि शहाब हमजा की पुस्तक 'लॉकडाउन' का विमोचन किया गया. यह कार्यक्रम सफदर इमाम फाउंडेशन, ईदारा तरक्की उर्दू, अंजुमन फरोग-ए-उर्दू और ग्रीन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के तमाम साहित्यप्रेमियों, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों ने हिस्सा लिया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. मजहर इमाम ने कहा कि शहाब हमजा की यह पुस्तक महज एक कथा नहीं, बल्कि कोरोना काल की सामाजिक, आर्थिक और मानसिक चुनौतियों का विस्तृत दस्तावेज है. लेखक ने न केवल उस कठिन दौर के अनुभवों को सिलसिलेवार रूप में प्रस्तुत किया है, बल्कि सरकार और समाज के व्यवहार को भी आईना दिखाने का काम किया है.

शरीफ अहसान मजहरी ने पुस्तक की तारीफ करते हुए कहा कि 'लॉकडाउन' आने वाली नस्लों के लिए कोरोना काल का एक ऐतिहासिक दस्तावेज साबित होगा. उन्होंने कहा कि शहाब हमजा ने जिस संवेदनशीलता और सजगता से अपने अनुभवों को पिरोया है, वह आज के दौर में दुर्लभ है.

अन्य वक्ताओं में डॉ. वकील अहमद रिजवी, पूर्व एसडीओ तस्लीम अहमद, डॉ. गालिब नश्तर, डॉ. बदीउज्जमा, मोहम्मद दानिश अयाज, तस्लीम राजा, फरहीन बेगम, मौलाना मुनीरुद्दीन, हाजी मोइनुद्दीन आदि ने भी पुस्तक की विषयवस्तु और शहाब हमजा की लेखनी की सराहना की.

कार्यक्रम के दूसरे चरण में मुशायरे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रोताओं ने उर्दू शायरी की बेहतरीन बौछारों का आनंद लिया. इस मुशायरे में IPS प्रशांत करण, मौलाना मुशर्रफ कासमी, नासिर अफसर, कुदरत अल्लाह कुदरत, इकबाल जमानवी, जीशान अल्तमश, मेहताब इस्लाही, तबीब हसन ताबिश, शगुफ्ता तहजीब, जुबेर अहमद सहित कई नामचीन शायरों ने अपने कलाम पेश किए और खूब वाहवाही बटोरी. संचालन आरिफ निजाम ने किया.
मौके पर हाजी इशरत आलम, अरशद जमाल, डॉ. शगुफ्ता बानो, गजनिफर इमाम, मेराज आलम, डॉ. नैय्यर मुमताज, आसिफ रजा, हाजी अली हसन, रशीदा खातून, सलेहा परवीन, मौलाना अयूब समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

कार्यक्रम को सफल बनाने में नदीम अर्श, वहाब हमजा, मोहम्मद जहांगीर, अरशद हुसैन, डॉ. फैजा जमाल, डॉ. सायबा जमाल, मोहम्मद शमीम, शाहिद मलिक आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

यह आयोजन न केवल साहित्यिक उन्नयन का प्रतीक बना, बल्कि समाज के संवेदनशील पक्ष को भी गहराई से छू गया.

### अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमेटी ने आधा दर्जन मामलों की सुनवाई की, एक मामले का हुआ निष्पादन

**लोहरदगा ।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा की अदलिया कमिटी ने रविवार, 10 अगस्त को अंजुमन कार्यालय में आधे दर्जन मामलों की सुनवाई की. कमिटी की बैठक में सेक्रेटरी शाहिद अहमद बेलू, नाइब सदर सैयद आरीफ हुसैन बबलू, सदस्य इरशाद अहमद, ऑफिस सेक्रेटरी मौलवी अबुल कलाम तैगी और मोहम्मद असगर तैगी मौजूद थे. बैठक में लोहरदगा जिले के ननतिलो अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी शमद अंसारी और बाबर खान, असगर खान, युसूफ अंसारी, नफीस खान के बीच विवाद को दोनों पक्षों की आपसी सहमति से निपटाया गया. इसके अलावा किस्को के शमशेर अंसारी बनाम लोहरदगा के मुस्तकीम अंसारी के बीच लेन-देन से जुड़ा विवाद, और कुरैशी मुहाल्ला के वकील कुरैशी के पुत्र बनाम गुलजार नगर की महिला के बीच विवाद की सुनवाई हुई, जिनके मामले अगली तारीख पर पुनः विचार हेतु सुरक्षित रखे गए. गुमला के भरनो प्रखंड के शाहिद अंसारी और उनकी पत्नी के विवाद का भी सुनवाई की गई और अगली सुनवाई का समय तय किया गया.

### दुर्घटना के विरोध में सिमडेगा में विशाल मौन जुलूस



**सिमडेगा ।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग में ननों के साथ दुर्व्यवहार और गिरफ्तारी के विरोध में सिमडेगा में ऑल इंडिया चर्चेस कमेटी के तहत हजारों लोगों ने शांतिपूर्ण मौन जुलूस निकाला. विधायक विक्सल कोंगाड़ी, विधायक भूषण बाड़ा, जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा, बिशप मोरेल बिलूंग समेत कई नेता और धर्मगुरु इस विरोध में शामिल हुए. सभी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए तत्काल न्याय दिलाने की मांग की.

### झारखंड आंदोलन के महानायक दिशोम गुरु को सिमडेगा पत्रकार संघ ने शोक सभा में दी श्रद्धांजलि



**सिमडेगा ।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता और आदिवासी अस्मिता के महानायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सम्मान में सिमडेगा पत्रकार संघ ने शोक सभा का आयोजन किया. इस अवसर पर संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्य, झामुमो के जिला सचिव शफीक खान, आदिवासी कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर दिलीप तिर्की सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे. सभी ने गुरुजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आशीष शास्त्री ने कहा कि गुरुजी का निधन झारखंड और विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है. उन्होंने कहा कि अगर दिशोम गुरु शिबू सोरेन नहीं होते तो शायद आज झारखंड नामक राज्य भी नहीं होता. उन्होंने आदिवासियों की संस्कृति, अस्मिता और संघर्ष को अपने जीवन का मकसद बनाया.
संघ के सचिव दीपक रिंकू ने गुरुजी के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को रामगढ़ के नेमरा गांव में हुआ था. उनका बचपन का नाम शिवचरण मांझी था. उनके पिता सोबरन सोरेन एक शिक्षक थे, जिनकी हत्या महाजनों द्वारा कर दी गई. पिता के निधन के बाद शिबू सोरेन ने पढ़ाई छोड़कर गांव वापस आकर आदिवासी समाज को संगठित करना शुरू किया. 1970 के दशक में उन्होंने राजनीति में कदम रखा और आदिवासियों के हक़ के लिए संघर्ष तेज किया. 4 फरवरी 1973 को विनोद बिहारी महतो और एके रे के साथ मिलकर उन्होंने झामुमो की स्थापना की. इसके बाद झारखंड को अलग राज्य बनाने का आंदोलन और मजबूत हुआ.

**बदहाली**

### स्टेशन रोड की हालत तालाबा जैसा, हुसैनाबाद के लोगों की बढ़ी चिंता

## लाइफलाइन कही जाने वाली सड़क बनी जानलेवा

**शुभम संदेश ।हुसैनाबाद (पलामू)**



पंचायत क्षेत्र की एक अहम और व्यस्त सड़क-जेपी चौक से जपला स्टेशन तक की मुख्य स्टेशन रोड, इन दिनों बदहाली के चरम पर है. यह मार्ग, जो हुसैनाबाद को आसपास के दर्जनों गांवों से जोड़ता है, आज खुद एक बड़ी समस्या बनकर सामने आ रहा है. सड़क पर चारों ओर गड्ढे, कीचड़ और जलजमाव का आलम है, जिससे पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं रहा. स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं, आम राहगीरों, और दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को हर दिन जान हथेली पर रखकर गुजरना पड़ रहा है.

बरसात में यह समस्या और विकराल हो गई है, सड़क जलकुंड में तब्दील हो चुकी है.रात के समय हालात और भयावह हो जाते हैं, क्योंकि सड़क पर न तो पर्याप्त स्ट्रीट लाइट हैं और न ही कोई ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था. आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, और कई बार एंबुलेंस तक समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों की जान पर बन आती है. हैरानी की बात यह है कि यह सड़क मुश्किल से आधा किलोमीटर लंबी है, लेकिन फिर भी इसका मरम्मत कार्य वर्षों से लटका हुआ है. दो साल पहले दुर्गा मंदिर तक पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन घटिया निर्माण की वजह से वह जल्द ही जर्जर हो गई. इसके बाद से न मरम्मत हुई, न नया निर्माण. स्थानीय लोग नगर पंचायत और संबंधित विभाग से बार-बार मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं. फिलहाल नगर पंचायत का कार्यभार एसडीएम ओम प्रकाश गुप्ता को सौंपा गया है, जिससे जनता को एक नई उम्मीद जगी है. लोगों ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि या तो तुरंत मरम्मत कराई जाए, या फिर पूर्ण पुनर्निर्माण की स्वीकृति देकर कार्य शुरू कराया जाए.

स्थानीय निवासियों की यह भी मांग है कि सड़क की नियमित सफाई और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि सड़क हर मौसम में उपयोग लायक बनी रहे. यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि हजारों लोगों की जीवन रेखा है, और इसकी दुर्दशा पूरे क्षेत्र के विकास को प्रभावित कर रही है.

अब देखना यह होगा कि एसडीएम ओम प्रकाश गुप्ता इस गंभीर समस्या को कितनी जल्दी सुलझाते हैं और क्या वास्तव में हुसैनाबाद की 'लाइफलाइन' को फिर से सुगम बनाया जा सकेगा.

## विहिप सिमडेगा जिला समिति की बैठक संपन्न 16 से 31 तक मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**शुभम संदेश । सिमडेगा**



विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की रविवार को जिला कार्यालय में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने की.

बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई और पिछली बैठक पर संतोष व्यक्त किया गया. प्रांत के निर्देशानुसार 13 एवं 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस जिला एवं पंचायत स्तर पर धूमधाम से मनाया जाएगा. इसके साथ ही, 16 से 31 अगस्त तक विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस सप्ताह जिले के प्रखंडों एवं ग्रामीण इलाकों में भव्य रूप से मनाया जाएगा. इस दौरान परिषद की स्थापना, उद्देश्य और कार्यों को जनता तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा.

बैठक में जिला के संगठनात्मक ढांचे का पुनर्गठन कर व्हाट्सऐप ग्रुप बनाने, विभाग एवं प्रांत पदाधिकारियों को जोड़ने और मासिक पत्रिका के लिए सदस्यता बढ़ाने पर चर्चा हुई. स्थापना दिवस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की सूची तैयार कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं.

जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि संगठन हिंदुओं के हितों की रक्षा के साथ समाज में सांस्कृतिक व धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया. साथ ही, बच्चों को संस्कार, महापुरुषों की शिक्षाएँ और धार्मिक ग्रंथों का ज्ञान देने की आवश्यकता पर जोर दिया. बैठक में मंत्री कृष्णा शर्मा, सह मंत्री कमल सेनापति, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे.

# संपादकीय

**मंथन**

## सीएम ने देखी स्थानीय संसाधनों से खेती की राह

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पैतृक गांव नेमरा में किसानों से सीधा संवाद और जमीनी हालात को समझने का प्रयास सराहनीय है. हरे-भरे खेतों और लहराते पेड़ों के बीच उन्होंने धान रोपनी में जुटे किसानों से बात की और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया. विशेषकर बरसाती नदियों के पानी को चेक डैम से खेतों तक पहुंचाने की योजना, ग्रामीण कृषि के लिए स्थायी समाधान साबित हो सकती है. राज्य में, जहां बारिश पर निर्भर खेती प्रमुख है, वहां जल संरक्षण और सिंचाई के वैकल्पिक साधनों का विकास अनिवार्य है. मुख्यमंत्री ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ खड़ी है, लेकिन वास्तविक बदलाव तभी संभव होगा जब किसान भी नई तकनीकों और योजनाओं को अपनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं. नेमरा की हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता पर मुख्यमंत्री की टिप्पणी सिर्फ पर्यटन दृष्टि से नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के महत्व की याद दिलाने वाली है. सच है कि हमारे गांवों में वह दृश्य और संपदा मौजूद है, जिसके लिए लोग हजारों किलोमीटर दूर जाते हैं, लेकिन इसे बचाने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी जरूरी है. इसका सकारात्मक पहलू यह भी है कि किसानों ने खुले मन से अपनी समस्याएं और सुझाव रखे. मुख्यमंत्री की मंशा स्पष्ट है-गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना, कृषि उत्पादकता बढ़ाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना. जरूरत है कि इस तरह की पहल केवल समय काटने तक सीमित न रहे, बल्कि योजनाओं के ठोस क्रियान्वयन तक पहुंचे. तभी नेमरा जैसे गांवों की हरियाली, समृद्धि और खुशहाली स्थायी रूप से बनी रह सकेगी.

**नजरिया**

## भाई ने दिया रक्षाबंधन पर बहनों को नौकरियों का अनोखा तोहफा

रक्षाबंधन का पर्व इस बार झारखंड में गम और स्नेह के मिश्रित भावों के साथ मनाया गया. दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन ने राज्य को शोक में डुबो रखा है, लेकिन इसी माहौल में जामताड़ा के मिहिजाम दुर्गा मंडप में भाई-बहन का यह पवित्र बंधन एक अलग ही रंग बिखेर रहा था. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी का आगमन बहनों के चेहरों पर मुस्कान ले आया. सैकड़ों बहनों ने मंत्रोच्चार के बीच राखी बांधी और अपने भैया के लिए लंबी उम्र, स्वास्थ्य और सफलता की दुआ मांगी. मंत्री ने भावुक होकर स्पष्ट किया कि उनका संकल्प केवल बहनों की सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का है. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में 10,000 पदों पर बहाली की घोषणा की, जिसमें 6,000 पद महिलाओं के लिए रिजर्व होंगे. यह कदम न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि महिलाओं की सामाजिक भागीदारी को भी सुदृढ़ करेगा. डॉ. इरफान अंसारी का यह संदेश- महिलाएं मजबूत होंगी, तो घर और समाज मजबूत होगा-रक्षाबंधन के असली अर्थ को सार्थक करता है. यह त्योहार केवल धागे का बंधन नहीं, बल्कि आपसी जिम्मेदारी, विश्वास और प्रगति का प्रतीक है. जरूरत है कि इस तरह की घोषणाएं समय पर पूरी हों, ताकि बहनों का विश्वास और समाज का भरोसा और गहरा हो सके. रक्षाबंधन पर मिला यह विकास का वचन तभी सार्थक होगा, जब यह कागज़ से निकल कर हकीकत में बदल जाएगा.

# रक्षा उत्पादन में भारत की आत्मनिर्भरता का नया अध्याय

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**भारत के रक्षा क्षेत्र के औद्योगिक इतिहास में नया अध्याय लिख गया है.**




इस वर्ष भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 1,50,590 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है. इस तरह भारत के रक्षा औद्योगिक इतिहास में नया अध्याय लिख गया है. यह केवल एक रिकॉर्ड तोड़ संख्या नहीं, बल्कि उस परिवर्तन का प्रतीक है जिसकी नींव पिछले एक दशक में रखी गई और जिसे अब ठोस परिणाम के रूप में देखा जा सकता है. वास्तव में यह राष्ट्रीय सुरक्षा, औद्योगिक आत्मनिर्भरता और रणनीतिक सामर्थ्य के क्षेत्र में भारत के दीर्घकालिक प्रयासों की परिणति है. पिछले वर्ष के 1.27 लाख करोड़ के उत्पादन की तुलना में यह 18% की सशक्त वृद्धि है, जबकि 2019-20 के 79,071 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 90% की छलांग है, जो यह दर्शाती है कि भारत ने रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में कितनी तेज़ी से प्रगति की. यह तथ्य है कि 2019-20 के 79,071 करोड़ रुपये की तुलना में 90% की विस्मयकारी छलांग है. इन आंकड़ों के पीछे पिछले दशक में अपनाई गई नीतियों, सुधारों और निवेशों की पूरी श्रृंखला है, जिसने भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर किया है.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर रक्षा उत्पादन विभाग, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स), अन्य निर्माताओं और निजी उद्योग के सभी हितधारकों की भूमिका की सराहना की है. उन्होंने इसे भारत के मजबूत होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत बताया है. वस्तुतः यह कथन केवल औपचारिक प्रशंसा नहीं है, बल्कि नीतिगत घोषणा भी है कि भारत का रक्षा उद्योग अब एक ऐसे स्तर पर पहुंच चुका है जहां वह न केवल घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि निर्यात में भी वैश्विक प्रतिस्पर्धा कर सकता है.

अब जरा उत्पादन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों की भूमिकाओं पर नज़र डालें तो तस्वीर और स्पष्ट होती है. डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स (डीपीएसयू) और अन्य सार्वजनिक उपक्रम कुल उत्पादन का 77% हिस्सा रखते हैं, जबकि निजी क्षेत्र का योगदान 23% तक पहुंच चुका है. यह आंकड़ा एफवाई 2023-24 में 21% था, जो दर्शाता है कि निजी उद्योग की भागीदारी लगातार बढ़ रही है. यह वृद्धि केवल प्रतिशत में नहीं, बल्कि वास्तविक उत्पादन में भी दिखती है; एफवाई 2024-25 में निजी क्षेत्र के उत्पादन में 28% की वृद्धि हुई, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र में यह 16% रही. इसका अर्थ है कि निजी उद्योग न केवल रक्षा विनिर्माण में अधिक निवेश कर रहा है, बल्कि उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में भी तेजी से प्रगति कर रहा है.

आज देखने में आ रहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र में एचएएल, बीईएल, बीडीएल, एमडीएल, जीआरएसई जैसी कंपनियां अग्रणी भूमिका निभा रही हैं. एचएएल ने तो बहुत कम समय में बड़ा काम करके दिखा दिया है, उसने तेजस हल्के लड़ाकू विमान, ध्रुव हेलिकॉप्टर और रुद्र अटैक हेलिकॉप्टर का निर्माण किया है. इसी तरह से बीईएल ने रडार, संचार उपकरण और आकाश वायु रक्षा प्रणाली में अपनी क्षमता साबित की है. निजी क्षेत्र में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा डिफेंस और अडानी डिफेंस जैसी कंपनियां अब मिसाइल लांचर, आर्मर्ड व्हीकल, नौसैनिक जहाज़ और एयरोस्पेस कंपोनेंट्स का निर्माण कर रही हैं.

यही कारण है कि रक्षा निर्यात के मोर्चे पर भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है. 2014-15 में यह आंकड़ा 1,500 करोड़ रुपये के आसपास था. 2016-17 में यह 1,522 करोड़ से बढ़कर 4,682 करोड़ हुआ. 2018-19 में यह 10,745 करोड़ रुपये और 2022-23 में 15,920 करोड़ तक पहुंचा. 2023-24 में यह 21,083 करोड़ और अब 2024-25 में 23,622 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर है. भारत अब 90 से अधिक देशों को रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा है. इनमें एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और यूरोप के देश शामिल हैं. ब्रह्मोस मिसाइल का फिलीपींस को निर्यात, रक्षा कूटनीति का एक सफल उदाहरण है. आने वाले वर्षों में सरकार का लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात को 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाना है. इसके लिए हथियार प्रदर्शनियों, द्विपक्षीय रक्षा समझौतों, सस्ते वित्तपोषण और रक्षा अटैशे नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है. हालांकि, इन सफलताओं के बावजूद चुनौतियां कम नहीं हैं. उन्नत इंजन तकनीक, जेट इंजन, अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम और कुछ विशेष सामग्री के लिए अभी भी विदेशी आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भरता बनी हुई है. अनुसंधान एवं विकास में निजी क्षेत्र का योगदान अपेक्षाकृत कम है, जबकि दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा के लिए यही वह क्षेत्र है जो निर्णायक साबित होता है. इसके अलावा, परियोजनाओं के समय पर पूरा होने, लागत नियंत्रण व अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने की चुनौतियां भी हैं. किंतु यदि मौजूदा नीतिगत गति और औद्योगिक निवेश की प्रवृत्ति बनी रही, तो 2029 तक भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 3 लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच सकता है. उस स्थिति में भारत न केवल आत्मनिर्भर होगा, बल्कि मित्र देशों के लिए भी भरोसेमंद रक्षा आपूर्ति स्रोत बनेगा.

**आत्मनिर्भर भारत का रक्षा क्षेत्र अब दुनिया में अपनी जगह बना चुका है, अगला कदम इसे शीर्ष पर पहुंचाना है. इसके लिए सबको मिल कर उस दृष्टि को साकार करना होगा, जिसमें भारत दुनिया के लिए सुरक्षा का स्तंभ बन सके.**

कहना होगा कि यह केवल आर्थिक लाभ का मामला नहीं, बल्कि भू-राजनीतिक प्रभाव और रणनीतिक स्वायत्तता को भी मजबूत करेगा. इसलिए, 2024-25 का यह रिकॉर्ड केवल अतीत की उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर ही नहीं देता है, बल्कि भविष्य की तैयारी का आह्वान भी करता है. आत्मनिर्भर भारत का रक्षा क्षेत्र अब वैश्विक मानचित्र पर अपनी जगह बना चुका है, अगला कदम इसे शीर्ष पर पहुंचाना है. इसके लिए सरकार, उद्योग, अनुसंधान संस्थान और सेना को मिलकर उस दृष्टि को साकार करना होगा, जिसमें भारत न केवल अपने लिए, बल्कि दुनिया के लिए भी सुरक्षा का स्तंभ बन सके. यही वह भविष्य है जिसकी ओर हम बढ़ रहे हैं और जिसकी बुनियाद आज के इन आँकड़ों ने और मजबूत कर दी है.

**आज का इतिहास**

1908: क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई.
1914: फ्रांस ने ऑस्ट्रिया और हंगरी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.
1929: पर्शिया और इराक के बीच मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए गए.
1940: ब्रिटेन के पोर्टलैंड बंदरगाह पर जर्मनी ने हवाई हमला किया.
1944: अमेरिका ने सुमात्रा द्वीप समूह के पालेमबेंग क्षेत्र पर हवाई हमला किया.
1960: चाड ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की.
1961: दादर नगर हवेली भारत का यूटी बना.
1984: तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया.
1999: सदी का अंतिम चंद्रग्रहण दुनिया के कई हिस्सों में करोड़ों लोगों ने देखा.
2003: नाटो ने अफगानिस्तान में शांति बल की कमान संभाली.
2004: भारत-पाकिस्तान ने वांछित अपराधियों की सूचियों की अदला-बदली की.

## टीम वर्क में सबकी महत्ता बराबर, चाहे बड़ा हो या छोटा

**चिंतन**

शेरा नाम का शेर जंगल का सबसे क्रूर शिकारी था. उसने न जाने कितने भैंसों, हिरणों और अन्य जानवरों का शिकार किया था. धीरे-धीरे उसे घमंड होने लगा. उसने अपने साथियों से कहा, जो शिकार होगा, उसे सबसे पहले मैं खाऊंगा उसके बाद ही कोई उसे खाएगा. शेरा की बातें सुन बुजुर्ग शेर ने पूछा, तुम्हें अचानक क्या हो गया. तुम ऐसी बात क्यों कर रहे हो? शेरा बोला, जितने भी शिकार होते हैं उसमे मेरा सबसे बड़ा योगदान होता है. मेरी ताकत से ही हम शिकार कर पाते हैं. इसलिए शिकार पर पहला हक़ मेरा ही है. अब सभा बुलाई गयी.अनुभवी शेरों ने कहा- देखो शेरा, हम मानते हैं कि तुम कुशल शिकारी हो, पर ये भी सच है कि बाकी लोग भी क्षमतानुसार शिकार में योगदान देते हैं. इसलिए हम इस पर राजी नहीं हो सकते कि शिकार पर पहला हक़ तुम्हारा हो. हम मिलकर शिकार करते हैं और हमें मिलकर ही उसे खाना होगा. शेरा बोला, कोई बात नहीं, आज से मैं अकेले शिकार करूंगा और तुम सब मिलकर अपना शिकार करना.ऐसा कहते हुए शेरा वहां चला गया. कुछ समय बाद शेरा को भूख लगी तो उसने शिकार करने का सोचा. वह भैंसों के एक झुंड की तरफ दहाड़ते हुए बढ़ा, पर ये क्या जो भैंसे पहले कांप उठते थे आज उससे जरा भी नहीं घबराए, उल्टे एकजुट हो कर उसे दूर खदेड़ दिया. शेरा ने सोचा कोई बात नहीं हिरनों का शिकार कर लेता हूं. वह हिरनों की तरफ बढ़ा, पर अकेले वो कहां तक फुर्तीले हिरनों को घेर पाता, हिरन भी उसके हाथ नहीं आए. अब शेरा को पता चला कि ताकत होते हुए भी बिना दल का सहयोग पाए शिकार नहीं हो सकता. उसे अब वह टीम-वर्क की इम्पोर्टेंस समझ आ चुकी थी, वह निराश बाकी शेरों के पास पहुंचा और अपने व्यवहार के लिए क्षमा मांगी और फिर जंगल उसकी दहाड़ से कांपने लगा.

दोस्तों, चाहे आप खेल में हों, कॉरपोरेट में काम करते हों या बिज़नेस करते हों- टीम वर्क की महत्ता को समझना ज़रूरी है. टीम का हर एक सदस्य जरूरी होता है और किसी भी लक्ष्य को पाने में छोटा-बड़ा सब रोल प्ले करता है. टीम में किसी साथी का अधिक तो किसी का कम रोल होता है. यदि बड़ा रोल प्ले करने वाले ये सोचें कि जो कुछ भी है उन्ही की वजह से है, तो ये गलत होगा.

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**




1. #CMNitishGive7thPayToTeachers
2. #VandeBharatExpress
3. #CoolieUnleashedPreview
4. #WorldLionDay
5. #TheDevil
6. फूलन देवी
7. Importance Of Shivir
8. Inner Peace
9. Ban Online Betting Apps
10. विजय सिन्हा

# बहुरंग

## आज हुई सलमान खान के बॉडीगार्ड शेरा के पिता की प्रार्थना सभा, शामिल हुए सितारे



**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के बॉडीगार्ड शेरा के पिता ने दुनिया को अलविदा कह दिया है. शेरा के पिता सुंदर सिंह जॉली का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. वो काफी समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे. गुरुवार 07 अगस्त को उनका अंतिम संस्कार किया गया. आज रविवार को गुरुद्वारे में उनकी प्रार्थना सभा आयोजित हुई, जहां सेलेब्स भी पहुंचे. बॉबी देओल ने दी शेरा को सांत्वनाशेरा के पिता सुंदर सिंह जॉली की प्रार्थना सभा में अभिनेता बॉबी देओल भी पहुंचे. प्रार्थना सभा में पहुंचकर उन्होंने शेरा को गले लगाकर उन्हें सांत्वना दी. यह वीडियो विरल भियानी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है. एक्ट्रेस और मॉडल मन्नारा चोपड़ा को भी शेरा के पिता की प्रार्थना सभा में देखा गया. वे व्हाइट कलर के आउटफिट में पहुंचीं. दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. भावुक हुए शेरासुंदर सिंह जॉली की प्रार्थना सभा में शेरा की आंखों में पिता को खोने का गम देखा जा सकता है. वे काफी भावुक नजर आए. पिता को याद कर बार-बार उनकी आंखें नम हुईं. इसके अलावा शेरा के बेटे भी दादा की प्रार्थना सभा में मौजूद रहे.आज हुई सलमान खान के बॉडीगार्ड शेरा के पिता की प्रार्थना सभा, ये सितारे हुए शामिलअभिनेता सलमान खान के बॉडीगार्ड शेरा के पिता ने दुनिया को अलविदा कह दिया है. शेरा के पिता सुंदर सिंह जॉली का 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. वो काफी समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे. गुरुवार 07 अगस्त को उनका अंतिम संस्कार किया गया. आज रविवार को गुरुद्वारे में उनकी प्रार्थना सभा आयोजित हुई, जहां सेलेब्स भी पहुंचे.बॉबी देओल ने दी शेरा को सांत्वनाशेरा के पिता सुंदर सिंह जॉली की प्रार्थना सभा में अभिनेता बॉबी देओल भी पहुंचे. प्रार्थना सभा में पहुंचकर उन्होंने शेरा को गले लगाकर उन्हें सांत्वना दी. यह वीडियो विरल भियानी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है. एक्ट्रेस और मॉडल मन्नारा चोपड़ा को भी शेरा के पिता की प्रार्थना सभा में देखा गया. वे व्हाइट कलर के आउटफिट में पहुंचीं.

### 'धड़क 2' और 'सन ऑफ सरदार 2' ही नहीं ये सीक्वल फिल्में भी रहीं फ्लॉप

## अब 'वॉर 2' पर टिकी निगाहें



**मुंबई।** अगस्त के महीने में कई फिल्मों के सीक्वल रिलीज हो रहे हैं. इनमें 'धड़क 2', 'सन ऑफ सरदार 2', 'अंदाज 2' और 'वॉर 2' जैसी फिल्में शामिल हैं. इन फिल्मों में 'वॉर 2' 14 अगस्त को रिलीज होनी है. बाकी फिल्में रिलीज हो चुकी हैं. लेकिन कोई भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाई जैसी उम्मीद थी. ये सारी फिल्में अपनी पहली फिल्मों के मुकाबले भी बॉक्स ऑफिस पर असफल ही रही हैं. अब सारी उम्मीदें 'वॉर 2' पर टिकी हैं. जानते हैं कुछ ऐसी सीक्वल फिल्मों के बारे में जो बॉक्स ऑफिस पर हो गईं साल 2014 में रितेश देशमुख, सिद्धार्थ मल्होत्रा और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'एक विलेन' आई थी. सस्पेंस-थ्रिलर से भरपूर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी. आठ साल बाद साल 2022 में 'एक विलेन रिटर्न्स' के नाम से इसका सीक्वल आया. इस बार फिल्म में जॉन अब्राहम, दिशा पाटनी, अर्जुन कपूर और तारा सुतारिया प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए. हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस सुपर फ्लॉप रही.2007 में अक्षय कुमार, नाना पाटेकर, अनिल कपूर, परेश रावल और कटरीना कैफ स्टारर 'वेलकम' सुपरहिट कॉमेडी फिल्म थी. लेकिन आठ साल बाद जब फिल्म की सीक्वल 'वेलकम बैक' रिलीज हुई, तो वो बॉक्स ऑफिस पर वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाई जैसा 'वेलकम' ने किया था. 'वेलकम बैक' में अक्षय कुमार-कटरीना कैफ की जगह जॉन अब्राहम और श्रुति हासन के साथ नाना पाटेकर, अनिल कपूर और नसीरुद्दीन शाह प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे.टागर श्रॉफ और कृति सेनन की डेब्यू फिल्म 'हीरोपंती' बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी. फिल्म को लोगों ने पसंद किया था. लेकिन 2015 में आई फिल्म की सीक्वल 'हीरोपंती 2' बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी. इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के साथ तारा सुतारिया और नवाजुद्दीन सिद्दीकी प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं.अजय देवगन-इमरान हाशमी की फिल्म 'वन्स अपॉन अ टाइम इन मुंबई' जब रिलीज हुई थी, तो लोगों ने इसे पसंद किया था और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी. लेकिन साल 2013 में जब फिल्म का सीक्वल 'वन्स अपॉन अ टाइम इन मुंबई दोबारा' के नाम से आया, तो दर्शकों ने इसे पसंद नहीं किया.

## दि केरल स्टोरी को नेशनल अवॉर्ड दिए जाने पर शूजित का नजरिया




**मुंबई।** जब से 'द केरल स्टोरी' को नेशनल अवॉर्ड दिए जाने की घोषणा हुई है, तब से यह फिल्म कई लोगों के निशाने पर आ गई है. इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड दिए जाने से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग ही नाराज हैं. डायरेक्टर शूजित सरकार ने भी इस मुद्दे को लेकर अपना नजरिया साझा किया है. इन दिनों डायरेक्टर शूजित सरकार मेलबर्न के इंडियन फिल्म फेस्टिवल में ज्यूरी बनने को लेकर चर्चा में हैं. इस फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट शॉर्ट फिल्म का सेलेक्शन होगा. इसी इवेंट में बिजी होने के बीच शूजित सरकार ने 'द केरल स्टोरी' को नेशनल अवॉर्ड दिए जाने पर अपनी राय रखी है. इस मुद्दे और विवाद को लेकर वह एक जरूरी सलाह भी लोगों को देते हैं **दोस्तों की वजह से बने ज्यूरी का हिस्सा :**

हिंदुस्तान टाइम्स से की गई बातचीत में शूजित सरकार कहते हैं, 'मेलबर्न के इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेरे दिल के करीब है. इसको आयोजित करने वाले लोग मेरे करीबी दोस्त हैं. इस फिल्म फेस्टिवल में मैं शायद छठी बार आ रहा हूं. मैं ज्यूरी का हिस्सा नहीं बनता लेकिन यह साल इस मामले में अलग रहा.' जब शूजित सरकार से 'द केरल स्टोरी और शाहरुख खान को नेशनल अवॉर्ड दिए जाने को लेकर सवाल किया गया था? तो वह बोले, 'मुझे लगता है कि इस बात पर बाहर से बहस करने का कोई मतलब नहीं है. इसे ज्यूरी टीम पर छोड़ देते हैं. हम कई बातों पर असहमत हो सकते हैं लेकिन आखिरी में जो मायने रखता है वह यह है कि वहां ज्यूरी टीम में कौन है? क्योंकि वह ज्यूरी जो फैसला लेगी, वही आखिरी होगा. आप इस बात पर सवाल नहीं उठा सकते कि उन्होंने कौन सा अवॉर्ड दिया है. मुझे लगता है कि हम अवॉर्ड का प्रोसेसे शुरू करने से पहले ही यह सवाल उठा लें तो बेहतर होगा. तब हम पूछ सकते हैं कि ज्यूरी टीम में कौन है? वह कितने संसेटिव हैं.'

## कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान हिना को नहीं मिला काम



**मुंबई।** एक लंबे गैप के बाद हिना खान टीवी रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में नजर आ रही हैं. इसी बीच हिना खान ने बताया कि उन्हें पिछले एक साल में किसी ने कोई प्रोजेक्ट ऑफर नहीं किया है. इसकी वजह उनका कैंसर ट्रीटमेंट रहा. इस व्यवहार को लेकर हिना खान का क्या सोचना है? जानिए. हिना खान टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं. साथ ही फिल्मों में भी लीड रोल कर चुकी हैं. पिछले साल उन्हें ब्रेस्ट कैंसर का पता चला. इसी बीमार से वह डटकर लड़ी और इलाज के बाद ठीक हो गईं. कैंसर ट्रीटमेंट के दौरान भी हिना खान एक्टिव रहीं लेकिन किसी सीरियल या फिल्म में नजर नहीं आईं. जबकि वह तो काम करना चाहती थी. अब हिना खान ने बताया कि किसी ने उन्हें पिछले एक साल में कोई काम ऑफर नहीं किया है. पीटीआई को दिए गए एक इंटरव्यू में हिना खान कहती हैं, 'बीमारी का पता लगने, इलाज हो जाने के बाद 'पति पत्नी और पंगा' मेरा पहला प्रोजेक्ट है. मैं काम करना चाहती हूं. किसी ने मुझसे सीधे तौर पर यह नहीं कहा कि तुम अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हो. लेकिन मुझे लगता है कि शायद लोग काम देने से हिचकिचा रहे हैं. हो सकता है शो बनाने वाले ऐसा करें, मैं उनकी स्थिति भी समझती हूं. अगर मैं उनकी जगह होती, तो हजार बार सोचती.' हिना खान आगे कहती हैं, 'लेकिन मैं ऑडिशन के लिए तैयार हूं, मैं कहां रुकी थी? पिछले एक साल से मुझे किसी ने नहीं बुलाया.

## सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं:श्रुति हासन



**मुंबई।** साउथ के चर्चित एक्टर कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की.इसमें लिखा है, 'कई बार मन होता है कि सबको छोड़कर एक नई जिंदगी शुरू करूं. लेकिन फिर मन में आवाज उठती है, खुद पर भरोसा रखो और डटे रहो.' इस पोस्ट को एक वीडियो के साथ श्रुति हासन ने शेयर किया, जिसमें वह फाइट सीन्स कर रही हैं. श्रुति के फैन पेज ने पहले यह वीडियो साझा किया था,जिसे श्रुति ने भी पोस्ट किया है. इस पोस्ट पर यूजर्स ने, श्रुति के फैंस ने भी रिएक्शन दिया है. एक्ट्रेस को जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है. यूजर्स ने क्या दी श्रुति हासन को सलाह यूजर्स ने श्रुति हासन की पोस्ट पर ही कमेंट करके उन्हें जिंदगी से जुड़ी जरूरी सलाह दी है. एक यूजर लिखता है, 'श्रुति, आपके मन में उठ रहे दर्द का अहसास हमें भी है. लेकिन उस आवाज पर भरोसा करें, जो आपको जिंदगी में डटे रहने के लिए कहती है. यही प्यार है, इससे ही आप हीलिंग की तरफ आगे बढ़ेंगी. आप जितना दिख रही हैं, उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं. आपकी खूबसूरत, जिंदगी की कहानी के कई चैप्टर अभी लिखे जाने बाकी हैं. इसलिए इंतजार ना करें. आज ही आगे बढ़ने का एक कदम उठाएं.' विज्ञापनएक अन्य यूजर ने श्रुति को पहाड़ों पर जाकर वक्त गुजारने की सलाह दी. वह कहता है, 'नई शुरुआत करें.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. अपने काम को प्राथमिकता से करें. शुभांक-6-8-9

**वृष :** आत्मविश्वास बढ़ेगा. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा. शुभांक-2-5-8

**मिथुन :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा. स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. शुभांक-5-7-8

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. आलस्य का त्याग करें. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. शुभांक-4-5-7

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. शुभांक-1-3-6

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृदि्घ होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगें. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. शुभांक-2-4-6

**तुला :** खान-पान में सावधानी रखें. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. व्यापार में प्रगति होगी. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी. पुरुषार्थ का सहारा लें. कार्यसिदि्घ होने में देर नहीं लगेगी. आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा. शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही. शुभांक-3-5-7

**धनु :** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे. पुराने मित्र से मिलन होगा. स्वविवेक से कार्य करें. शुभांक-4-6-8

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. स्वविवेक से कार्य करें. शुभांक-3-6-9

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा. यात्रा का योग. जीवन साथी अथवा यार- दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूंजी निवेश सोच-समझकर करें. शुभांक-2-4-6

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा. विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है. शत्रुहानि की आशंका रहेगी. आय के योग बनेंगे. किसी की सफलता से प्रेरित होंगे. सेहत का पाया कमजोर बना रहेगा. सावधानी बरतें. शुभांक-1-3-5



## ऑनलाइन टीचिंग में चुन सकते हैं पार्ट टाइम या फुल टाइम कॅरियर

एजुकेशन एक्सपर्ट कहते हैं कि ऑनलाइन ट्यूशन वास्तव में होम ट्यूशन का ही एक एडवांस मैथड है। इसमें ई-ट्यूटरिंग के जरिए बच्चों को पढ़ाया जाता है। ऑनलाइन ट्यूटरिंग का मूल लाभ यह है कि ट्यूटर छात्र को किसी भी स्थान से, यहां तक कि वह अपने घर पर रहकर भी टीचिंग कर सकता है। ऑनलाइन टीचिंग के दौरान समय को पहले से ही सुनिश्चित किया जाता है और फिर ऑनलाइन क्लासरूम में छात्र व टीचर मिलते हैं और पढ़ते व पढ़ाते हैं। इस नौकरी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि इसे आप अपने समय के अनुसार, पार्ट टाइम या फुल टाइम कॅरियर चुन सकते हैं। इसके अलावा यह आय का एक अच्छा स्रोत प्रदान करता है।

### योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट की मानें तो एक ऑनलाइन ट्यूटर के पास विशेषज्ञता के आधार पर योग्यता होनी आवश्यक है। मसलन, आप किसी विशेष भाषा के ऑनलाइन ट्यूटर बनना चाहते हैं तो आपको उस भाषा से संबंधित कम से कम सर्टिफिकेट कोर्स अवश्य करना चाहिए। इसके अलावा, बीएड, एमएड या नेट, आदि के बाद भी आप शिक्षण के क्षेत्र को चुन सकते हैं।
एक ऑनलाइन ट्यूटर बनने के लिए सबसे जरूरी स्किल है पढ़ाई के प्रति जुनून। अर्थात ना सिर्फ आपको दूसरों को पढ़ाना पसंद होना चाहिए, बल्कि खुद भी हमेशा कुछ ना कुछ नया सीखने की चाहत होनी चाहिए। चूंकि आप ऑनलाइन टीचिंग कर रहे हैं, इसलिए आपमें तकनीकी गुण भी होने चाहिए। मसलन, कंप्यूटर व इंटरनेट के इस्तेमाल के साथ-साथ बच्चों के लिए प्रेजेंटेशन आदि भी बनाने आने चाहिए। इसके अलावा, ऑनलाइन टीचिंग के दौरान आपके कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अहम हैं। याद रखें कि दूसरों को पढ़ाना एक बेहद सीरियस काम है और इसके लिए कमिटमेंट की जरूरत होती है।
ऑनलाइन ट्यूटर बनने के लिए आपको बहुत अधिक मेहनत करने की आवश्यकता नहीं है। अगर आप अब तक ट्यूशन पढ़ाते आए हैं तो अब आप उन्हीं बच्चों को ऑनलाइन ट्यूशन पढ़ाने की शुरूआत कर सकते हैं। इसके अलावा, ऐसी कई कंपनियां व वेबसाइट हैं, जो टीचर्स को हायर करके ऑनलाइन पढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे में आपको ऑनलाइन छात्र ढूंढने की भी जरूरत नहीं है। बस इन कंपनियों के साथ जुड़कर आप एक अच्छा करियर बना सकते हैं।

### आमदनी

ऑनलाइन ट्यूशन एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर अनुभवी टीचर्स काफी अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। शुरूआत में एक टीचर करीबन 200 रूपए प्रति घंटा चार्ज कर सकते हैं। वहीं कुछ समय के अनुभव, बाद आप 500 रूपए प्रति घंटा प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप इस क्षेत्र में अपनी क्वालिटी को साबित करते हैं और छात्रों को आपके पढ़ाने का तरीका पसंद आता है, तब आपकी कमाई की कोई सीमा नहीं है।



## सेरिकल्चरिस्ट के लिए उपलब्ध हैं करियर की असीम संभावनाएं

**अगर आपको फार्म प्रोडक्शन और उससे जुड़ी प्रक्रिया में रुचि है, तो आप बन सकते हैं बेहतरीन सेरिकल्चरिस्ट।**

एग्रीकल्चर एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें बेहतरीन करियर का स्कोप तो है ही, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने का शानदार मौका भी है। यही नहीं, विस्तृत होने के कारण इससे जुड़ी कई सब-फील्ड्स हैं, जिनमें करियर की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। ऐसी ही एक सब-फील्ड है, सेरिकल्चर। दुनिया भर में भारत के सिल्क की बढ़ती मांग के कारण सेरिकल्चरिस्ट के लिए बहुत-से करियर ऑप्शंस उपलब्ध हैं।

### क्या है सेरिकल्चर?

सेरिकल्चर फार्मिंग पर आधारित और व्यवसायिक रूप से बेहद आकर्षक गतिविधि है। मूलतः कीटों से रेशम बनाने की प्रक्रिया को सेरिकल्चर कहते हैं, लेकिन अब यह उद्योग सिर्फ कीटों तक सीमित नहीं है बल्कि मलबरी कल्टिवेशन और पोस्ट कोकून टेक्नोलॉजी जैसी नई प्रक्रियाओं से जुड़ चुकी है। आज के समय में यह एग्रो-बेस्ड इंडस्ट्री, ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही है।

### कौन-से कोर्स?

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए आप सेरिकल्चर या सिल्क टेक्नोलॉजी में बीएससी या डिप्लोमा इन सेरिकल्चर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए इंटर में आपके पास बायोलॉजी और केमिस्ट्री जैसे विषय होने जरूरी हैं। आम डिग्री कोर्स से अलग सेरिकल्चर या सिल्क टेक्नोलॉजी में चार साल का डिग्री कोर्स होता है, जबकि पोस्ट ग्रेजुएशन दो साल का होता है। आप चाहें, तो इस फील्ड में स्पेशलाइजेशन और फिर पीएचडी भी कर सकते हैं। ग्रेजुएशन में स्टूडेंट्स को सिल्कवर्म रियरिंग, ब्रीडिंग एंड जेनेटिक्स, सिल्क रीलिंग एंड स्पिनिंग, सिल्क ग्रेडिंग एंड टेस्टिंग, मॉरीकल्चर, फूड प्लांट्स, सिल्क वीविंग टेक्नोलॉजी, सिल्क डाइंग, प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- सेंट्रल सेरिकल्चरल रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, मैसूर
- शेरे-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, जम्मू
- तमिल नाडु एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, कोयंबतूर
- यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, बेंगलुरु
- बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ
- दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- शिवाजी यूनिवर्सिटी, कोल्हापुर

### जरूरी स्किल्स

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए शारीरिक दमखम की बहुत जरूरत होती है। इसके अलावा आपमें धैर्य, समर्पण तथा अलग-अलग व खराब मौसम में भी काम करने की क्षमता होनी चाहिए। साथ ही, साइंस प्रैक्टिकल व साइंटिफिक गतिविधियों में रुचि होना चाहिए। भविष्य की संभावनाएं बतौर सेरिकल्चरिस्ट, आपके पास नौकरी व एंटरप्रेन्योरशिप के कई विकल्प मौजूद हैं। खास बात यह है कि देश के हर राज्य में सेरिकल्चर विभाग मौजूद है, जो इसके उत्पादन व मार्केटिंग की देख-रेख का काम करते हैं। आप सरकारी क्षेत्र में केंद्र सरकार की एजेंसियों जैसे सेंट्रल सिल्क बोर्ड, सिल्क एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, एफएओ, नाबार्ड, कृषि विज्ञान केंद्र आदि में काम कर सकते हैं। इसके अलावा रिसर्च सेंटर्स, सेरिकल्चर यूनिट्स, एग्रीकल्चर सेक्टर से जुड़े बैंक्स में भी अपना करियर प्लान कर सकते हैं। अगर आप इंडस्ट्री से जुड़कर काम करना चाहते हैं, तो सेरिकल्चर फार्म में बतौर मैनेजर, या फिर सिल्क रीलिंग, सिल्क वीविंग मिल, डाइंग, प्रिंटिंग अथवा स्पिनिंग मिल में काम कर सकते हैं। केंद्र सरकार कई स्कीम्स स्पॉन्सर करती है, जहां आपको करियर के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। आप खुद का वीविंग तथा एक्सपोर्ट का बिजनेस कर सकते हैं।

### कितनी आय

जो प्रोफेशनल्स अच्छी ट्रेनिंग के साथ पब्लिक सेक्टर में अपना करियर शुरू करते हैं, उनकी शुरूआती सैलरी 15 से 20 हजार रुपए प्रति माह होती है, जबकि प्राइवेट सेक्टर में आप 20 से 25 हजार रुपए प्रति माह की सैलरी से शुरूआत कर सकते हैं। सैलरी अनुभव के साथ बढ़ती है। हालांकि इस पर भी काफी कुछ निर्भर करता है कि आप कहां काम कर रहे हैं। बतौर एंटरप्रेन्योर आप बेहतरीन कमाई कर सकते हैं। एयरइंडिया में जॉब पाने का मौका, ट्रेनी केबिन क्रू के पद पर वैकेंसीज





## विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारते हैं बी-स्कूल

इसमें कोई शक नहीं कि बिजनेसमैन की वर्तमान पीढ़ी उच्च शिक्षित है और इनमें से अधिकांश के पास टेक्निकल व मैनेजमेंट डिग्रियां हैं। यदि हम भारत के सर्वश्रेष्ठ मैनेजमेंट संस्थानों के करिकुलम को देखें, तो पाएंगे कि इनमें फोकस केवल किताबी ज्ञान पर नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारने पर भी होता है।

इस बात पर बहस लंबे समय से चल रही है कि देश के सर्वश्रेष्ठ बिजनेस स्कूल्स से ली गई मैनेजमेंट की डिग्री सफल एंटरप्रेन्योर बनने में कितनी और कैसे काम आती है। इस मुद्दे के पक्ष और विपक्ष दोनों ही में तर्क दिए जाते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि बिजनेसमैन की वर्तमान पीढ़ी उच्च शिक्षित है और इनमें से अधिकांश के पास टेक्निकल व मैनेजमेंट डिग्रियां हैं। ऐसा कहा जाता है कि क्लास में पढ़ाई जाने वाली थ्योरी कभी भी काम करते हुए हासिल किए गए व्यावहारिक ज्ञान की जगह नहीं ले सकती। मगर यदि हम भारत के सर्वश्रेष्ठ मैनेजमेंट संस्थानों के करिकुलम को देखें, तो पाएंगे कि इनमें फोकस केवल किताबी ज्ञान पर नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारने पर भी होता है। तो चलिए, इस बात पर बिंदुवार नजर डालते हैं कि किसी टॉप बिजनेस स्कूल में पढ़ने पर आपको क्या मिलता है। बिजनेस स्टडीज एवं एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम्स आपको मौजूदा बिजनेस शैलियों, मार्केट रिसर्च डेटा, रियल टाइम तथा तथ्यात्मक केस स्टडीज का एक्सपोजर देते हैं, जो बेहद मूल्यवान साबित होता है। इन मॉडल्स और ट्रेंड्स के बारे में अच्छी तरह जानकर आप इन्हें अपने बिजनेस पर लागू कर सकते हैं। एक प्रकार से यह दूसरों की गलतियों से सीखने के समान होगा। किसी टॉप बिजनेस संस्थान के विद्यार्थी होने के नाते आपका एक्सपोजर देश तक सीमित भी नहीं रहेगा।

### टेक्नोलॉजी

हम बेहद तेज रफ्तार दुनिया में जी रहे हैं और जहां तक बात नई व इनोवेटिव टेक्नोलॉजी की है, तो हम चल ही नहीं रहे, बल्कि दौड़ रहे हैं। किसी टॉप बिजनेस स्कूल के विद्यार्थी होने के नाते आपको विभिन्न नए टूल्स व टेक्नोलॉजीस को समझने और उनके साथ प्रयोग करने का अवसर मिलता है। ऐसे सॉफ्टवेयर, जो मैथमेटिकल मॉडलिंग को सरल बना दें और स्मार्ट प्रेजेंटेशन को वास्तविकता में बदल दें, आपको अपना बिजनेस शुरू करने में काफी मदद कर सकते हैं। ऐसी छोटी-छोटी बातों से आपके कामकाज को एक प्रोफेशनल टच मिल जाता है।

### स्किल्स

किसी टॉप बिजनेस स्कूल में जाने से यह भी सुनिश्चित हो जाता है कि आपकी सॉफ्ट स्किल्स में निखार आएगा, जैसे पब्लिक स्पीकिंग, इंटर-पर्सनल कम्युनिकेशन, क्रिएटिविटी, लीडरशिप आदि। ये स्किल्स उन लोगों के लिए बहुत मायने रखती हैं, जो अपना बिजनेस चलाते हैं और रोजाना कई लोगों से डील करते हैं, फिर चाहे वे कर्मचारी हों, क्लाइंट हों या वेंडर आदि हों।

### सही लोगों से मुलाकात

किसी अच्छे इंस्टीट्यूट में पढ़ते हुए आपको कई प्रसिद्ध हस्तियों से मिलने का मौका मिलता है। ये हस्तियां विजिटिंग फैकल्टी या गेस्ट प्रेजेंटर के तौर पर वहां आ सकती हैं। फिर, यह भी संभव है कि आपको अपने सहपाठियों में से ही कोई भावी बिजनेस पार्टनर मिल जाए! सर्वश्रेष्ठ एमबीए कॉलेज देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को आकर्षित करते हैं। इसलिए यहां आपकी जान-पहचान ऐसे प्रतिभाशाली लोगों से होने की संभावना काफी अधिक रहती है। यह जान पहचान किसी-न-किसी रूप में काम ही आती है।

### साख मायने रखती है

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसी टॉप बिजनेस स्कूल से डिग्री लेकर जब आप सबको उस बिजनेस स्कूल का नाम बताएंगे, तो एंटरप्रेन्योर के तौर पर आपकी प्रामाणिकता भी बढ़ जाएगी। इससे आपके साथ डील करने वाली पार्टियों का आपके प्रति विश्वास बढ़ेगा। कुल मिलाकर, देश के किसी दिग्गज बिजनेस स्कूल से मैनेजमेंट की डिग्री लेना फायदे का ही सौदा होता है क्योंकि यहां आपको केवल किताबी ज्ञान ही नहीं मिलता, बल्कि इससे कहीं अधिक लाभ प्राप्त होता है।



## वॉटर मैनेजमेंट में अपना करियर बना सकते हैं युवा

जल संरक्षण व प्रबंधन पर अब सरकारें और औद्योगिक प्रतिष्ठान भी ज्यादा जोर दे रहे हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए वॉटर मैनेजमेंट के प्रोफेशनल्स की जरूरत बढ़ रही है। ये ऐसे प्रशिक्षित लोग होते हैं, जिन्हें वॉटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट तथा वॉटर रिसाइक्लिंग की अच्छी समझ होती है। उधर, भूजल के स्तर को सुधारने के लिए आधुनिक तकनीकों की भी मांग बढ़ रही है। केंद्रीय जल संसाधन विभाग की ओर से जारी राष्ट्रीय जल नीति में भी पानी के कुप्रबंधन पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक प्लानिंग पर जोर देने की बात कही गई है। जाहिर-सी बात है कि दिनों-दिन बढ़ते जल संकट को दूर करने के लिए वॉटर साइंटिस्ट, एन्वायरनमेंट इंजीनियर, ट्रेंड वॉटर कंजर्वेशनिस्ट या कहें विभिन्न प्रकार के वॉटर मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की मांग बनी रहेगी।
ग्रीन जॉब्स मार्केट में आकर्षक जॉब्स के अवसर बहुत हैं। वॉटर मैनेजमेंट में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की जल प्रबंधन से जुड़े सरकारी विभागों में तथा वॉटर प्रोजेक्ट्स में खूब मांग है। निजी क्षेत्र में भी पेयजल आपूर्ति तथा वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्यों के लिए प्रशिक्षित लोगों को ही हायरिंग में तवज्जो दी जा रही है। बड़े-बड़े उद्योग, रियल एस्टेट सेक्टर और एनजीओ भी वॉटर हार्वेस्टिंग डिजाइनिंग तथा जल संचयन के लिए वॉटर मैनेजमेंट की पृष्ठभूमि वाले प्रोफेशनल्स की सेवाएं ले रहे हैं। आप चाहें, तो कंसल्टेंट बनकर भी करियर बना सकते हैं क्योंकि ऐसे लोगों की वॉटर ट्रीटमेंट सिस्टम्स के संचालन और देखरेख के लिए मांग लगातार बढ़ रही है।

### क्वॉलिफिकेशन

जल प्रबंधन और संरक्षण पर आधारित कई तरह के कोर्स देश के विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में संचालित हो रहे हैं। युवा वॉटर साइंस, वॉटर कंजर्वेशन, वॉटर मैनेजमेंट, वॉटर हार्वेस्टिंग, वॉटर ट्रीटमेंट तथा वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट जैसी किसी भी स्ट्रीम में कोर्स करके अपना करियर बना सकते हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में वॉटर हार्वेस्टिंग एंड मैनेजमेंट नाम से ऐसा ही एक सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हो रहा है। 10वीं पास युवा यह कोर्स कर सकते हैं। अगर आप बायोलॉजी विषय में 12वीं पास हैं, तो एक्वा साइंस या वॉटर साइंस में बीएससी और एमएससी भी कर सकते हैं। एग्रीकल्चर/ सिविल इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, जियोलॉजी, एन्वायर्नमेंटल स्टडीज या बायोलॉजी में बैचलर्स की पढ़ाई करके वॉटर साइंटिस्ट, एन्वायरनमेंट इंजीनियर, बायोलॉजिस्ट, हाइड्रो जियोलॉजिस्ट या जियोलॉजिस्ट बन सकते हैं।

### सैलरी कितनी?

वॉटर मैनेजमेंट में डिप्लोमाधारी युवा शुरूआत में आसानी से 15 से 25 हजार रुपए प्रति माह सैलरी पा सकते हैं। वहीं, वॉटर साइंटिस्ट या इंजीनियर को भी 30 से 40 हजार रुपए प्रति माह की सैलरी मिल जाती है।

### क्या है वॉटर मैनेजमेंट?

देश-दुनिया में वॉटर कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट की कोशिश कई स्तरों पर चल रही है ताकि दिनों-दिन गहराते जल संकट से पार पाया जा सके। इसके लिए नदियों और भूजल में बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने से लेकर भूजल स्तर सुधारने, परंपरागत जल स्रोतों को सुरक्षित रखने तथा आधुनिक तकनीकों के सहारे वॉटर हार्वेस्टिंग की विधियां विकसित करने व वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट जैसे अनेक उपायों पर जोर दिया जा रहा है। कम पानी से कृषि की उत्पादकता बनाए रखने का प्रयास भी इसी मुहिम का हिस्सा है।



# पहले टीम और कॉन्ट्रैक्ट से निकाला, अब श्रेयस अय्यर की होगी वापसी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

आईपीएल 2025 में 'इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने जाने के बाद सीधे भारतीय टेस्ट टीम में जगह पा जाने वाले साई सुदर्शन के सितारे इन दिनों गर्दिश में चल रहे हैं. आईपीएल के पिछले सीजन कुल 759 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल करने वाले इस बाएं हाथ के बल्लेबाज की टेस्ट टीम में जगह खतरे में पड़ गई है. इसकी वजह है इंग्लैंड के दौर पर उनका फीका प्रदर्शन. साई सुदर्शन ने अपनी डेब्यू सीरीज में खेले गए तीन मैचों में नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए केवल एक अर्धशतक लगाया और कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए. उनकी शुरुआत शून्य की पारी के साथ हुई. लीड्स में अपने डेब्यू टेस्ट की पहली पारी में वह बगैर खाता खोले







आउट हो गए, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 30 रन बनाए, हालांकि मैनचेस्टर टेस्ट में पहली पारी में उन्होंने 61 रनों की उम्दा पारी खेली, लेकिन दूसरी पारी में एक बार फिर शून्य पर ही आउट हो गए.

## शानदार रहा श्रेयस अय्यर का प्रदर्शन

अब मुंबई के इस बल्लेबाज को वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू दो-दो मैचों की टेस्ट सीरीज में वापसी का मौका मिलने वाला है, खासकर स्पिन खेलने की उनकी क्षमता के चलते. टेस्ट और टी20I से बाहर रहने के बावजूद श्रेयस ने चुपचाप अपना मजबूत दावा पेश किया है. आईपीएल 2025 में उन्होंने पंजाब किंग्स को अपनी तूफानी बल्लेबाजी के दम पर फाइनल तक पहुंचाया. कुल 17 मैचो में 604 रन बनाए और स्ट्राइक रेट 175.07 का रहा, जो शीर्ष 5 बल्लेबाजो में सबसे अच्छा था. उनके टेस्ट आकड़ों की बात करे तो अब तक अय्यर ने 14 टेस्ट मे 811 रन बनाए हैं,औसत 36.86 रहा है, जिसमे 5 अर्धशतक और 1 शतक शामिल है. 2024 में टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद उन्होंने पिछले रणजी सीजन में 5 मैचों में 480 रन बनाए, औसत 68.57 रहा और दो शतक भी जड़े.

**करुण नायर पर भी सवाल :** ओवल टेस्ट में एक बार फिर उन पर भरोसा कायम रखा गया. लेकिन, यहां फिर वह दोनों पारियों में क्रमशः 38 और 11 रन का ही योगदान दे पाए. मिडिल में चाहिए स्पिन स्पेशलिस्टः इंग्लैंड दौरे पर सुदर्शन के अलावा अनुभवी करुण नायर का प्रदर्शन भी संतोषजनक नहीं रहा, जिसके बाद से यह अटकलें लगाए जाने लगीं की कर्नाटक के इस बल्लेबाज ने अपना अंतिम टेस्ट मैच खेल लिया है.

**इंग्लैंड में नहीं चला बल्ला :** विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद मिडिल ऑर्डर में अनुभव की भरपाई के लिए करुण का चयन हुआ था लेकिन वह उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके. अब इन दो प्लेयर्स के विकल्प पर चर्चा शुरू हो चुकी है और श्रेयस अय्यर सबसे मजबूत विकल्प के तौर पर उभर रहे हैं. श्रेयस को वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए मिडिल ऑर्डर में स्पिन स्पेशलिस्ट के तौर पर टीम में शामिल किए जाने पर विचार किया जा रहा है. श्रेयस लगभग डेढ़ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी कर सकते हैं. आखिरी बार उन्होंने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेली थी, जिसके बाद वे टीम से बाहर हो गए थे और बीसीसीआई के 2024/25 सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से भी बाहर कर दिए गए थे.

**मीटिंग में लिया जाएगा फैसला :** अजित आगरकर एंड कंपनी जब अगली मीटिंग करेगी तो उन्हें यह तय करना होगा कि वे सरफराज खान या श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों की ओर लौटें या करुण नायर और साई सुदर्शन को एक और मौका दिया जाए. हालांकि इंग्लैंड दौरे पर यही नजर कि साई अभी पूरी तरह से तैयार खिलाड़ी नहीं हैं. उनके खेल के कुछ पहलू ऐसे हैं जिन पर उन्हें काम करने की जरूरत है क्योंकि वे बार-बार एक ही तरीके से आउट हो रहे हैं. यदि सेलेक्टर्स ने उन्हें वापस जाकर अपने खेल में सुधार करने की सलाह दी तो उनकी वापसी की राह बहुत लंबी हो सकती है. करुण नायर को वापसी में आठ साल लग गए. साई के साथ भी ऐसा हो सकता है.

# रोहित और विराट का पत्ता वनडे से भी कट सकता, गंभीर की शर्त

एजेंसियां। नयी दिल्ली


रोहित शर्मा और विराट कोहली क्रिकेट के दो फॉर्मेट से पहले ही रिटायरमेंट ले चुके हैं. ये दोनों खिलाड़ी अब सिर्फ वनडे क्रिकेट खेलते हैं. इसके पीछे एक बड़ा कारण ये है कि दोनों खिलाड़ी 2027 के वर्ल्ड कप को जीत कर अपने करियर का अंत करना चाहेंगे. लेकिन फिलहाल इन दोनों खिलाड़ियों की वनडे टीम में जगह पक्की नहीं है. वहीं बीसीसीआई इन दोनों खिलाड़ियों के सामने एक नई शर्त रख सकती है.

## रणजी ट्रॉफी के बाद विजय हजारे में रोको

2025 की रणजी ट्रॉफी में विराट कोहली और रोहित शर्मा की वापसी के बाद रिकॉर्ड भीड़ देखी गई. अब विजय हजारे ट्रॉफी में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिल सकता है. खबरों के अनुसार 2027 एक दिवसीय वर्ल्ड कप में खेलने की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए इन दोनों महान बल्लेबाजों को इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए कहा जा सकता है. बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी से ब्रेक के दौरान सभी खिलाड़ियों को घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेना होगा. रोहित और कोहली दोनों ने टी20 आई और टेस्ट से संन्यास ले लिया है. उनका अगला वनडे असाइनमेंट अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया का तीन मैचों का दौरा है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर वे विजय हजारे ट्रॉफी नहीं खेलते हैं, तो यह उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय दौरा हो सकता है. बीसीसीआई 2027 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहेगी जैसा कि वे टेस्ट में कर रहे हैं.

**दोनों खेलना चाहते हैं वर्ल्ड कप :** कोहली और रोहित दोनों ने यह इच्छा जताई है कि वे दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वर्ल्ड कप में खेलना चाहते हैं. वे 2023 के फाइनल में हारने के बाद इस टूर्नामेंट में भाग लेना चाहते हैं. हालांकि, तब तक कोहली 38 साल के हो जाएंगे और रोहित 40 के करीब. कोहली 2009 विजय हजारे ट्रॉफी में 534 रनों के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे. रोहित 2016-2018 के बीच कई बार इस टूर्नामेंट में खेल चुके हैं. यह खबर ऐसे समय में आई है जब यह भी कहा जा रहा है कि गंभीर देश के क्रिकेट में 'स्टार कल्चर' को खत्म करना चाहते हैं. बीसीसीआई अब खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए कह रही है. इसका मतलब है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे बड़े खिलाड़ियों को भी विजय हजारे ट्रॉफी में खेलना पड़ सकता है.

**क्या ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वनडे से संन्यास लेंगे रोहित शर्मा और विराट कोहली? :** मीडिया रिपोर्ट में बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से बताया गया कि अगर रोहित और विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भी खेलना है तो उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी में खेलना पड़ सकता है. ये ट्रॉफी दिसंबर के अंत में शुरू होगी. बता दें कि दोनों इस साल शुरुआत में रणजी ट्रॉफी के बचे हुए मैचों में खेले थे, क्योंकि टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने फैसला किया था कि बिना कोई ठोस कारण के अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेल रहे प्लेयर्स डोमेस्टिक टूर्नामेंट को मिस नहीं कर सकते. इसमें भी रोहित और कोहली का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, जिसके बाद दोनों ने टेस्ट से भी रिटायरमेंट ले लिया था. रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया कि इन दोनों दिग्गजों ने भारतीय क्रिकेट को बहुत कुछ दिया है लेकिन अब युवा खिलाड़ियों की लाइन लंबी है और चयनकर्ता और टीम प्रबंधन 2027 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर तैयारी कर रहे हैं.





## इसी साल वनडे से भी संन्यास लेंगे रोहित और कोहली?

क्या रोहित शर्मा और विराट कोहली वनडे से भी संन्यास लेने जा रहे हैं? ये सवाल ताजा रिपोर्ट आने के बाद उठने लगा है. दोनों दिग्गज तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम के कप्तानी कर चुके हैं, वह अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेलते हैं. टेस्ट के बाद अब वनडे टीम की बागडोर भी युवा खिलाड़ियों के हाथों में जाती दिख रही है और रोहित-कोहली का 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक खेलने का सपना टूट सकता है. रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद एकसाथ इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था. इंग्लैंड दौरे से पहले रोहित-कोहली ने एक हफ्ते के अंतराल में टेस्ट से भी रिटायरमेंट ले ली थी. भारत का अगला टूर्नामेंट एशिया कप है, जो सितंबर में टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा. भारत का अगला वनडे ऑस्ट्रेलिया के साथ है, जो अक्टूबर में होगा. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये सीरीज इन दोनों की आखिरी वनडे सीरीज भी साबित हो सकती है.

### रोहितका वनडे करियर

मैच- 273, रन- 11168, सर्वाधिक स्कोर- 264, शतक- 32,अर्धशतक- 58, छक्के- 344, चौके- 1045, विकेट- 9

### विराट का वनडे करियर

मैच- 302, रन- 14181, सर्वाधिक स्कोर- 183, शतक- 51,अर्धशतक- 74, छक्के- 152, चौके- 1325, विकेट- 5

रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया कि अगर रोहित शर्मा चाहते हैं तो वह बतौर कप्तान ऑस्ट्रेलिया में अपने वनडे करियर का समापन कर सकते हैं. दोनों ने टेस्ट और टी20 में भी अपना आखिरी मैच एक साथ खेला था. दोनों आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में खेले थे, जिसे भारत ने जीता था.

# रोहित शर्मा ने खरीदी नई कार, नंबर 3015 ही चुना?





एजेंसियां। मुंबई

भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा ने लैम्बोर्गिनी कार खरीदी है, जो देखने में काफी खूबसूरत है. लेकिन फैंस की नजरें तो इस कार की नंबर प्लेट पर जा टिकी. रोहित शर्मा की कार का नंबर 3015 है, जिसे यूं ही नहीं लिया गया है बल्कि इसके पीछे एक खास वजह है. इस नंबर से रोहित के 3 कनेक्शन जुड़ रहे हैं.

रोहित शर्मा के पास इससे पहले नीले रंग की लैम्बोर्गिनी कार थी, जिसका नंबर 0264 था. ये नंबर रोहित की वनडे में सबसे बड़ी पारी को ध्यान में रखकर लिया गया था.

वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने का रिकॉर्ड रोहित के नाम है, उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ एक मैच में 264 रन बनाए थे. हालांकि रोहित ने अपनी इस कार को एक फैंटेसी ऐप विनर को दे दी थी. रोहित शर्मा की बेटी का नाम समाइरा शर्मा है, जो रोहित और रितिका की पहली संतान है.

समाइरा का जन्म 30 दिसंबर 2018 को हुआ था. सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि गाड़ी के पहले 2 नंबर इसी पर हैं. 2024 में रितिका ने एक बेटे को जन्म दिया, रोहित के बेटे का जन्म 15 नवंबर को हुआ. गाड़ी के आखिरी 2 नंबर बेटे के बर्थ डेट पर हैं. अब इन दोनों नंबर को जोड़ें (30+15) तो 45 बनता है, जो हर क्रिकेट फैन जानता है कि ये उनका जर्सी नंबर है.

### रोहित शर्मा के पास हैं ये लग्जरी कारें

- मर्सिडीज-बेंज एस क्लास- 1.50 करोड़ रुपये
- रेंज रोवर एचएसई एलडब्ल्यूबी- 2.80 करोड़ रुपये
- मर्सिडीजी जीएलएस 400 डी- 1.29 करोड़ रुपये
- बीएमडब्ल्यू एम 5- 1.99 करोड़ रुपये

*रोहित शर्मा के पास कई लग्जरी कार हैं, जो काफी महंगी हैं. रोहित शर्मा हाल ही में इंग्लैंड से लौटे हैं, वह अपने परिवार के साथ वहां थे. रोहित टेस्ट और टी20 से रिटायरमेंट ले चुके हैं. वह अब सिर्फ ओडीआई फॉर्मेट में खेलते हैं.*

### रोहित की नई कार की भारत में कीमत 4.57 करोड़

रोहित शर्मा की ऑरेंज कलर की लैम्बोर्गिनी का इंजन 620एचपी पावर का है, जो 800एनएम का टॉर्क जनरेट करता है. इस कार की कीमत की बात करें तो भारत में एक्स-शोरूम कीमत 4.57 करोड़ रुपये है. इलेक्ट्रिक मोड में ये एसयूवी 60 किलोमीटर तक चलाई जा सकती है.

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में शाहीन अफरीदी ने झटके चार विकेट

# वसीम अकरम के खास क्लब में शामिल

एजेंसियां। जमैका

वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को खेले गए पहले वनडे मैच में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने घातक गेंदबाजी की और टीम को जीत दिलाई. 25 वर्षीय गेंदबाज ने इस मुकाबले में कुल पांच विकेट झटके और पूर्व गेंदबाज वसीम अकरम के खास क्लब में शामिल हो गए. शाहीन शाह अफरीदी वेस्टइंडीज में किसी वनडे मैच में चार या उससे अधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं. वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले सातवें गेंदबाज बने हैं. उनसे पहले पाकिस्तान के वसीम अकरम ने 1993 में किंग्सटाउन में यह कारनामा किया था, जब उन्होंने 18 रन देकर चार विकेट झटके थे. वहीं, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल जॉनसन और मिचेल स्टार्क कैरेबियाई धरती पर वनडे मैच में पांच विकेट लेने वाले एकमात्र बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं.



**पाकिस्तान ने जीता पहला वनडे मैच**

टी20 सीरीज जीतने के बाद पाकिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत भी जीत से की है. मोहम्मद रिजवान की अगुआई में पाकिस्तान टीम ने पहले मुकाबले में शाई होप की अगुआई वाली वेस्टइंडीज की टीम को पांच विकेट से हरा दिया है. पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 49 ओवर में 280 रन पर सिमट गई. जवाब में पाकिस्तान ने 48.5 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया.

### वेस्टइंडीज में वनडे मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज

| गेंदबाज | टीम | विकेट | विपक्षी टीम |
|---|---|---|---|
| मिचेल जॉनसन | ऑस्ट्रेलिया | 5/29 | वेस्टइंडीज |
| मिचेल स्टार्क | ऑस्ट्रेलिया | 5/48 | वेस्टइंडीज |
| वसीम अकरम | पाकिस्तान | 4/18 | वेस्टइंडीज |
| नाथन ब्रैकन | ऑस्ट्रेलिया | 4/19 | श्रीलंका |
| नाथन ब्रैकन | ऑस्ट्रेलिया | 4/31 | वेस्टइंडीज |
| शोरीफुल इस्लाम | बांग्लादेश | 4/34 | वेस्टइंडीज |
| उमर भट्टी | कनाडा | 4/45 | बरमूडा |
| शाहीन शाह अफरीदी | पाकिस्तान | 4/51 | वेस्टइंडीज |

रॉयल्स फ्रेंचाइजी छोड़ने की अटकलों के बीच बोले सैमसन

# राजस्थान के साथ मेरी यात्रा शानदार रही

एजेंसियां। नयी दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स का साथ छोड़ने की अटकलों के बीच विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा है कि इस आईपीएल फ्रेंचाइजी के साथ लंबे जुड़ाव ने उनके जीवन और करियर को बदल दिया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैमसन ने रॉयल्स से इस साल की आईपीएल नीलामी से पहले उन्हें रिलीज या फिर ट्रेड करने के लिए कहा है. वह इस फ्रेंचाइजी से साल 2013 में जुड़े थे. साल 2016 और 2017 में राजस्थान फ्रेंचाइजी पर लगे प्रतिबंध के बाद वह दो साल दिल्ली की टीम से खेले. इसके बाद 2018 में वह वापस से इस टीम से जुड़ गए थे. अगर वह टीम से अलग होते हैं तो 11 सीजन से चले आ रहे संबंध का अंत हो जाएगा.



**अश्विन के साथ बातचीत में बोले सैमसन :** सैमसन ने पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन के यूट्यूब शो में कहा, आरआर मेरे लिए दुनिया है. केरल के एक गांव से आया एक छोटा बच्चा, जो दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा दिखाना चाहता था. फिर राहुल (द्रविड़) सर और मनोज बडाले सर ने मुझे एक मंच दिया ताकि मैं उठकर दुनिया को दिखा सकूं कि मैं किस चीज का बना हूं.

**अश्विन की जगह टीम में आएंगे सैमसन? :** बताया जा रहा है कि अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से मोह भंग हो गया है और वह फ्रेंचाइजी के साथ अपने भविष्य को लेकर चर्चा कर रहे हैं. ऐसी अटकलें हैं कि वह टीम से अलग होने की मांग कर सकते हैं. ऐसे में पांच बार की चैंपियन टीम सीएसके सैमसन को एक संभावित विकल्प के रूप में देख सकती है. सैमसन ने कहा, मेरे करियर के शुरुआती समय, आरआर ने मुझ पर पूरा भरोसा किया. आरआर के साथ मेरा सफर वाकई शानदार रहा है और मैं ऐसी फ्रैंचाइजी में होने के लिए बहुत आभारी हूं. यह मेरे लिए वाकई बहुत मायने रखता है

**द्रविड़ से सलाह के बाद लिया जाएगा फैसला :** ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसन ने आईपीएल 2025 सीजन के खत्म होने के बाद ही राजस्थान फ्रेंचाइजी को इस बात की सूचना दे दी थी. राजस्थान ने जून में 2025 सीजन की समीक्षा बैठक की थी, लेकिन उन्होंने अभी तक सैमसन को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया है और उन्हें टीम के साथ बने रहने के लिए मनाने का विकल्प अभी भी खुला है.

डब्ल्यूडब्ल्यूई

जॉन सीना नहीं रोमन रेंस का सबसे पसंदीदा रेसलर

# ब्रॉक लेसनर का दानव जैसा है शरीर, डरते हैं सारे स्टार

एजेंसियां। नयी दिल्ली

रोमन रेंस ने कई सालों में दुनिया के कई बड़े रेसलर सितारों का सामना किया है. उन्होंने जॉन सीना, रैंडी ऑर्टन, सैथ रॉलिंस, गोल्डबर्ग, ब्रे वायट और कई डब्ल्यूडब्ल्यू हॉल ऑफ फेमर्स के साथ मुकाबला किया है. लेकिन एक नाम ऐसा है, जो रोमन रेंस के लिए सबसे खास है. यह नाम कोई और नहीं बल्कि द बीस्ट ब्रॉक लेसनर हैं. रोमन रेंस ने ब्रॉक लेसनर को अपना सबसे तगड़ा पसंदीदा डब्ल्यूडब्ल्यूई प्रतिद्वंद्वी बताया है. रोमन रेंस और ब्रॉक लेसनर के बीच कई बार मुकाबला हुआ है. उनके मुकाबले को फैंस से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है. मुकाबला हमेशा रोमांचक रहा है.



## डब्ल्यूडब्ल्यू में हुई ब्रॉक लेसनर की वापसी

ब्रॉक लेसनर ने समरस्लैम 2025 में डब्ल्यूडब्ल्यूई में वापसी की है. उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप के बाद जॉन सीना पर हमला किया. इससे यह संकेत मिला है कि वह जॉन सीना के अंतिम विरोधियों में से एक होंगे. पॉल हेमैन, ट्रिपल एच, डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन कोडी रोड्स और जॉन सीना जैसे कई डब्ल्यूडब्ल्यूई सितारों ने लेसनर की वापसी के बारे में बात की है. रोमन रेंस ने भी ब्रॉक लेसनर के बारे में बात की. ईएसपीएन फर्स्ट टेक सवाल-जवाब में उन्होंने ब्रॉक लेसनर को अपना पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी बताया. रोमन रेंस ने कहा, मेरा पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी ब्रॉक लेसनर है. उनके साथ रिंग में आने के बाद मेरा पूरा करियर बदल गया.

## क्या है रोमन रेंस का सबसे पसंदीदा पल

रोमन रेंस से उनके करियर के पसंदीदा पल के बारे में भी पूछा गया. उन्होंने अपने 1316 दिनों के डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनिवर्सल चैंपियन के तौर पर चैंपियन बने रहने को चुना. इस दौरान उन्होंने ब्रॉक लेसनर को कई बार हराया. उन्होंने क्राउन ज्वेल 2021, रेसलमेनिया 38 और समरस्लैम 2022 में ब्रॉक लेसनर को हराया. रेसलमेनिया 38 में उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई और यूनिवर्सल टाइटल को यूनिफाई किया. रोमन रेंस और ब्रॉक लेसनर के बीच कई यादगार मुकाबले हुए हैं.

# वाह अनिल कुंबले, दिग्गज लेग स्पिनर ने बोली ऐसी संस्कृत, वीडियो हुआ वायरल

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारत के महान लेग-स्पिनर अनिल कुंबले और उनकी पत्नी चेतना कुंबले ने विश्व संस्कृत दिवस मनाया. चेतना कुंबले एक प्रसिद्ध साहित्य विद्वान हैं. उन्होंने इस अवसर पर एक विशेष वीडियो संदेश साझा किया और सभी को शुभकामनाएं दीं. यह दिन 9 अगस्त को मनाया गया. यह श्रावण पूर्णिमा के साथ मेल खाता है. यह दिन संस्कृत भाषा को सम्मानित करने के लिए है.

**संस्कृत बोलते हुए वीडियो वायरल :** संस्कृत को 'देववाणी' या 'देवताओं की भाषा' भी कहा जाता है. इसे दुनिया की सबसे पुरानी और सबसे संरचित भाषाओं में से एक माना जाता है. अनिल कुंबले और चेतना कुंबले ने संस्कृत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक अनमोल खजाना बताया. भले ही यह भाषा रोजमर्रा के उपयोग में न हो लेकिन यह वैदिक मंत्रों, अनुष्ठानों, शास्त्रीय कलाओं और शैक्षणिक अनुसंधान के माध्यम से आज भी जीवित है.



**वीडियो जारी करते हुए दिया संदेश :** वीडियो संदेश में चेतना कुंबले ने सभी से संस्कृत भाषा को पढ़ने सीखने और अध्ययन करने का आग्रह किया. संस्कृत दिवस पहली बार 1969 में भारत सरकार और संस्कृत संस्थानों द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया था. इस कार्यक्रम का उद्देश्य संस्कृत सीखने को प्रोत्साहित करना है. यह इसकी बौद्धिक गहराई को प्रदर्शित करता है. यह युवा पीढ़ी को भाषा की समृद्ध विरासत से जोड़ने के लिए प्रेरित करता है. हर साल संस्कृत सप्ताह भी पूरे देश में मनाया जाता है. इस साल का उत्सव 6 से 12 अगस्त, 2025 तक चलेगा. परंपरागत रूप से श्रावण पूर्णिमा प्राचीन भारत में शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत का प्रतीक था. इस दिन छात्र शास्त्रों का अध्ययन शुरू करते थे.

**ब्रीफ न्यूज**

## वोटर लिस्ट में डिप्टी सीएम का नाम दो जगह सियासी हलचल हुई तेज

**पटना।** बिहार में चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट रिवीजन (एस आइई के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है. पहले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पर दो वोटर आईडी रखने का मामला सामने आया था, अब उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर भी ऐसा ही आरोप लग रहा है. बताया जा रहा है कि विजय सिन्हा का नाम दो विधानसभा क्षेत्रों - लखीसराय और पटना के बांकीपुर - दोनों में वोटर लिस्ट में दर्ज है. लखीसराय में उनके नाम से ईपीआईसी नंबर आईए एफ 3939337 और बांकीपुर में एफएसओ 0853341 है. चुनाव आयोग ने कहा था कि डुप्लीकेट वोटरों के एक रिकॉर्ड को हटा दिया गया है, लेकिन विजय सिन्हा का नाम दोनों जगह मौजूद होने से विवाद फिर गहरा गया है. विपक्ष जांच की मांग कर रहा है. भारतीय कानून के अनुसार, दो अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में वोटर आईडी रखना गैरकानूनी है और इसमें एक साल की सजा या जुर्माना हो सकता है.

## जमीन रजिस्ट्री से पहले अब होगा भौतिक सत्यापन

**जहानाबाद।** बिहार के जहानाबाद जिले में जमीन रजिस्ट्री को लेकर बड़ा बदलाव किया गया है. निबंधन विभाग ने जिले के 43 मौजों (गांवों) में अब बिना भौतिक सत्यापन के जमीन की रजिस्ट्री नहीं करने का निर्णय लिया है. इसका उद्देश्य रजिस्ट्री में पारदर्शिता लाना और राजस्व की हेराफेरी रोकना है. अब एक विशेष टीम रजिस्ट्री से पहले मौके पर जाकर जमीन की स्थिति और दस्तावेजों की जांच करेगी. पहले जमीन मालिक के बयान के आधार पर ही रजिस्ट्री हो जाती थी, जिससे गड़बड़ियों की संभावना रहती थी.नए नियम के तहत जहानाबाद अंचल के 13, काको के 27, मखदुमपुर के एक और रतनी फरीदपुर के दो मौजों में यह नियम लागू होगा. टीम यह जांचेगी कि जमीन आवासीय है या कृषि योग्य, जिससे सही स्टांप शुल्क लगाया जा सके. पिछले साल 122 मामलों में हुई थी. वित्तीय वर्ष 2024-25 में निबंधन विभाग ने 106% राजस्व लक्ष्य हासिल किया और 122 मामलों में हेराफेरी पकड़कर 2.96 करोड़ रुपये की वसूली की. कई जगहों पर आवासीय जमीन को कृषि भूमि बताकर कम स्टांप शुल्क दिया जा रहा था.

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए खुशखबरी

## मुख्यमंत्री नीतीश ने एक करोड़ 12 लाख रुपये की राशि पेंशनधारियों के खातों में हस्तांतरित की



**शुभम संदेश। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को अपने आवास में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत 1 करोड़ 12 लाख से अधिक पेंशनधारियों के खाते में 1247.34 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया. सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को जुलाई माह की 1100 रुपये की पेंशन राशि उनके खाते में अंतरित की गई है. मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को आज 1100 (ग्यारह सौ) रुपये जुलाई माह की पेंशन की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है. प्रत्येक माह की 10 तारीख को सभी लाभुकों के खाते में पेंशन की राशि भेजने का निर्देश मेरी ओर से पहले ही दिया गया है. समय पर पेंशन की राशि लाभुकों के खाते में पहुंचने से उन्हें सहूलियत होगी. कोई भी योग्य सामाजिक पेंशनधारी छूटे नहीं, इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है. जो भी सामाजिक पेंशनधारी छूटे हुये हैं, उनको भी इसका शीघ्र लाभ दिलाने का निर्देश उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जून माह से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं को हर माह मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह कर दी गयी है. इस निर्णय के आलोक में 11 जुलाई, 2025 को मेरे द्वारा कुल 1 करोड़ 11 लाख लाभुकों को 11-11 (ग्यारह-ग्यारह) सौ रुपये प्रति लाभुक की दर से जून माह की राशि उनके बैंक खाते में सीधे भेज दी गयी. इस काम में राज्य सरकार के द्वारा कुल 1 हजार 2 सौ 27 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गयी. मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि विगत एक माह में लगभग 1 लाख नये लाभुक पेंशन योजना के तहत जोड़े गये हैं. इस प्रकार जुलाई माह में लगभग 1 करोड़ 12 लाख लाभुकों को 11-11 सौ रुपये की दर से पेंशन की राशि उनके खाते में मेजी जायेगी. इस काम में राज्य सरकार के द्वारा कुल 1 हजार 2 सौ 47 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है. उन्होंने कहा कि 24 नवंबर, 2005 को सरकार में आने के बाद से हमलोगों ने राज्य के विकास के लिए लगातार काम किया है. हमने शुरू से ही सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई है. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय पेंशन योजना में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना और इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना शामिल हैं, जबकि राज्य पेंशन योजना में लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना और मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना शामिल हैं.

## गोलीबारी कांड के दो अभियुक्त 24 घंटे में गिरफ्तार, पुलिस की कार्वाई जारी



**शुभम संदेश। कटियार**

कटिहार जिला के कोढ़ा थानान्तर्गत हुई गोलीबारी कांड में पुलिस ने 24 घंटों के अंदर दो प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है. बीते शनिवार को जिला के कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वा मुशहरी गांव में दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना घटित हुई थी.कोढ़ा थाना पुलिस ने कांड के नामजद प्राथमिकी अभियुक्त नितिश कुमार और सुमंता उर्फ सुमन कुमार को गिरफ्तार किया है. दोनों अभियुक्त मड़वा मुशहरी के निवासी हैं. पुलिस ने बताया कि दो अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है.पुलिस ने बताया कि अग्रतर कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. गोलीबारी की घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं.

## बढ़ी हुई पेंशन दर के भुगतान पर नालंदा में कार्यक्रम

**नालंदा।** बिहार सरकार के द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में बढ़ी हुई दर पर राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टाउन हॉल बिहारशरीफ नालंदा में हुआ. जिसका उद्घाटन ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा रविवार दीप प्रज्जवलित कर किया गया.इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अन्तर्गत संचालित सभी छः पेंशन योजनाओं में पेंशनधारियों को दी गयी जो यह पेंशन की राशि माह जून से 400/- रूपये से बढ़ाकर 1100/- रूपये किया गया है पेंशन की बढ़ी हुई राशि माह जुलाई, का डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है.इस कार्यक्रम के अवसर पर जिलेभर में जिला मुख्यालय, प्रखण्ड मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय, राजस्व ग्राम एवं नगर निकाय के वार्ड स्तर पर वृहद पैमाने पर 1125 स्थलों पर आयोजित कार्यक्रम में पेंशनधारियों ने भाग लिया मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा होनेवाले राशि के अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टीवी/ लैपटॉप/मोबाईल के माध्यम से जुड़कर देखा एवं सुना गया.मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पेंशनधारियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के संदेश से अवगत कराया. बताया जाता है कि बिहार सरकार की नीति "न्याय के साथ विकास" पर आधारित है, जिनका लक्ष्य समाज के कमजोर वर्गों को सहायता और संबल देना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो एवं उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले.

### इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में शुरू हुई प्रीपेड कैशलेस कार्ड सुविधा

# मरीजों को अब मिलेगा बड़ा लाभ

**शुभम संदेश। पटना**



पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए अब भुगतान की प्रक्रिया आसान हो गई है. अस्पताल ने प्रीपेड कैशलेस कार्ड की सुविधा शुरू की है, जिसके माध्यम से मरीज अब बिना नकद भुगतान के सभी सेवाओं का लाभ ले सकेंगे.यह सुविधा आईजीआईएमएस और इंडियन बैंक के बीच हुए एक समझौते ( एसओयू) के तहत लागू की गई है. इस कार्ड को मरीज के रजिस्ट्रेशन के समय ही उनके रिकॉर्ड से जोड़ा जाएगा, जिससे वे अस्पताल के किसी भी विभाग में आसानी से कैशलेस भुगतान कर सकेंगे. **ऑनलाइन रिचार्ज की सुविधा भी उपलब्धः** देश के किसी भी हिस्से से मरीज या उनके परिजन इस कार्ड में ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर कर सकते हैं, जिससे इलाज के समय पैसों को लेकर आने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा.**समारोह में कई अधिकारी रहे मौजूदः** इस सेवा की शुरुआत के मौके पर इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक ब्रजेश कुमार सिंह और आईजीआईएमएस के निदेशक डॉ. बिंदे कुमार की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए. कार्यक्रम में डीन डॉ. ओम कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनीष कुमार, इंडियन बैंक के एरिया जीएम विवेक, आरएंडजीआर जीएम अंबुकमराज पी, जोनल मैनेजर अमन कुमार झा और उप महाप्रबंधक एफ.आर. बुखारी भी उपस्थित थे.

**न्यूज अपडेट**

## जेनिथ पब्लिक स्कूल की कबड्डी टीम गिरिडीह रवाना



**अररिया।** जोगबनी के जेनिथ पब्लिक स्कूल बिहार से अंडर 14 बालक वर्ग में सीबीएसई की झारखंड बिहार जोन में झारखंड के गिरिडीह स्थित सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के मैदान में कबड्डी खेलने के लिए रवाना हुई.स्कूल के निदेशक खुर्शीद खान और प्रधानाचार्या कविता खान ने खिलाड़ियों को रवाना किया.इस प्रतियोगिता में बच्चों के साथ जा रहे प्रयागराज के कोच विकाश कुमार ने बताया की सभी 12 बच्चो को बेहतरीन तैयारी कराई गई है और पिछले साल की तरह ही ये अपना और अपने स्कूल का नाम रौशन करेंगे.इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे आर्यन गुप्ता, हर्षवर्धन, अनश राय, अयान अंसारी, गोलू, प्रीतम कुमार, किसन कुमार, मोहम्मद फ़ज़ल, नैतिक राज , मानस कुमार, मोहन, मो. शाहिल शामिल है.इस प्रतियोगिता में जाने से पहले प्रिंसिपल कविता खान और निदेशक कविता खान ने सभी बच्चो को प्रोत्साहित किया तथा आशीर्वाद देते हुए जीत की कामना की.

## मारवाड़ी युवा मंच के दो दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ

**अररिया।** फारबिसगंज की मारवाड़ी युवा मंच शाखा की ओर से रविवार को दो दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ किया गया. शिविर के पहले दिन सभी लाभार्थियों के हाथ पैर आदि का माप लिया गया. मंच के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों द्वारा आयोजन को सफल करने में सक्रिय हैं.शिविर का आयोजन गोरधन दास अरुण कुमार गोलछा ट्रस्ट और श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, रांची के सहयोग से किया जा रहा है. शिविर में शारीरिक रूप से अक्षम ज़रूरतमंदों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर प्रदान किए जाएंगे तथा आवश्यकतानुसार वैशाखी उपलब्ध कराया जाएगा. शाखा अध्यक्ष गौरव जैन ने बताया कि 35 लाभार्थियों ने पूर्व-पंजीकरण कर लिया है और मंच की पूरी टीम शिविर को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की सफलता को देखते हुए इस बार शिविर को और व्यापक रूप से आयोजित किया गया है.सह-संयोजक जयंत पांड्या ने बताया कि चिकित्सकीय टीम के नेतृत्व में दिव्यांगों की जांच की जा रही है. सोमवार सुबह से जरूरत मंद को कृत्रिम अंग और उपकरण वितरण किया जाएगा. मौके पर मंच के अध्यक्ष गौरव जैन,महामंत्री सौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए नितेश अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक जयंत पंड्या, पूर्व अध्यक्ष सीए निशांत गोयल, उपाध्यक्ष दिलीप गौतम, उप महामंत्री प्रमोद केडिया,सदस्य विवेक खेमानी,ऋषभ अग्रवाल आदि मौजूद थे.

## स्वतंत्रता दिवस और चेहल्लुम को लेकर बिहार में हाई अलर्ट

**पटना।** स्वतंत्रता दिवस और चेहल्लुम को बिहार पुलिस हाई अलर्ट पर है. पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के माध्यम से सभी जगहों की निगरानी की जाएगी. सादे कपड़ों में पुलिस बल को बाजार, भीड़-भाड़ वाले इलाके और रेलवे परिसरों में तैनात किया जाएगा. आतंकवाद निरोधक दस्ता को भी विशेष सतर्कता में रखा गया है. सीमावर्ती जिलों में गहन पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान चलाया जाएगा. एडीजी विधि-व्यवस्था ने सभी आईजी, डीआईजी और जिलों के एसएसपी-एसपी को भेजे अलर्ट में निर्देश दिया है कि महाबोधि मंदिर (बोधगया), हरमंदिर साहिब (पटना सिटी), महावीर मंदिर (पटना) जैसे धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाई जाए. सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई हो. असामाजिक और संदिग्ध तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए. जरूरत पड़ने पर तुरंत जांच-पड़ताल सुनिश्चित की जाए. इसके अतिरिक्त, शहरी क्षेत्रों में जगह-जगह चेकिंग प्वाइंट बनाकर वाहनों की जांच के भी निर्देश दिए गए हैं. रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर पुलिस की विशेष तैनाती की जाएगी. सुरक्षा व्यवस्था में जिला पुलिस बल के साथ-साथ बिहार सशस्त्र पुलिस बल की भी तैनाती सुनिश्चित की जा रही है.

**कारोबार**

### भारत-ओमान में व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी

# पांच साल में 5 एफटीए पर हुए हस्ताक्षर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और ओमान के बीच व्यापक व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी हो गई है. सरकार ने राज्यसभा में दिए एक जवाब में ये जानकारी दी. भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत साल 2023 में शुरू हुई थी. वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में कांग्रेस सदस्य हेबी माथेर हिशाम द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में बताया कि 'भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीसी) पर बातचीत पूरी हो गई है.'भारत-ओमान के संबंधों का इतिहास पुराना'वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लिखित जवाब में कहा कि 'भारत और ओमान के बीच मित्रता और सहयोग का एक पुराना इतिहास है, जो आपसी विश्वास और सम्मान की नींव पर टिका है और सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंध रहे हैं. दोनों देश रणनीतिक साझेदार हैं और 1955 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंध लगातार फल-फूल रहे हैं. दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को साल 2008 में रणनीतिक साझेदारी में बदला गया.'

सरकार ने अभी ये नहीं बताया कि भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने का औपचारिक कार्यक्रम कब होगा.पांच वर्षों में पांच व्यापार समझौतों पर हुए हस्ताक्षरइसके अलावा जितिन प्रसाद ने संसद के उच्च सदन को अवगत कराया कि भारत ने पिछले पांच वर्षों में अपने व्यापार संबंधों को मजबूत किया है और इस दौरान पांच प्रमुख मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं. साथ ही कई नए समझौतों पर बातचीत चल रही है. पिछले 5 वर्षों में जिन मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, उनमें साल 2021 में लागू भारत-मॉरीशस व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौता, 2022 में भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता और भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता, साल 2024 में भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता, और साल 2025 में भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता शामिल हैं. इन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर चल रही बातचीतभारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता इस साल के अंत में लागू होने की उम्मीद है.

भारत-यूके समझौता भी अभी तक लागू नहीं हुआ है. इस बीच, भारत कई अन्य समझौतों पर बातचीत कर रहा है, जिनमें भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता, भारत-श्रीलंका आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौता, भारत-पेरू मुक्त व्यापार समझौता, भारत - चिली मुक्त व्यापार समझौता, भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता शामिल है.

### इटली के राजदूत फ्रांसेस्को टालो ने बताई भारत की अहमियत

## आईएसईसी प्रोजेक्ट के लिए भारत अहम

**नई दिल्ली।** भारत में इटली के राजदूत फ्रांसेस्को टालो ने एक साक्षात्कार में कहा कि आईएमईईसी महत्वकांक्षी परियोजना की शुरुआत बहुत उम्मीदों के साथ की गई थी. खासकर वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से उत्पन्न अस्थिरता और अनिश्चितता के बीच ऐसे प्रोजेक्ट की खास जरूरत है. भारत को यूरोप से जोड़ने वाले महत्वकांक्षी आईएसईसी प्रोजेक्ट के लिए भारत बेहद अहम है. टालो ने कहा कि भारत एक बड़ा बाजार और उत्पादक देश है.

टालो ने कहा कि आईएमईसी प्रोजेक्ट व्यापार, ऊर्जा और डाटा कनेक्टिविटी के बारे में है और इन तीनों ही सेक्टर में भारत प्रमुख खिलाड़ी है.क्यों अहम है आईएमईसी का प्रोजेक्ट भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा भारत, सऊदी अरब और यूरोप को एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और शिपिंग नेटवर्क से जोड़ेगा. इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच एकीकरण सुनिश्चित करना है. सितंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में इस परियोजना को अंतिम रूप दिया गया था. पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में इटली के राजदूत फ्रांसेस्को टालो ने कहा कि इस महत्वकांक्षी परियोजना की शुरुआत बहुत उम्मीदों के साथ की गई थी. खासकर वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से उत्पन्न अस्थिरता और अनिश्चितता के बीच ऐसे प्रोजेक्ट की खास जरूरत है. डेटा 21वीं सदी का ईंधनटालो ने कहा कि 'भारत निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक विशाल बाजार है. यह एक बड़ा उत्पादक देश है. इसलिए, दोनों ही पहलुओं से, यह बहुत महत्वपूर्ण है. यह परियोजना व्यापार, और वस्तुओं के आदान-प्रदान, साथ ही ऊर्जा और डेटा से भी संबंधित है. और भारत इन तीनों क्षेत्रों में अग्रणी है. इसलिए, बेशक, भारत महत्वपूर्ण हैं. टालो ने कहा कि ब्लू रमन नामक एक केबल (परियोजना) है, जो मुंबई को भूमध्य सागर में इतालवी बंदरगाह जेनोआ से जोड़ेगी और फिर जेनोआ से पूरे यूरोप को जोड़ेगी. यह महत्वपूर्ण है क्योंकि डेटा व्यावहारिक रूप से 21वीं सदी का ईंधन है. उन्होंने भौतिक कनेक्टिविटी के अलावा डिजिटल कनेक्टिविटी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया.

## हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध से पाक को 1240 करोड़ का नुकसान

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को भारत को आंखें दिखाना महंगा पड़ रहा है. कर्ज के बोझ तले दबा पाकिस्तान एक गलती की वजह से अपना बड़ा नुकसान करा चुका है. भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगाकर पाकिस्तान को दो महीने में 1240 करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है. पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध से यातायात में 20 प्रतिशत कमी आई. 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था. इसके जवाब में पाकिस्तान ने सभी भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिया था. मगर यह प्रतिबंध पाकिस्तान पर ही उल्टा पड़ गया. पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक 24 अप्रैल से 30 जून के बीच हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध से पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (पीएए) का हवाई उड़ान शुल्क राजस्व गिर गया. वहीं रोज लगभग 100-150 भारतीय विमान प्रभावित हुए. जबकि पाकिस्तान के पारगमन हवाई यातायात में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आई. पाकिस्तानी रक्षा मंत्रालय ने नुकसान की बात स्वीकार की, लेकिन यह कहकर उसे उचित ठहराने की कोशिश की कि संप्रभुता और राष्ट्रीय रक्षा आर्थिक पहलुओं से ऊपर हैं. अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि ऐसे उपाय रणनीतिक और कूटनीतिक कारणों से नोटिस टू एयरमैन के जरिए जारी किए गए थे. आंकड़ों के मुताबिक 2019 में पीएए का औसत दैनिक ओवरफ्लाइट राजस्व 508,000 डॉलर था, जबकि 2025 में यह 760,000 डॉलर था, जिसका अर्थ है कि प्रतिबंध से पाकिस्तान को काफी नुकसान हुआ है.

**चुनौतियां**

### 50% टैरिफ लगाने के फैसले से टेक्सटाइल निर्यात पर संकट

## धाराशाई हो जाएगा 87,000 करोड़ रुपये का टेक्सटाइल कारोबार

**एजेंसी। अमेरिका**



डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50% टैरिफ लगाने के फैसले से 87,000 करोड़ रुपये के टेक्सटाइल निर्यात पर संकट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50% टैरिफ लागू कर दिया है, जिससे भारत अब ब्राजील जैसे देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन पर सबसे ऊंचा अमेरिकी टैरिफ है. इस फैसले का सीधा असर भारत से अमेरिका को होने वाले करीब 87,000 करोड़ रुपये के टेक्सटाइल निर्यात पर पड़ सकता है. टैरिफ के चलते अमेरिकी ऑर्डर्स में अनिश्चितता बढ़ गई है और कई एक्सपोर्टर्स अपने उत्पादन केंद्र भारत से बाहर ले जाने की योजना बना रहे हैं. वियतनाम, इंडोनेशिया और बांग्लादेश में शिफ्ट का प्लानपर्ल ग्लोबल इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर पल्लब बनर्जी ने तिमाही नतीजों के दौरान कहा कि कंपनी अमेरिकी निर्यात के लिए उत्पादन को वियतनाम, इंडोनेशिया, बांग्लादेश और ग्वाटेमाला जैसे अनुकूल स्थानों में शिफ्ट करने पर विचार कर रही है.कंपनी को इन देशों में स्थित अपने परिचालनों के लिए अमेरिकी ग्राहकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है.अफ्रीका में भी बढ़ रही दिलचस्पीटेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर की अन्य कंपनियां भी अफ्रीका में उत्पादन केंद्रों की ओर ध्यान दे रही हैं. उनका मानना है कि अफ्रीका में मैन्युफैक्चरिंग सुविधाएं अमेरिकी बाजार के लिए लागत और टैरिफ दोनों दृष्टिकोण से बेहतर विकल्प प्रदान कर सकती हैं.पर्ल ग्लोबल पहले से भारत, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया और ग्वाटेमाला में प्रोडक्शन करती है और चिकोस, कोहल्स, ओल्ड नेवी, पोलिगोनो, प्राइमार्क, पीवीएच, राल्फ लॉरेन, स्टाइलम और टारगेट जैसे ब्रांड्स को सप्लाई देती है.भारत के लिए आगे के अवसरहालांकि अमेरिकी टैरिफ ने भारत के लिए चुनौतियां बढ़ा दी हैं, लेकिन पल्लब बनर्जी का कहना है कि भारत ब्रिटेन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) का फायदा उठा सकता है. इसके अलावा जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य एफटीए बाजारों में अपनी पकड़ मजबूत करके भारत इस संकट को कुछ हद तक संतुलित कर सकता है.टैरिफ मुद्दे के समाधान तक भारत को अपने व्यापारिक साझेदारी नेटवर्क को और मजबूत करना होगा ताकि निर्यात वृद्धि की रफ्तार बनी रहे.

## विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से निकाले 18 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने अगस्त महीने में भारतीय बाजार से करीब 18 हजार करोड़ रुपये निकाल लिए हैं. विदेशी निवेशकों के भारतीय शेयर बाजार में भरोसे की कमी का कारण अमेरिका और भारत के व्यापारिक रिश्तों में तनाव, निराशाजनक कॉर्पोरेट आय और भारतीय रुपये का कमजोर होना है. डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही, 2025 तक शेयरों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा कुल निकासी 1.13 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है. आंकड़ों से पता चलता है कि इस महीने (8 अगस्त तक) एफपीआई ने शेयरों से 17,924 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की. जुलाई में विदेशी निवेशकों ने 17,741 करोड़ रुपये निकाले थे. इससे पहले, मार्च से जून तक के तीन महीनों में एफपीआई ने 38,673 करोड़ रुपये का निवेश किया था.शीर्ष कंपनियों का बाजार मूल्यांकन एक लाख करोड़ रुपये कम हुआदेश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से छह का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1,36,151 करोड़ रुपये घट गया, जिसमें सबसे ज्यादा झटका रिलायंस इंडस्ट्रीज को लगा. शेयर बाजार में मंदी के चलते बाजार मूल्यांकन में कमी आई है. शेयर बाजार में लगातार छठे हफ्ते गिरावट का सिलसिला जारी है. देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस को फायदा हुआ.रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 34,710 करोड़ रुपये घटकर 18,51,174 करोड़ रुपये रह गया.

## जुलाई में वैश्विक खाद्य कीमतें 1.6% बढ़ीं

**नई दिल्ली।** एफएओ के अनुसार जुलाई में वनस्पति तेल मूल्य सूचकांक 7.1% उछलकर 166.8 अंकों पर पहुंच गया, जो पिछले तीन वर्षों का उच्चतम स्तर है. पाम, सोया और सूरजमुखी तेल की बढ़ती कीमतों ने इस उछाल को गति दी. पाम तेल की कीमत लगातार दूसरे महीने बढ़ी, जबकि बायोफ्यूल सेक्टर की मांग ने सोया तेल को महंगा किया. जुलाई 2025 में आम लोगों की थाली एक बार फिर महंगी हो गई. संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में 1.6% की वृद्धि दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण वनस्पति तेल और मांस की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी रही.राहत की बात यह रही कि अनाज, डेयरी और चीनी की कीमतों में गिरावट से बढ़ते दामों का दबाव कुछ हद तक कम हुआ, लेकिन रिपोर्ट चेतावनी देती है कि वैश्विक खाद्य बाजार अब भी अस्थिर है. आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इसका सीधा असर भारत की उपभोक्ता महंगाई (सीपीआई) और घरेलू थाली की लागत पर पड़ सकता है. एफएओ के अनुसार जुलाई में वनस्पति तेल मूल्य सूचकांक 7.1% उछलकर 166.8 अंकों पर पहुंच गया, जो पिछले तीन वर्षों का उच्चतम स्तर है. पाम, सोया और सूरजमुखी तेल की बढ़ती कीमतों ने इस उछाल को गति दी. पाम तेल की कीमत लगातार दूसरे महीने बढ़ी, जबकि बायोफ्यूल सेक्टर की मांग ने सोया तेल को महंगा किया.

## अमेरिका में दिखने लगा ट्रंप के टैरिफ का असर

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया के विभिन्न देशों पर टैरिफ लगाकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं और उनका कहना है कि इससे अमेरिका में अरबों डॉलर आएंगे. हालांकि अमेरिकी आम लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है. दरअसल टैरिफ के चलते अमेरिका में रोजमर्रा की जरूरत वाले सामान और कपड़ों आदि की कीमतों में भारी इजाफा हुआ है. अमेरिका में दिखने लगा टैरिफ का असरसोशल मीडिया इंफ्लुएंशर मर्सिडीज चैंडलर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है. इस वीडियो में उन्होंने बताया कि टैरिफ का असर अमेरिका में दिखना शुरू हो गया है और कपड़ों की कीमतों में उछाल आया है. चैंडलर ने बताया कि पहले जो कपड़े 10 डॉलर में मिल जाते थे, अब उनके लिए अमेरिकी लोगों को 12-13 डॉलर का भुगतान करना पड़ रहा है. कई कपड़ों पर पुराने प्राइस टैग लगे हैं. वहीं कुछ पुराने प्राइस टैग को ढक दिया गया है. एक यूजर ने ट्रंप प्रशासन के फैसले पर सवाल खड़े किए और लिखा कि 'क्या टैरिफ लगाना सही है?

## न्यूज अपडेट

### खरगे नए पदाधिकारियों के लिए कार्यशाला का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे

**मुंबई ।** महाराष्ट्र कांग्रेस इकाई अपने नवनियुक्त पदाधिकारियों के लिए सोमवार से पुणे के निकट एक हिल रिसॉर्ट में दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला आयोजित करेगी. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कार्यशाला का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे. पार्टी ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल सहित वरिष्ठ नेता इस दो दिवसीय कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे. पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार, सतेज पाटिल, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य बालासाहेब थोराट और अन्य वरिष्ठ नेता भी कार्यशाला में भाग लेंगे.

### ठाणे :कल्याण स्टेशन पर 20 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**ठाणे ।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने सामान में छिपाकर रखे गए 5.18 लाख रुपये मूल्य के 20 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है. जीआरपी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय खेडेकर ने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस की एक टीम को गश्त के दौरान शुक्रवार शाम कल्याण में भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस से उतरने के बाद दो व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं. दोनों को रोका गया और उनकी जांच के दौरान पुलिस को उनके सामान में 20.685 किलोग्राम गांजा मिला. ठाणे के मुंब्रा निवासी अकमल खान मोहम्मद यामीन खान (30) और आबिद मजीद शेख (23) को गिरफ्तार कर लिया गया. और उन पर एनडीपीएस अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया.

### कबूतरों को दाना डालने पर मुंबई में एफआईआर दर्ज, नोटिस जारी किया

**मुंबई ।** मुंबई के दादर इलाके में शनिवार को एक व्यक्ति पर अपनी कार की छत पर रखी अनाज से भरी ट्रे से कबूतरों को दाना डालने के आरोप में केस दर्ज किया गया है. शिवाजी पार्क पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि कार भी जब्त कर ली गई है. अधिकारी ने बताया कि लालबाग निवासी महेंद्र संकलेचा पर भारतीय न्याय संहिता के तहत सार्वजनिक उपद्रव, लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा और जीवन के लिए खतरनाक बीमारी का संक्रमण फैलाने की संभावना वाले लापरवाही भरे कृत्य के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. उन्हें नोटिस भी जारी किया गया है.

### कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पांचवां दल गूंजी के लिए रवाना

**पिथौरागढ़ ।** कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पांचवां और अंतिम दल रविवार सुबह गूंजी के लिए रवाना हुआ. 50 सदस्यीय दल में 37 पुरुष और 13 महिला यात्री शामिल हैं. कैलाश मानसरोवर जाने वाला यात्रियों का यह जत्था शनिवार रात्रि साढ़े 10 बजे पिथौरागढ़ पहुंचा. दल ने केएमवीएन पिथौरागढ़ में रात्रि विश्राम किया और रविवार प्रातः साढ़े 7 बजे गूंजी के लिए प्रस्थान किया. आज यह दल गूंजी पहुंच जाएगा. दल के साथ लाइजनिंग अधिकारी मनु महाराज और ओम प्रकाश यात्रा संचालन व समन्वय का दायित्व निभा रहे हैं. स्वाला (चम्पावत) में शनिवार को सड़क अवरुद्ध होने से यह दल निर्धारित समय से विलंबित होकर पहुंचा.

### जनकपुरधाम में ट्रेन की चपेट में आई कार, तीन घायल, रेल सेवा बाधित

**काठमांडू ।** नेपाल और भारत के बीच चलने वाली एक मात्र ट्रेन के जनकपुर-जयनगर रेलवे ट्रैक पर रविवार सुबह एक कार से टकराने के बाद से इस रूट पर रेल सेवा बाधित हो गया है. कार सवार तीन लोगों को मामूली चोटें आईं, लेकिन कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. रेलवे लाइन से कार हटाकर यातायात शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं. जिला पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता डीएसपी बरुण बहादुर सिंह ने बताया कि जयनगर से निकलकर सुबह साढ़े आठ बजे नेपाल के सीमावर्ती महोत्तरी के पिपराढ़ी स्टेशन से जनकपुरधाम की ओर आ रही नेपाल रेलवे की ट्रेन ब्रह्मपुरी स्थित थापा चौक के पास एक क्रॉसिंग क्षेत्र में आज सुबह कार की टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में कार सवार तीन लोगों को मामूल चोट आई है.

### सीबीआई ने साइबर ठग गिरोह का किया भंडाफोड़, पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को नासिक के इगतपुरी में चल रहे एक बड़े साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है. सबीआई ने गिरोह से जुड़े 5 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है. छामेमारी के दौरान ठगी में इस्तेमाल होने वाले कई सामान और नकदी भी बरामद की गयी है. सीबीआई ने जिस ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है, वह रेनफॉरेस्ट रिज़ॉर्ट में किराए के एक परिसर से अवैध कॉल सेंटर चला रहा था, जहां से अमेरिका, कनाडा और अन्य देशों के लोगों को फोन कर ठगा जाता था. आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर खुद को अमेज़न सपोर्ट सर्विसेज का कर्मचारी बताकर फिशिंग और झूठी कॉल्स के जरिए विदेशी नागरिकों से पैसों की ठगी की है.




एजेंसी । श्रीहरिकोटा

भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत 1963 में अमेरिका से मिले एक छोटे रॉकेट से हुई थी, लेकिन अब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अमेरिकी संचार उपग्रह को अपने रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है. इसरो के चेयरमैन और अंतरिक्ष विभाग के सचिव वी. नारायणन ने रविवार को कहा कि अगले कुछ महीनों में 6,500 किलो वजनी अमेरिकी संचार उपग्रह को भारत से लॉन्च किया जाएगा. नारायणन ने यह घोषणा चेन्नई के पास कट्टनकुलथुर में एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के 21वें दीक्षांत समारोह में की. उन्होंने कहा कि 30 जुलाई को भारत ने नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर राडार (निसार) मिशन को जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट से सफलतापूर्वक लॉन्च किया था. यह दुनिया का सबसे महंगा उपग्रह है, जिसमें अमेरिका का एल-बैंड एसएआर और भारत का एस-बैंड पेलोड शामिल था.

**50 साल में अद्भुत सफर :** नारायणन ने बताया कि 1963 में जब इसरो की स्थापना हुई, तब भारत छह-सात साल तकनीकी रूप से विकसित देशों से पीछे था. उसी साल अमेरिका ने भारत को एक छोटा रॉकेट दान किया, जिससे अंतरिक्ष कार्यक्रम की नींव रखी गई.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन

# तीन नई वंदे भारत ट्रेनों और मेट्रो ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी । बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर नई बेंगलुरु-बेलगाम 'वंदे भारत' ट्रेन सहित तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई. प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु मेट्रो की येलो लाइन की मेट्रो को भी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया. प्रधानमंत्री ने ट्रेन और मेट्रो से यात्रा करने वाले छात्रों से बातचीत भी की. प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार सुबह ने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर तीन लंबी दूर की वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. प्रधानमंत्री ने इनमें बेंगलुरु–बेलगावी वंदे भारत एक्सप्रेस को स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जबकि श्री माता वैष्णो देवी कटरा–अमृतसर और अजनी (नागपुर)–पुणे वंदे भारत सेवाओं को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. प्रधानमंत्री ने वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद ट्रेन में यात्रा कर रहे छात्रों से बातचीत की.

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी केएसआर रेलवे स्टेशन से सड़क मार्ग से रागीगुड्डा मेट्रो स्टेशन पहुंचे और मेट्रो स्टेशन पर क्यूआर कोड स्कैन कर अपना टिकट लिया. प्रधानमंत्री मोदी ने बैंगलोर मेट्रो फेज़-2 परियोजना के तहत आरवी रोड (रागीगुड्डा) से बोम्मासंद्रा तक येलो लाइन मेट्रो का उद्घाटन किया. इसके बाद 19.15 किलोमीटर लंबे, 16 स्टेशनों और 5,056.99 करोड़ रुपये की लागत वाले इस रूट पर प्रधानमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी स्टेशन तक यात्रा की. इस यात्रा के दौरान मोदी ने मेट्रो में यात्रा कर रहे छात्रों से बातचीत भी की. मेट्रो में सफर के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने साथ कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद थे. रागीगुड्डा मेट्रो स्टेशन पर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री को पीले रंग की लाइन के मेट्रो स्टेशन के बारे में जानकारी दी. इससे पहले सड़क मार्ग से रागीगुड्डा मेट्रो स्टेशन तक जाने वाले रास्ते में प्रधानमंत्री के वाहन पर जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया. प्रधानमंत्री मादी के कार्यक्रम में राज्यपाल थावर चंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, केंद्रीय मंत्री और सांसद शामिल हुए.



#### पीएम ने महाराष्ट्र को दी 12वीं वंदे भारत ट्रेन, नागपुर-पुणे रूट पर दौड़ी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें अजनी (नागपुर)—पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस भी है. इस नई रेल सेवा के शुभारंभ के साथ ही महाराष्ट्र को उसकी 12वीं वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिल गई. नागपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या आठ पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी विशेष रूप से उपस्थित रहे. उद्घाटन अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने ढोल–नगाड़ों के साथ खुशी जाहिर की. ट्रेन में यात्रा कर रहे स्कूली बच्चों और बुजुर्गों ने देशभक्ति गीतों से वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया.

### देश में एशियाई शेरों की संख्या बढ़ी, पांच साल में 32 प्रतिशत बढ़ गए

एजेंसी । नयी दिल्ली

भारत में एशियाई शेरों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है. सरकार ने रविवार को विश्व शेर दिवस पर 16वीं शेर जनसंख्या रिपोर्ट जारी की. इस रिपोर्ट में बताया गया है कि बीते पांच वर्षों में देश में एशियाई शेरों की संख्या में 32 प्रतिशत की तेजी आई है. जिसके बाद देश में एशियाई शेरों की संख्या बढ़कर 891 हो गई है. रिपोर्ट के अनुसार, बारदा वाइल्डलाइफ सेंचुरी, जेतपुर और आसपास के इलाकों में, बाबरा जसदान और आसपास के इलाकों समेत कुल नौ स्थानों पर एशियाई शेरों की संख्या 497 पाई गई है. वहीं पहली बार कॉरिडोर इलाके में 22 एशियाई शेर पाए गए हैं. सैटेलाइट की मदद से यह गिनती की गई है. केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'भारत को एशियाई शेरों का घर होने में बेहद गर्व है. बीते कुछ वर्षों में देश में शेरों की संख्या में इजाफा हुआ है. साल 2015 में जहां 523 शेर थे, वहीं 2025 में इनकी संख्या बढ़कर 891 हो गई है. हमें इस मामले में जबरदस्त सफलता मिली है. वर्ल्ड लायन डे पर हम अपने शेरों को बचाने का प्रण लेते हैं.'

**अमरेली में सबसे ज्यादा शेर :** बीते एक दशक में देश में शेरों की संख्या 70 प्रतिशत बढ़ी है. गुजरात के अमरेली में अभी सबसे एशियाई शेर हैं, जिनमें करीब 82 व्यस्क नर और 117 व्यस्क मादा शेर और 79 शावक शामिल हैं. मितियाला वाइल्डलाइफ सेंचुरी में शेरों की संख्या में सबसे ज्यादा तेजी आई है.

### सीजेआई बीआर गवई बोले

## जनता के दरवाजे तक पहुंचे न्याय सत्ता के गलियारों तक सीमित न रहे

एजेंसी । नयी दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई ने रविवार को कहा कि न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का अस्तित्व केवल जनता की सेवा और तेज व सस्ती न्याय व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए है. गौहाटी हाईकोर्ट की इटानगर स्थायी पीठ की नई इमारत के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा विकेंद्रीकरण का समर्थक रहा हूं. न्याय लोगों के दरवाजे तक पहुंचना चाहिए. न अदालतें, न न्यायपालिका, न विधायिका - किसी शाही वर्ग या अधिकारियों के लिए हैं, हम सब जनता को न्याय देने के लिए हैं.'

**अरुणाचल प्रदेश की 'विविधता में एकता' की सराहना :** सीजेआई बीआर गवई ने अरुणाचल प्रदेश की 'विविधता में एकता' की सराहना करते हुए कहा कि यहां 26 प्रमुख जनजातियां और 100 से अधिक उप-जनजातियां हैं, और राज्य सरकार ने सभी की संस्कृति-संरक्षण के लिए प्रयास किए हैं. उन्होंने कहा, 'देश को आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन अपनी संस्कृति और परंपराओं की कीमत पर नहीं.'

**भारत हम सबका घर है :** मणिपुर के राहत शिविरों के अपने हालिया दौरे का जिक्र करते हुए सीजेआई ने कहा कि एक महिला ने उनसे कहा, 'आप अपने घर में स्वागत हैं.' उन्होंने कहा, 'भारत हम सबका घर है.' डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का हवाला देते हुए गवई ने कहा, 'हर धर्म का अपना ग्रंथ होता है, लेकिन हर भारतीय के लिए संविधान ही सबसे बड़ा ग्रंथ है. हमारी पहली निष्ठा संविधान के प्रति होनी चाहिए.' उन्होंने यह भी दोहराया कि केवल राजनीतिक समानता, आर्थिक और सामाजिक समानता के बिना अधूरी है. वहीं केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि नया न्यायालय परिसर कोई साधारण इमारत नहीं, बल्कि न्याय का मंदिर है.' उन्होंने आगे कहा कि 1 जुलाई, 2024 एक ऐतिहासिक कदम था जब सरकार ने लोगों की बेहतर सेवा के लिए पुराने ब्रिटिशकालीन कानूनों को भारतीय न्याय संहिता से बदल दिया. इस मौके पर गौहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अशुतोष कुमार ने कहा, 'जैसे अरुणाचल में देश का पहला सूर्योदय होता है, वैसे ही यहां न्याय भी सबसे पहले और बिना देरी के पहुंचे.

### सीबीआई ने मानव तस्करी से बचाया

## शादी के लिए राजस्थान में बेच दी गई थी बंगाल की लड़की

एजेंसी । कोलकाता

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले से लापता हुई एक नाबालिग लड़की को राजस्थान के पाली जिले से बरामद किया है. यह लड़की अगस्त 2023 से लापता थी. मामले में सीबीआई ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है और मानव तस्करी के बड़े नेटवर्क की आशंका जताई है. सीबीआई के अनुसार, यह नाबालिग 9 अगस्त 2023 को ट्यूशन के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी. शुरू में जांच स्थानीय पुलिस और फिर पश्चिम बंगाल सीआईडी ने की. बाद में पीड़िता की मां की याचिका पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 8 फरवरी 2024 को मामला सीबीआई की स्पेशल क्राइम ब्रांच को सौंप दिया. सीबीआई ने 16 फरवरी 2024 को मामला दर्ज




किया. जांच के दौरान मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य सूचनाओं के आधार पर सीबीआई को पता चला कि लड़की को राजस्थान के पाली जिले में भेजा गया है. टीम ने वहां छापेमारी कर 8 अगस्त 2025 को लड़की को एक आरोपित के घर से बरामद कर लिया. सीबीआई ने शनिवार सुबह जारी अपने बयान में बताया कि लड़की नाबालिग थी, लेकिन शादी के लिए तैयार किए गए शपथ पत्रों में उसे बालिग दिखाया गया. उसे शादी के लिए दो बार बेचा गया था. एजेंसी को शक है कि यह घटना किसी बड़े मानव तस्करी गिरोह का हिस्सा है.

### ईरान ने प्रस्तावित ' डोनाल्ड ट्रंप कॉरिडोर' रोकने की धमकी दी

**दुबई/मॉस्को ।** ईरान ने शनिवार को चेतावनी दी कि वह कॉकस क्षेत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल से बननेवाले प्रस्तावित परिवहन कॉरिडोर को रोक सकता है. यह कॉरिडोर अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच हुए हालिया क्षेत्रीय समझौते का हिस्सा है, जिसे क्षेत्र में एक रणनीतिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है. ईरान के सर्वोच्च नेता के वरिष्ठ सलाहकार अली अकबर वेलायती ने कहा, यह कॉरिडोर ट्रंप की मिल्कियत नहीं बनेगा, बल्कि ट्रंप के भाड़े के सैनिकों का कब्रिस्तान बनेगा. उन्होंने दावा किया कि उत्तर-पश्चिमी ईरान में हाल ही में हुए सैन्य अभ्यास देश की तैयारी और संकल्प का संकेत हैं. ईरानी विदेश मंत्रालय ने पहले इस समझौते का स्वागत किया था, लेकिन चेतावनी दी थी कि उसकी सीमाओं के पास किसी भी विदेशी हस्तक्षेप से क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को नुकसान हो सकता है. अजरबैजान के राजदूत एलिन सुलेमानोव ने कहा, दुश्मनी का अध्याय खत्म हो चुका है, अब हम स्थायी शांति की ओर बढ़ रहे हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि यह समझौता क्षेत्र की समृद्धि और परिवहन नेटवर्क को बदल देगा. हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अंतिम शांति समझौता तभी होगा जब आर्मेनिया अपने संविधान से नागोर्नो-काराबाख़ पर दावे का उल्लेख हटाएगा. दरअसल, अजरबैजान और आर्मेनिया के नेताओं ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में ट्रंप की मौजूदगी में एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे. 'ट्रंप रूट फॉर इंटरनेशनल पीस एंड प्रॉस्पेरिटी' (ट्रीप) नामक यह कॉरिडोर दक्षिणी आर्मेनिया से गुजरेगा, जिससे अजरबैजान को सीधे अपने नाख़िचेवन एक्सक्लेव और वहां से तुर्की तक पहुंच मिलेगी.

## आईआईटी रुड़की ने घातक एंटीबायोटिक प्रतिरोध से लड़ने के लिए दवा खोजी

एजेंसी । हरिद्वार

आईआईटी रुड़की ने घातक एंटीबायोटिक प्रतिरोध से लड़ने के लिए दवा की खोज की है. संस्थान के शोधकर्ताओं ने एक नई दवा कंपाउंड 3बी, विकसित की है जो दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया के खिलाफ शक्तिशाली एंटीबायोटिक की प्रभावशीलता को बहाल कर सकती है. जैव अभियांत्रिकी विभाग की प्रोफेसर रंजना पठानिया के नेतृत्व में, आईआईटी रुड़की के डॉ. मंगल सिंह व परवेज़ बख्त तथा नॉर्वेजियन प्रोफेसर एनेट बायर व उनकी टीम ने एक नया अणु तैयार किया है, जो एंटीबायोटिक मेरोपेनम के साथ मिलकर क्लेबसिएला न्यूमोनिया जनित संक्रमण का इलाज करता है. क्लेबसिएला न्यूमोनिया एक सुपरबग है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के शीर्ष प्राथमिकता वाले खतरों में सूचीबद्ध किया गया है.



प्रमुख अन्वेषक प्रोफेसर रंजना पठानिया ने कहा कि यह सफलता दुनिया की प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक, रोगाणुरोधी प्रतिरोध के लिए एक विश्वसनीय समाधान प्रदान करती है. खोजा गया अणु -लैक्टामेज़ जीवाणु एंजाइमों को जीवन रक्षक एंटीबायोटिक दवाओं को विघटित करने से रोकता है. यौगिक 3b अत्यधिक विशिष्ट तथा मानव कोशिकाओं के लिए सुरक्षित है. परीक्षण के दौरान इससे फेफड़ों में जीवाणु संक्रमण उल्लेखनीय रूप से कम हुआ है. आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. केके पंत ने कहा कि बढ़ते एंटीबायोटिक प्रतिरोध के मद्देनजर, इस तरह के शोध प्रभावी और सुलभ उपचारों के लिए आशा प्रदान करते हैं. यह शोध प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ मेडिसिनल केमिस्ट्री में प्रकाशित हुआ है और उम्मीद है कि यह सुपरबग्स पर लक्षित भविष्य की दवा विकास गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देगा.

### नौसेना

### दो जहाजों का एक साथ नौसेना में शामिल होना भारत के तेजी से बढ़ते नौसैनिक आधुनिकीकरण का प्रत्यक्ष प्रमाण

# 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' 26 को समुद्री बेड़े में शामिल होंगे

एजेंसी । नई दिल्ली

अग्रिम पंक्ति के स्टील्थ फ्रिगेट 'उदयगिरि' और 'हिमगिरि' को भारतीय नौसेना अपने समुद्री बेड़े में शामिल करने के लिए तैयार है. यह पहली बार होगा जब दो प्रतिष्ठित भारतीय शिपयार्डों के दो प्रमुख सतही लड़ाकू जहाजों को एक ही समय में 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में नौसेना में शामिल किया जाएगा. दो जहाजों का एक साथ नौसेना में शामिल होना भारत के तेजी से बढ़ते नौसैनिक आधुनिकीकरण और विभिन्न शिपयार्डों से अत्याधुनिक युद्धपोतों की आपूर्ति करने का प्रत्यक्ष प्रमाण है.

प्रोजेक्ट 17ए के तहत स्टील्थ फ्रिगेट्स का दूसरा जहाज 'उदयगिरि' मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने निर्मित किया है, जबकि 'हिमगिरि' कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में निर्मित इसी प्रोजेक्ट का पहला जहाज है. भारतीय नौसेना के लिए एक और बड़ी उपलब्धि यह है कि उदयगिरि नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो में डिजाइन किया गया 100वां जहाज है. डिजाइन के लिहाज से देखा जाए तो उदयगिरि और हिमगिरि अगली पीढ़ी के जहाज हैं. लगभग 6,700 टन विस्थापन वाले प्रोजेक्ट 17ए के यह फ्रिगेट अपने पूर्ववर्ती शिवालिक-श्रेणी के फ्रिगेट से लगभग पांच प्रतिशत बड़े हैं. फिर भी इनका आकार अधिक सुडौल है और इनका रडार क्रॉस सेक्शन कम है. नौसेना के मुताबिक इन्हें डीजल इंजन और गैस टर्बाइनों का उपयोग करते हुए संयुक्त डीजल या गैस प्रणोदन संयंत्रों से संचालित किया जाता है, जो नियंत्रणीय-पिच प्रोपेलर चलाते हैं और एक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से प्रबंधित होते हैं. हथियार सूट में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 76 मिमी एमआर गन और 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन हथियार प्रणालियों और पनडुब्बी रोधी/पानी के नीचे की हथियार प्रणालियों का संयोजन शामिल है. दोनों जहाजों के निर्माण में 200 से अधिक एमएसएमई का सहयोग रहा है. इनसे लगभग 4,000 प्रत्यक्ष नौकरियों और 10 हजार से अधिक अप्रत्यक्ष नौकरियों का मौका मिला है.



#### आत्मनिर्भरता का एक गौरवशाली प्रमाण

उदयगिरि और हिमगिरि का जलावतरण जहाजों के डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. इसके बाद अन्य स्वदेशी जहाजों, जैसे विध्वंसक आईएनएस सूरत, फ्रिगेट आईएनएस नीलगिरि, पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर, पनडुब्बी आईएनएस अर्णाला और गोताखोरी सहायता पोत आईएनएस निस्तार का जलावतरण 2025 में ही होगा. कठोर समुद्री परीक्षणों के दौरान फ्रिगेट्स के पतवार, मशीनरी, अग्निशमन, क्षति नियंत्रण, नौवहन और संचार प्रणालियों ने पुष्टि की है कि वे परिचालन तैनाती के लिए तैयार हैं. विशाखापत्तनम में होने वाला समारोह आत्मनिर्भर समुद्री रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र की ओर भारत की यात्रा का उत्सव होगा.

### अमेरिका शिखर सम्मेलन से पहले पहल

## लूला और पुतिन ने यूक्रेन शांति प्रयासों पर की चर्चा

एजेंसी । ब्रासीलिया

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को लगभग 40 मिनट तक बातचीत की, जिसमें पुतिन ने अमेरिका के साथ अपनी हालिया वार्ताओं और रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे शांति प्रयासों की जानकारी साझा की. ब्राजीलियाई राष्ट्रपति भवन के अनुसार, दोनों नेताओं ने उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संगठन ब्रिक्स में सहयोग और मौजूदा अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक एवं आर्थिक हालात पर भी चर्चा की. पुतिन और लूला के बीच यह संवाद उन लगातार हो रही अंतरराष्ट्रीय बातचीतों का हिस्सा है, जिन्हें पुतिन अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से संभावित मुलाकात से पहले अंजाम दे रहे हैं. बीते दिन पुतिन ने चीन, भारत सहित ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों और मध्य एशिया व यूरोप के कई राष्ट्राध्यक्षों से भी संपर्क किया था, ताकि अमेरिका के साथ अपनी बातचीत और यूक्रेन युद्ध पर विचार-विमर्श की जानकारी दे सकें. ब्राजील और अमेरिका के बीच हाल के दिनों में तनाव बढ़ा है. ट्रंप प्रशासन ने ब्राजीलियाई वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगाया है, जिसे ट्रंप ने अपने सहयोगी और ब्राजील के पूर्व दक्षिणपंथी राष्ट्रपति जाइर बोल्सोनारो के खिलाफ कथित “राजनीतिक साजिश” से जोड़ा था.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.